RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित



# हमारा महानगर

नवरात्रि के चौथे दिन
मां कूष्मांडा की पूजा पेज-8

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 250 ■ मुंबई, बुधवार 2 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



अमित शाह के दौरे से बजा सियासी बिगुल पेज-4



शाह से मिले सपा के बागी अभय सिंह समेत तीन विधायक पेज-6



आमने सामने होंगे गुजरात-बेंगलुरु पेज-9



3 दिन में ही सिमट गया सिकंदर का साम्राज्य पेज-10

# लोकसभा में आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पेश किया जाएगा। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधेयक पर 8 घंटे की चर्चा का समय निर्धारित किया है, जिसके बाद इसे सदन में पारित किया जाएगा। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक के दौरान विपक्ष ने इस विधेयक पर चर्चा के लिए 12 घंटे की मांग की थी, लेकिन संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। समाजवादी पार्टी (SP) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधेयक का विरोध करने का ऐलान किया है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि "वक्फ में सुधार समय की मांग है" और इस विधेयक का स्वागत किया। सरकार जेडीयू और टीडीपी पर निर्भर है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस विधेयक को लेकर किस दल का क्या रुख रहेगा। अब तक चिराग पासवान की पार्टी लोजपा-आर ने खुलकर समर्थन नहीं किया है, लेकिन विपक्ष को मुसलमानों को डराने से बचने की नसीहत दी है। इसी तरह जेडीयू का स्टैंड भी क्लियर नहीं है। ललन सिंह ने कहा कि हम लोकसभा में ही अपना रुख स्पष्ट करेंगे। इसके चलते सस्पेंस भी बढ़ गया है कि आखिर क्या होगा। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दावा किया है कि सरकार को अपने सहयोगी दलों के अलावा विपक्ष के भी कुछ सांसदों का समर्थन हासिल है। लोकसभा में पहले भी इस मुद्दे पर काफी हंगामा देखने को मिला. प्रश्नकाल समाप्त होते ही विपक्षी दलों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

## चर्चा को लेकर सरकार और विपक्ष में बढ़ा टकराव



## जेडीयू भी करेगी बिल का समर्थन




जेडीयू के भी सुझाव शामिल कर लिए गए हैं और जेडीयू ने भी बिल का समर्थन करने का फैसला किया है। जेडीयू ने भी अपने सांसदों को व्हिप जारी कर सदन में मौजूद रहने को कहा है। इससे पहले जेडीयू नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड वक्फ संशोधन विधेयक पर अपना रुख संसद में स्पष्ट करेगा। इससे संशय गहरा गया था। हालांकि, अब पटना में जेडीयू की बैठक का बाद स्थिति साफ हो गई है। मंगलवार को ही भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ललन सिंह और संजय झा ने वक्फ बिल पर काफी देर तक मंथन किया था। जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने वक्फ विधेयक पर रुख स्पष्ट करने की कांग्रेस की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नीतीश कुमार और जेडीयू को धर्मनिरपेक्षता पर कांग्रेस के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है।

## 'हर अच्छे काम का विरोध होता है'



योगी आदित्यनाथ ने कहा, "हर अच्छे काम का विरोध होता है। जो लोग वक्फ संशोधन विधेयक पर विरोध कर रहे हैं, उनसे मैं पूछना चाहता हूं कि वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों के कल्याण के लिए क्या किया है? वक्फ बोर्ड को सरकारी संपत्तियों पर कब्जे का माध्यम नहीं बनने दिया जा सकता।"

## विपक्ष ने किया बैठक से वॉकआउट

विपक्ष ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। सरकार की ओर से पहले चार से छह घंटे चर्चा का प्रस्ताव रखा गया था। विपक्षी दलों के नेता वक्फ बिल पर कम से कम 12 घंटे चर्चा की मांग कर रहे थे। सरकार की ओर से दो ही दिन का समय बचा होने की बात कहते हुए दो दिन तक चर्चा जारी रखने में असमर्थता जता दी। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। बाद में आठ घंटे चर्चा की बात पर सहमति बनी और सरकार की ओर से ये भी कहा गया कि चर्चा का समय और बढ़ाया भी जा सकता है।

## चर्चा के लिए 8 घंटे का वक्त

लोकसभा अध्यक्ष ने चर्चा के लिए आठ घंटे निर्धारित किए हैं और सदन की भावना के अनुरूप इस अवधि को बढ़ाया जा सकता है। रीजिजू ने इस बात पर हैरानी जताई कि विपक्ष ने बीएसी की बैठक से वॉकआउट क्यों किया? रीजिजू ने कहा कि वह बुधवार को 12 बजे निचले सदन में प्रश्नकाल समाप्त होते ही विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखेंगे। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि कुछ दल चर्चा से बचने के लिए बहाने बना रहे हैं।

### वक्फ बिल पर वोटिंग के लिए भाजपा ने जारी की व्हिप

लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर वोटिंग होनी है। इसके लिए भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने कमर कस ली है। यहां तक कि भाजपा ने मंगलवार को ही व्हिप जारी कर दी है और अपने सभी सांसदों से लोकसभा में मौजूद रहने को कहा है।

## वक्फ बिल के पक्ष में वोट करेगी TDP

वक्फ (संशोधन) विधेयक में तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) द्वारा सुझाए गए तीनों संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया है। इसके साथ ही टीडीपी ने विधेयक को पूरा समर्थन देने का निर्णय लिया है। आज लोकसभा में पार्टी बिल के समर्थन में मतदान करेगी। इसी के साथ जेडीयू के प्रस्तावों को भी स्वीकार कर लिया गया है। लिहाजा अब माना जा रहा है कि नीतीश कुमार की पार्टी भी लोकसभा में बिल का समर्थन कर सकती है। टीडीपी ने 'वक्फ बाय यूजर' से संबंधित प्रावधान में संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसके अनुसार 'जो भी वक्फ



बाय यूजर संपत्तियां वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के लागू होने से पहले पंजीकृत हो चुकी हैं, वे वक्फ संपत्तियां बनी रहेंगी, जब तक कि संपत्ति विवादित न हो या सरकारी संपत्ति न हो।' इस संशोधन को विधेयक में शामिल कर लिया गया है।

## Short News एक नजर

### केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले मिला खतरनाक वायरस

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले एक टेंशन भरी खबर सामने आई है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले घोड़े और खच्चरों में एक्वाईन इन्फ्लुएंजा वायरस मिला है। यात्रा रूट पर 12 अश्ववंशीय पशुओं में वायरस मिलने के बाद धामी सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मंगलवार को सचिवालय में बैठक आयोजित कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले और यात्रा के दौरान घोड़े-खच्चरों की वायरस को लेकर ठीक ढंग से स्क्रीनिंग पर फोकस करने को कहा गया है।

### गैस सिलेंडर फटने से 7 की मौत

**दक्षिण परगना।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में गैस सिलेंडर फटने से सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। इसकी चपेट में आने से 4 बच्चों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हादसा पाथर प्रतिमा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बच्चे, 2 महिलाएं और एक आदमी शामिल है। एक महिला भी घायल हुई है। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि धमाके की तेज आवाज सुनाई दी थी, जिसके बाद आग लग गई। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि पाथर प्रतिमा ब्लॉक के धोलाघाट गांव में रात करीब 9 बजे विस्फोट हुआ। सुंदरबन पुलिस जिले के एसपी कोटेश्वर राव ने बताया, 'सभी शव बरामद कर लिए गए हैं।

### बजिंदर सिंह को रेप केस में उम्रकैद

**नई दिल्ली।** बजिंदर सिंह पर अंधविश्वास को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं। वह चमत्कार के जरिए गंभीर बीमारियों को ठीक करने और सटीक भविष्यवाणी करने का दावा करता है। उसके यूट्यूब चैनल पर 37 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा में रहने वाले स्वंयभू पादरी बजिंदर सिंह को बलात्कार के मामले में उम्रकैद की सजा सुनायी गयी है। मोहाली की एक स्थानीय अदालत ने 28 मार्च को सिंह को बलात्कार का दोषी पाया था।

## बनासकांठा की पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 18 की मौत

**महानगर नेटवर्क**
**बनासकांठा**

गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग हादसे में 18 श्रमिकों की मौत हो गई है। हादसे में मृतक श्रमिकों में सभी मध्य प्रदेश के मजदूर बताए जा रहे हैं। इसमें हरदा जिले के हंडिया के रहने वाले आठ और छह देवास के मजूदरों की पहचान हुई है। मृतकों में बाकी छह लोगों की अभी पहचान होना बाकी है। हरदा जिला प्रशासन ने एडीएम के नेतृत्व में एक टीम गठित की है। इसके लिए प्रशासन और पुलिस की एक टीम को हरदा से बनासकांठा रवाना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मध्य प्रदेश



निवासी श्रमिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का गुजरात सरकार से घटना के संबंध में लगातार संपर्क बना हुआ है। श्रमिकों की सहायता और परिवारों की मदद के लिए सभी आवश्यक प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से असमय दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। बता दें मंगलवार को बनासकांठा जिले के डीसा औद्योगिक क्षेत्र में पटाखा बनाने की फैक्ट्री में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। यहां सिलसिलेवार विस्फोट होने से फैक्ट्री के कुछ हिस्से ढह जाने से अंदर कुछ श्रमिक फंस गए।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जताया दु:ख

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट को दुखद बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस घटना में मध्य प्रदेश के कई मजदूर शामिल थे, जो दो दिन पहले ही रोजगार की तलाश में वहां पहुंचे थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। उमंग सिंघार ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि रोज रोजगार का दावा करने वाली सरकार इतनी अक्षम हो चुकी है कि मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है, जहां उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। उन्होंने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की और लापरवाही के दोषियों को सजा दिलाने की आवश्यकता जताई।

## GST कलेक्शन में बंपर उछाल

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन के मोर्चे पर अच्छी खबर है। मार्च महीने में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 9.9 प्रतिशत बढ़ गया और यह 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह जानकारी मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में दी गई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का घरेलू लेनदेन से रेवेन्यू 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि इम्पोर्टेड गुड्स से रेवेन्यू 13.56 प्रतिशत बढ़कर 46,919 करोड़ रुपये रहा। मार्च के दौरान कुल 'रिफंड' 41 प्रतिशत बढ़ गया और यह 19,615 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजित करने के बाद मार्च, 2025 में नेट जीएसटी रेवेन्यू

### मार्च महीने में सरकार के खजाने में आए 1.96 लाख करोड़




1.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो एक साल पहले इसी महीने की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है।

### फरवरी में 183,646 करोड़ रुपये था कलेक्शन

आपको बता दें कि इससे पहले फरवरी महीने में घरेलू सोर्सेज से टैक्स कलेक्शन में डबल अंकों की बढ़ोतरी के कारण वस्तु एवं सेवा टैक्स कलेक्शन 9.1% बढ़कर 183,646 करोड़ रुपये हो गया था। जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। इसमें पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12.3% की बढ़ोतरी देखी गई थी। दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.77 लाख करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 7.3% बढ़ोतरी दिखाता है। यह नवंबर में दर्ज 8.5% की बढ़ोतरी से धीमा था, जिसका कारण त्योहार के बाद खपत में कमी थी। बजट में सरकार ने वर्ष के लिए जीएसटी रेवेन्यू में 11% की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जिसमें केंद्रीय जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर सहित 11.78 लाख करोड़ रुपये का कलेक्शन होने का अनुमान है।

## नक्सलवाद पर अमित शाह का एक और ऐलान

अब 6 जिलों में ही बचा है नक्सलवाद ■ 10 सालों में 29 जिले मुक्त



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

होम मिनिस्टर अमित शाह ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने मंगलवार को बताया कि देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 6 ही रह गई है। पहले यह आंकड़ा 12 का था, लेकिन बीते कुछ महीनों में जिस तरह से नक्सलवाद के खिलाफ सरकार ने अभियान छेड़ा है, उससे राहत मिली है। अब देश के 6 जिले ही नक्सल प्रभावित बचे हैं। अमित शाह ने एक बार फिर से संकल्प दोहराया है कि 31 मार्च 2026 तक देश पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाएगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बना रही है। हम विकास के रास्ते पर बढ़ रहे हैं और तेजी से देश नक्सलमुक्त हो रहा है। 31 मार्च, 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जिनपिंग ने भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ

**महानगर नेटवर्क**
**बीजिंग**

चीन ने एक बार फिर भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कहा कि चीन और भारत को और अधिक निकटता से मिलकर काम करना चाहिए। दोनों देशों रिश्ते को ड्रैगन-हाथी टैंगो का रूप लेना चाहिए। यह हमारे प्रतीकात्मक जानवरों के बीच नृत्य है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चीन-भारत के राजनयिक संबंधों की शुरुआत की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश में चीनी राष्ट्रपति ने यह बात कही। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने भी चीनी राष्ट्रपति को बधाई दी।

जिनपिंग ने कहा कि पड़ोसियों को शांतिपूर्ण ढंग से सह-अस्तित्व के तरीके ढूंढ़ने चाहिए। वह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मामलों में संचार और

### कहा- ड्रैगन-हाथी टैंगो के रूप में मजबूत हों रिश्ते



समन्वय को बढ़ाने, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति शी ने मुर्मू को भेजे अपने संदेश में कहा कि चीन और भारत दोनों प्राचीन सभ्यताएं, प्रमुख विकासशील देश और वैश्विक दक्षिण के महत्वपूर्ण सदस्य अपने-अपने आधुनिकीकरण प्रयासों के महत्वपूर्ण चरण में हैं। चीन-भारत संबंधों का विकास दर्शाता है कि चीन और भारत के लिए पारस्परिक उपलब्धि के भागीदार बनना और 'ड्रैगन हाथी टैंगो' को साकार करना सही विकल्प है, जो दोनों देशों और उनके लोगों के मौलिक हितों की पूरी तरह से रक्षा करता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्थिर, पूर्वानुमानित और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध से दोनों देशों और विश्व को लाभ होगा। चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग और पीएम मोदी ने भी बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों का ऐतिहासिक क्रम दर्शाता है कि एक-दूसरे की सफलता में योगदान देने वाले साझेदार बनना तथा 'ड्रैगन और हाथी' का नृत्य दोनों पक्षों के लिए सही विकल्प है।

## टाइगर मेमन की संपत्तियों पर होगा सरकार का कब्जा

### मुंबई धमाकों के मास्टरमाइंड के पास क्या-क्या



**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने आदेश दिया कि महानगर में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के कथित मुख्य साजिशकर्ता में से एक टाइगर मेमन तथा उसके परिवार की 14 संपत्तियां केंद्र सरकार को सौंपी जाएंगी। आतंकवादी और विध्वंसकारी गतिविधियां अधिनियम-1987 अदालत के आदेश के बाद ये संपत्तियां 1994 से बंबई उच्च न्यायालय के 'रिसीवर' के कब्जे में थीं। मेमन की 14 संपत्तियों में बांद्रा की एक इमारत में एक फ्लैट, माहिम में एक कार्यालय परिसर, माहिम में एक भूखंड, सांताक्रूज में एक भूखंड और एक फ्लैट, कुर्ला की एक इमारत में दो फ्लैट, मोहम्मद अली रोड पर एक कार्यालय, डोंगरी में एक दुकान और भूखंड, मनीष मार्केट में तीन दुकानें और मुंबई की शेख मेमन स्ट्रीट पर स्थित एक इमारत शामिल है। मुंबई के विभिन्न हिस्सों में 12 मार्च 1993 को हुए सिलसिलेवार 13 बम धमाकों में 257 लोगों की जान चली गई थी और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। बाद में CBI ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। पिछले सप्ताह 26 मार्च को पारित एक आदेश में विशेष टाडा अदालत के न्यायाधीश वी.डी. केदार ने कहा, 'अचल संपत्तियों का कब्जा केंद्र सरकार को सौंप दिया जाना चाहिए।' आदेश में कहा गया कि केंद्र को सौंपी जाने वाली संपत्तियां 'ऋणभार से मुक्त' हैं और इस तरह 'सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से केंद्र सरकार 14 अचल संपत्तियों पर कब्जा पाने की हकदार है।' तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी ने संपत्तियों को छोड़ने की मांग की थी। याचिका में कहा गया कि उपरोक्त अधिनियम का कार्य विदेशी मुद्रा छलसाधक और मादक पदार्थों के तस्करों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों का पता लगाना और केंद्र सरकार को उन्हें जब्त करने का आदेश देना है। सीबीआई के अनुसार, 1993 के धमाकों की साजिश कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने आईएसआई के इशारे पर अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम ने अपने गुर्गे टाइगर मेमन और मोहम्मद दोसा की मदद से रची थी।

## अब शाम में भी लगेंगी अदालतें?

**महानगर नेटवर्क**
**भुवनेश्वर**

देश भर की जिला अदालतों में लंबित मामलों के भारी बोझ को कम करने के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय देश में 785 सायंकालीन अदालतों के काम करने की योजना बना रहा है। योजना के मुताबिक, मौजूदा अदालत परिसरों में ही शाम के समय ये सायंकालीन अदालतें काम करेंगी। इसके अधीन मामूली आपराध के मामले, मामूली संपत्ति विवाद के मामले और चेक विवाद के मामलों समेत ऐसे संक्षिप्त सुनवाई वाले मामले होंगे जिनमें अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान है। इस संबंध में विधि मंत्रालय ने एक कॉन्सेप्ट नोट तैयार किया है, जिसे पिछले महीने सभी राज्यों को भेजा गया था। इस नोट में कहा गया है कि ऐसे सायंकालीन अदालतों में पिछले तीन

### किस-किस तरह के मामलों की होगी सुनवाई



वर्षों के भीतर रिटायर हुए जिला न्यायाधीशों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त करने का प्रस्ताव है। इस काम के बदले उन्हें देय भत्तों के साथ-साथ उनके अंतिम वेतन का 50% राशि बतौर पारिश्रमिक मिलेगी।

नोट में यह भी कहा गया है कि ऐसी सायंकालीन अदालतें सभी कार्य दिवसों में शाम 5 बजे से रात 9 बजे के बीच काम करेंगी। इससे पहले के समय में नियमित अदालतें अपना काम सुचारू रूप से करेंगी। बाद में उन्हीं अदालतों की सुविधाओं का इस्तेमाल सायंकालीन अदालतों के लिए किया जाएगा। प्रस्तावित योजना के तहत, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीशों और सेवानिवृत्त अदालती कर्मचारियों को तीन साल की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा और उन्हें उनके अंतिम वेतन का 50% और लागू महंगाई भत्ता मिलेगा। यदि अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी नियुक्त किए जाते हैं, तो उन पर भी यही नियम लागू होंगे। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि प्रस्तावित अदालतें तीन साल से अधिक समय से लंबित वैसे छोटे आपराधिक मामलों की सुनवाई कर सकेंगी, जिसमें तीन साल तक के कारावास के दंड का प्रावधान है।

## इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद

## इलाहाबादिया को नहीं मिलेगा पासपोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को झटका देते हुए पासपोर्ट जारी करने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने इलाहाबादिया को अब दो हफ्ते बाद आने को कहा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि अगर पासपोर्ट जारी करने का आदेश दिया जाता है तो इससे जांच प्रभावित हो सकती है। इससे पहले उनके वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने कोर्ट से गुजारिश की कि याचिकाकर्ता की आजीविका मशहूर हस्तियों के साक्षात्कार करने से ही चलती है और इसके लिए उन्हें लगातार यात्रा करनी पड़ती है। इसलिए जब्त पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया जाय। चंद्रचूड़ ने ये भी कहा कि याचिकाकर्ता ने पिछले आदेश के अनुसार अंडरटेकिंग भी दाखिल की है।

# प्रॉपर्टी टैक्स से मनपा हुई मालामाल

## मनपा को अनुमानित कमाई से भी अधिक हुई कमाई

महानगर संवाददाता

मुंबई

मनपा प्रशासन को इस साल 31 मार्च रात 12 बजे तक प्रॉपर्टी टैक्स से कुल 6 हजार 388 करोड़ की कमाई हुई है। मनपा ने इस साल 6 हजार 200 करोड़ कमाई होने का टारगेट रखा था। इस साल मनपा को लगभग 102 प्रतिशत की कमाई हुई है जो मनपा के इतिहास में सबसे अधिक है। इसके पहले मनपा को वर्ष 2021-22 में सबसे अधिक 5 हजार 791 करोड़ की कमाई हुई थी,जबकि उस साल कोरोना काल होने के बावजूद मनपा ने प्रॉपर्टी टैक्स में बड़ी कमाई की थी। मनपा प्रशासन ने वर्ष 2024-25 में प्रॉपर्टी टैक्स से 6,200 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा था। मनपा अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस साल 6 हजार 388 करोड़ की कमाई की है। मनपा ने 6,198.05 करोड़ रुपए प्रॉपर्टी टैक्स से कमाई की है,जबकि समय पर टैक्स नहीं देने वालों पर दो प्रतिशत दंड लगाने का काम करती,जिससे मनपा की तिजोरी में 178.39 करोड़ रुपए अतिरिक्त जमा हुए। मनपा प्रशासन ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी और अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी के मार्गदर्शन में यह वसूली की है। मनपा ने 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए 6,200 करोड़ रुपए संपत्ति कर संग्रह का लक्ष्य रखा था। कर निर्धारण और संकलन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रयासों और नागरिकों के सहयोग से 26 मई 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि में 6,198.05 करोड़ रुपए संपत्ति कर संग्रह किया गया।

**मनपा को प्रॉपर्टी टैक्स से पिछले दस साल में हुई कमाई का लेखा जोखा**

| साल | टारगेट | वसूली | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2015,16 | 4961 | 4847 | 97,69 |
| 2016,17 | 4254. 78 | 4847,06 | 89,75 |
| 2017,18 | 5402. 47 | 5087,11 | 94 ,16 |
| 2018,19 | 5439. 39 | 5040,11 | 92 ,66 |
| 2019, 20 | 5698. 14 | 4159 | 74 73 |
| 2020, 21 | 4500 | 5114,92 | 113 ,66 |
| 2021, 22 | 4800 | 5791,68 | 120,66 |
| 2022, 23 | 4800 | 5575,44 | 116,16 |
| 2023, 24 | 4500 | 4859,53 | 107,99 |
| 2024, 25 | 6200 | 6388 | 102 |



### वार्ड अनुसार हुई कमाई

**शहर विभाग:**

| | |
|---|---|
| ए विभाग | 219 .12 करोड़ रुपये |
| बी विभाग | 36 .33 करोड़ रुपये |
| सी विभाग | 87 .83 करोड़ रुपये |
| डी विभाग | 273 .46 करोड़ रुपये |
| ई विभाग | 154 .16 करोड़ रुपये |
| एफ दक्षिण विभाग | 135 .25 करोड़ रुपये |
| एफ उत्तर विभाग | 163 .22 करोड़ रुपये |
| जी दक्षिण विभाग | 624 .50 करोड़ रुपये |
| जी उत्तर विभाग | 239 .40 करोड़ रुपये |
| कुल संकलन | 1,933 .26 करोड़ रुपये |

**पश्चिम उपनगर:**

| | |
|---|---|
| एच पूर्व विभाग | 526 .64 करोड़ रुपये |
| एच पश्चिम विभाग | 382 .74 करोड़ रुपये |
| के पूर्व विभाग | 568 .56 करोड़ रुपये |
| के पश्चिम विभाग | 505 करोड़ रुपये |
| पी दक्षिण विभाग | 363 .87 करोड़ रुपये |
| पी उत्तर विभाग | 214 .56 करोड़ रुपये |
| आर दक्षिण विभाग | 179 .36 करोड़ रुपये |
| आर मध्य विभाग | 222 .10 करोड़ रुपये |
| आर उत्तर विभाग | 75 .65 करोड़ रुपये |
| कुल संकलन | 3,038 .49 करोड़ रुपये |



**पूर्व उपनगर:**

| | |
|---|---|
| एल विभाग | 260 .62 करोड़ रुपये |
| एम पूर्व विभाग | 88 .49 करोड़ रुपये |
| एम पश्चिम विभाग | 145 .40 करोड़ रुपये |
| एन विभाग | 219 .37 करोड़ रुपये |
| एस विभाग | 330 .80 करोड़ रुपये |
| टी विभाग | 174 .12 करोड़ रुपये |
| कुल संकलन | 1,218 .79 करोड़ रुपये |

# एक और टैक्स बढ़ाने की तैयारी में मनपा

## दस साल बाद बढ़ेगा प्रॉपर्टी टैक्स

**मुंबई।** रेडी रेकनर की दर में हुए बदलाव से मुंबई के लोगों पर अब प्रॉपर्टी टैक्स का भार भी पड़ने वाला है। मनपा पिछले दस वर्ष से प्रॉपर्टी टैक्स नहीं बढ़ा पाई है। रेडीरेकनर की नई दर से प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने के लिए मनपा प्रशासन को राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। मनपा के प्रॉपर्टी टैक्स विभाग नई दर लागू करने के लिए मनपा आयुक्त के पास प्रस्ताव भेजा है। मनपा आयुक्त प्रस्ताव को मंजूरी देकर राज्य सरकार के पास रेडी रेकनर की दर पर टैक्स लेने का प्रस्ताव भेजेंगे। बता दें कि मनपा प्रशासन वर्ष 2020 से प्रॉपर्टी टैक्स की नई दर लागू नहीं कर पाई है। प्रॉपर्टी टैक्स का शुल्क बढ़ाने के लिए हर पांच साल में नए रेडीरेकनर की दर से प्रॉपर्टी टैक्स की दर निश्चित करनी होती है। मनपा ने वर्ष 2015 में नया प्रॉपर्टी टैक्स दर लागू किया था। वर्ष 2020 में रेडीरेकनर की दर से प्रॉपर्टी टैक्स लागू किया जाना था इसी बीच कोरोना महामारी फ़ैलाने के कारण रेडीरेकनर की दर से प्रॉपर्टी टैक्स का नया दर लागू नहीं हो पाया। कोरोना का असर 2022 तक बना हुआ था, जिसके चलते राज्य सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स का नया दर लागू करने नहीं दिया। वर्ष 2024 साल लोकसभा और विधानसभा का चुनावी साल होने के कारण राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में भी प्रॉपर्टी टैक्स की नई दर से टैक्स लागू करने का का निर्णय टाल दिया।

# आरबीआई आर्थिक स्थिरता का आधारस्तंभ: राष्ट्रपति

महानगर संवाददाता

मुंबई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में आर्थिक क्षेत्र की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए एक नवीन और समावेशी वित्तीय प्रणाली आवश्यक है। रिजर्व बैंक भारत की आर्थिक स्थिरता का आधारस्तंभ बना रहेगा। भारत को डिजिटल लेन-देन में वैश्विक नेतृत्व दिलाने में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का बड़ा योगदान है। मजबूत बैंकिंग प्रणाली, वित्तीय नवाचार और उपभोक्ताओं के विश्वास को बनाए रखने की दिशा में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। वे मंगलवार को मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित एनसीपीए में आयोजित भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रही थीं।

**केंद्रीय बैंक का 90वां स्थापना दिवस समारोह**



**विकास की दिशा में अग्रणी भूमिका**

इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,उपमुख्यमंत्री अजित पवार और आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा उपस्थित थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वतंत्रता-पूर्व के कठिन समय से लेकर आज वैश्विक महाशक्ति बनने तक के सफर में आरबीआई एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है। 1935 में स्थापित इस संस्था ने हमेशा देश के आर्थिक विकास की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत को डिजिटल लेन-देन में वैश्विक नेतृत्व दिलाने में आरबीआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूपीआई जैसी अभिनव प्रणालियों ने वित्तीय लेन-देन को आसान, सुरक्षित और किफायती बना दिया है। महंगाई नियंत्रण, वित्तीय समावेशन, आर्थिक स्थिरता और मजबूत वृद्धि के क्षेत्र में इसकी भूमिका निर्णायक रही है।

# ठाणे-भिवंडी मेट्रो गर्डर कार्य के चलते दो दिनों तक यातायात और रेलवे सेवा रहेगी बंद

महानगर संवाददाता

भिवंडी

ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो परियोजना के तहत ठाणे से भिवंडी के बीच पहले चरण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में अंजूरफाटा स्थित वसई-दिवा रेलवे मार्ग पर पुल के ऊपर मेट्रो लाइन के गर्डर स्थापित करने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण 1 और 2 अप्रैल को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ठाणे-भिवंडी मार्ग पर अंजूरफाटा के आगे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। इस अवधि में केवल सड़क यातायात ही नहीं, बल्कि वसई-दिवा रेलवे मार्ग पर भी रेल यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। ऐसे में यात्रियों को पहले से ही अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है। नारपोली यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश पाटील ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान यात्रियों और वाहनों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है।



**वैकल्पिक मार्ग इस प्रकार रहेंगे**

अहमदाबाद हाईवे की ओर जाने वाले वाहन मानकोली-अंजूरफाटा-खारबाव मार्ग से होते हुए घोड़बंदर रोड का उपयोग करें।

**नवी मुंबई से गुजरात जाने वाले वाहन**

गैमन जंक्शन (कलवा) से प्रवेश बंद रहेगा। ऐसे में इन वाहनों को खारेगांव टोल नाका से होते हुए घोड़बंदर रोड मार्ग से गुजरना होगा। माजीवाड़ा-मानकोली मार्ग से गुजरात जाने वाले वाहन माजीवाड़ा वाई-जंक्शन पर प्रवेश प्रतिबंध रहेगा। इन वाहनों को भी घोड़बंदर रोड से यात्रा करने का सुझाव दिया गया है। गुजरात से अंजूरफाटा की ओर आने वाले वाहन,चिंचोटी नाका पर प्रवेश प्रतिबंध रहेगा। ऐसे में इन वाहनों को चिंचोटी नाका-गायमुख-फाउंटेन होटल मार्ग से होते हुए घोड़बंदर रोड और माजीवाड़ा जंक्शन से आगे बढ़ने की अनुमति दी गई है।

# रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 56 लाख की ठगी

## तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र पुलिस ने ठाणे में चार लोगों से भारतीय रेलवे में नौकरी दिलाने का वादा करके 56 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने ठाणे जिले के बदलापुर के रहने वाले पीड़ितों को जालसाजी के लिए रेलवे के जाली दस्तावेज मुहैया कराए। इसके बाद उनका विश्वास जीतकर आरोपियों ने सितंबर 2020 से जुलाई 2024 के बीच पीड़ितों से मोटी रकम ली। जब पीड़ितों ने अपनी नौकरी के बारे में अपडेट मांगा तो जालसाज कोई संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे। जांच में पीड़ितों को दिए गए दस्तावेज भी बाद में फर्जी पाए गए। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को बदलापुर,मुंबई और झारखंड के रहने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 4 जी नेटवर्क के लिए एक लाख टावर लगाएगी सरकार:ज्योतिरादित्य सिंधिया

**मुंबई।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि देश के प्रत्येक ग्राम पंचायत तक तेज संचार प्रणाली को पहुंचाने के लिए भारत नेट परियोजना शुरू की गई है। पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से परियोजना शुरू की जाएगी पहले चरण में महाराष्ट्र ने जोरदार प्रदर्शन किया है। अब चरण दो लागू किया जा रहा है,इस परियोजना के तहत प्रदेश की भी प्रत्येक ग्राम पंचायत तक संचार व्यवस्था स्थापित की जाये। मंगलवार को एक दिवसीय मुंबई दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथि गृह में बीएसएनएल की संपत्ति और महाराष्ट्र में संचार व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई थी जिसमे वे बोल रहे थे। इस बैठक में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, केंद्रीय दूरसंचार सचिव नीरज कुमार,बीएसएनएल के प्रबंध निदेशक रॉबर्ट रवि और अन्य उपस्थित थे। सिंधिया ने मुंबई में बीएसएनएल और एमटीएनएल की संपत्तियों के संबंध में शहरी विकास विभाग, मुंबई मनपा और केंद्रीय दूरसंचार विभाग के अधिकारियों की एक समिति बनाने के भी निर्देश दिए। दूरसंचार मंत्री सिंधिया ने कहा कि भारत नेट योजना के तहत पूरे देश में 4जी नेटवर्क के एक लाख टॉवर से अधिक लगा जाएंगे। इन टावरों को मुख्य रूप से गैर-संपर्क क्षेत्रों में खड़ा करने की योजना है। इससे राज्य के अत्यंत दूरस्थ इलाकों में भी अच्छी संचार व्यवस्था बनेगी,उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सांगली संचार व्यवस्था स्थापित करने की बाधाओं को दूर करने के भी निर्देश दिये।



# 12 वर्षीय नाबालिग लड़के की खदान में डूबने से मौत

**नालासोपारा।** पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़के की खदान के पानी में डूबने से मौत हो गई है। इस मामले में पेल्हार पुलिस ने एडीआर के तहत केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार, अनंत कन्हैया कामत (उम्र 12 वर्ष), निवासी,गडगापाड़ा, वसई पूर्व में परिजनों के साथ रहता था। बताया गया है कि,31 मार्च को कामत क्षेत्र के एक खदान के पानी में डूबा गया,जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।पुलिस ने बताया कि,इस मामले में बीएनएसएस की कलम 194 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**पालघर।** स्थानीय लोकल क्राइम ब्रांच पालघर ने मोटरसाइकिल चोरी के अपराध में दो चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि,21 मार्च 2025 को बोईसर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत मान निवासी शिकायतकर्ता अंकुश मधुकर टोकरे,उम्र 40 वर्ष ने अपनी हॉंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक एमएच-48-सीजी 9114 को मान ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने सड़क के किनारे खड़ी की थी,किसी अज्ञात चोर ने शिकायतकर्ता की सहमति के बिना, झूठे इरादे से,अपने फायदे के लिए,खुलेमें से उसे चुरा लिया। इसलिए, शिकायतकर्ता की शिकायत पर बोईसर पुलिस स्टेशन में अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता कलम धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि,अपराध की गंभीरता को देखते हुए पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल के आदेश पर पुलिस निरीक्षक/प्रदीप पाटिल, स्थानीय अपराध शाखा,पालघर ने जांच हेतु एक टीम गठित करने का निर्देश दिया।



## पूर्व नगरसेवक ने की मरम्मत की मांग

# 130 साल पुरानी दगड़ी स्कूल प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार

**भिवंडी।** शहर की ऐतिहासिक धरोहरों में से एक, 130 वर्ष पुरानी दगड़ी स्कूल प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रही है। कभी भिवंडी की पहली प्राथमिक शाला के रूप में पहचानी जाने वाली इस इमारत में, शिवसेना प्रमुख स्व. बालासाहेब ठाकरे ने भी शिक्षा ग्रहण की थी। अब यह जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है, और मनपा प्रशासन ने इसे शैक्षिक सामग्री के गोदाम में बदल दिया है। पूर्व नगरसेवक अरुण राउत ने मनपा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस इमारत की मरम्मत कर उसमें फिर से प्राथमिक विद्यालय या प्रशासनिक कार्यालय शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा, "भिवंडी मनपा के गठन के बाद इस पत्थर स्कूल की ऐतिहासिक इमारत में मनपा शिक्षा बोर्ड का कार्यालय खोला गया था। यहां शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षा अधिकारी के कार्यालय भी थे। इसलिए इस भवन में एक बार फिर शिक्षा बोर्ड का कार्यालय शुरू किया जाना चाहिए। यह इमारत सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि शहर की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे संरक्षित किया जाना चाहिए।" – अरुण राउत, पूर्व नगरसेवक (कांग्रेस), भिवंडी महानगरपालिका। स्थानीय नागरिक भी इस ऐतिहासिक धरोहर के प्रति प्रशासन की अनदेखी को लेकर नाराज हैं। प्रशासनिक अधिकारी नितिन पाटिल का कहना है।

# पति ने किया पत्नी पर जानलेवा हमला

**वसई।** वसई पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक 25 वर्षीय महिला पर जानलेवा हमला होने की घटना सामने आई है इस मामले में पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार,योगिता कांबले (उम्र 25 वर्ष),सिद्धार्थ नगर,किल्ला रोड, वसई पश्चिम में रहती है दर्ज मामले में बताया गया है कि शिकायतकर्ता (योगिता) और आरोपी (धीरज सुरेश कांबले) पति-पत्नी हैं तथा आरोपी को शराब पीने की आदत है तथा वह हमेशा शिकायतकर्ता के चरित्र पर संदेह करता रहता है घटना के दिन 30 मार्च को रात्रि के समय पति धीरज शराब के नशे में और चरित्र पर संदेह करते हुए गाली-गलौज की, हाथ-मुक्के से मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से घर में रखी खाली बीयर की बोतल से उसके सिर पर वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मामले की जांच कर रहे पीएसआई रविन्द्र कदम ने बताया कि,आरोपी पति धीरज को गिरफ्तार कर किया गया है। पत्नी (योगिता) की शिकायत पर उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता कलम 109,115 (2),352 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।

# भाजपा ने की हिंदू युवकों के साथ मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग


महानगर संवाददाता

मुंबई

रविवार को गुढी पड़वा के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होने जा रहे हिंदू युवाओं को पठाणवाड़ी क्षेत्र में कुछ मुस्लिम युवाओं ने भगवा ध्वज फहराने से मना किया और उनके साथ मारपीट की। इस घटना के विरोध में भाजपा-दिंडोशी की ओर से कड़ा विरोध प्रकट किया गया। इस मामले को लेकर भाजपा विधायक राजहंस सिंह के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष मेढेकर और पूर्व नगरसेवक विनोद मिश्रा की उपस्थिति में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजन सिंह सहित दिंडोशी के जिला, मंडल, वार्ड, मोर्चा एवं अग्रणी, महिला और युवा पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में कुरार पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन परबकर से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राजहंस सिंह ने हुई घटना की सच्चाई वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के समक्ष रखी और कार्यकर्ताओं में व्याप्त तीव्र नाराजगी एवं आक्रोश से उन्हें अवगत कराया। साथ ही उन्होंने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक से इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की और यदि इस घटना के पीछे कोई साजिशकर्ता है तो उसकी गहराई से जांच करने की मांग की। इसके अलावा, समाज में भड़काऊ बयान देकर तनाव पैदा करने और स्थानीय माहौल को दूषित करने के उद्देश्य से की गई इस हरकत को गंभीरता से लेते हुए भारतीय दंड संहिता के तहत उचित धाराएं लगाकर कार्रवाई करने की भी मांग राजहंस सिंह ने की।



# महिलाओं द्वारा माता की चौकी का आयोजन



**डोंबिवली।** डोंबिवली सांस्कृतिक नगरी के नाम से जानी जाती है माता रानी के नवरात्रे चल रहे हैं। इसी कड़ी में विष्णु नगर परिसर में चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिवस पर शिवशक्ति नारी महिला मंडल द्वारा माता की चौकी,जागरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि इस संस्था की शुरुआत निर्मला वैश्य,मंजू तिवारी,नीता यादव,गुड्डी गुप्ता,मंजू गुप्ता, निशा वैश्य, गीता शेठ,इन महिलाओं द्वारा की गई। इस मंडल के संस्थापक नंदू रामलाल गुप्ता हैं तथा इस शिवशक्ति नारी महिला मंडल को दिलीप वैश्य, चिरौंजी लाल गुप्ता,रामसुमेर गुप्ता,जैसे लोगों का विशेष सहयोग रहता है। इस जागरण कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। तत्पश्चात कन्या पूजन भी किया गया और सभी के लिए महाप्रसाद का भी आयोजन किया जिसमें बड़ी सांख्य में लोगों ने महाप्रसाद का लाभ लिया ।

## वसई-विरार में जल संकट

# सूर्या जलापूर्ति योजना में ट्रांसफार्मर खराब, पानी की आपूर्ति बाधित

### मरम्मत के बाद फिर आई तकनीकी खराबी

**विरार।** वसई-विरार शहर में जल संकट गहराता जा रहा है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की सूर्या जलापूर्ति योजना में तकनीकी खराबी के चलते जलापूर्ति प्रभावित हुई है। उपायुक्त समीर भूमकर ने जानकारी दी कि 25 मार्च को शाम 6 बजे सूर्या जलापूर्ति योजना के कावड़ास पंपिंग स्टेशन और सूर्य नगर जल शुद्धिकरण केंद्र (कासा विक्रमगढ़) को बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई, जिससे एमएमआरडीए की ओर से मिलने वाली 140 द.ल.ली. (दस लाख लीटर) जलापूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई।



**तकनीकी खराबी**

मनपा ने इस समस्या के समाधान के लिए तत्परता दिखाई और ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य 30 मार्च को शाम 6 बजे पूरा कर लिया गया। इसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने से रात 9 बजे काशिदकोपर एमबीआर में जलापूर्ति पुनः शुरू हो गई। हालांकि, 31 मार्च को शाम 6 बजे ट्रांसफार्मर में दोबारा खराबी आ गई,जिससे एमएमआरडीए की जलापूर्ति फिर से बंद हो गई। जल संकट से नागरिकों को हो रही परेशानी हालांकि, वसई-विरार शहर महानगरपालिका को सूर्या चरण-1 और चरण-3 योजना के तहत प्रतिदिन 200 द.ल.ली. पानी मिल रहा है, लेकिन एमएमआरडीए की 140 द.ल.ली. जलापूर्ति बंद होने से शहर में जलापूर्ति अपर्याप्त हो गई है। इसके चलते कई क्षेत्रों में पानी कम दबाव से आ रहा है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


**मरम्मत के बाद फिर आई**

**टैंकरों से हो रही जलापूर्ति**

जल संकट को ध्यान में रखते हुए मनपा प्रशासन ने उन क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की है,जहां पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति संभव नहीं है। इसके अलावा,मनपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का संरक्षण करें और आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें मनपा प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जल आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। वसई-विरार के नागरिकों से संयम बरतने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।




# गणगौर महोत्सव का आयोजन सम्पन्न



**भायंदर।** राजस्थानी समाज द्वारा मनाया जाने वाला गणगौर पर्व बहुत ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी शहर में गणगौर महोत्सव मनाया गया। भायंदर पूर्व एवं पश्चिम चौपाटी पर पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं एवं बालिकाओं ने गणगौर माता की पुजा करके विदाई दी। राजस्थानी जन - जागरण सेवा संस्था एवं स्पदेश्वर सालासर हनुमान मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में जेसल पार्क चौपाटी स्थित बालाजी ग्राउंड मे सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके अलावा भायंदर (पश्चिम) में राजस्थानी महिला मंडल एवं माहेश्वरी मंडल द्वारा भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मिरा- भायंदर शहर में भारी संख्या में राजस्थानी समाज के लोग रहते हैं। राजस्थानी जन-जागरण सेवा संस्था द्वारा24 साल से यह आयोजन किया जाता है। राजस्थानी जन - जागरण सेवा संस्था के गजेन्द्र भंडारी ने बताया की हर साल हम यह आयोजन बहुत की धूमधाम से बनाते हैं। इस बार भी इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम,घूमर नृत्य प्रतियोगिता एवं सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था,इसमें विजेताओं को पुरस्कार दिया गया।

# देखते हैं आज उद्धव ठाकरे क्या करेंगे ?

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का सवाल

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा। सरकार ने इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय दिया है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखी पोस्ट में शिवसेना उबाठा प्रमुख उद्धव ठाकरे को निशाने पर लिया है।

फडणवीस ने कहा कि देखना यह है कि क्या उद्धव बाला साहेब सेना, हिंदू हृदय सम्राट और शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के विचारों को कायम रखेगी या फिर राहुल गांधी के पदचिन्हों पर चलकर तुष्टीकरण करती रहेगी? भाजपा पिछले कई दिनों



से शिवसेना उबाठा पर मुस्लिम तुष्टिकरण करने का आरोप लगा रही है।

एनडीए के सहयोगी दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में अपने विचार व्यक्त किए हैं, लेकिन अभी तक इस संशोधन विधेयक पर शिवसेना यूबीटी की तरफ से खुलकर अपनी राय जाहिर नहीं की गई है।

### लोकसभा में शिवसेना यूबीटी के नौ सांसद हैं


हालांकि उम्मीद की जा रही है कि शिवसेना यूबीटी इस मामले में विपक्षी दलों का साथ देगी। लोकसभा में शिवसेना यूबीटी के 9 सांसद हैं। अभी हॉल ही में शिवसेना उबाठा प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुस्लिम परिवारों के लिए 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम को लेकर भाजपा की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने सवाल उठाया था कि भाजपा को यह घोषित करना चाहिए कि उसने हिंदुत्व छोड़ दिया है। ठाकरे ने कहा था जब शिवसेना को मुस्लिम मतदाताओं का भारी समर्थन मिला तो यह कहते हुए शोर मचाया गया कि मैंने हिंदुत्व छोड़ दिया है। उन्होंने 'सत्ता जिहाद' जैसे शब्द भी गढ़े, लेकिन अब उन्हीं लोगों ने अपना रुख बदल दिया है।

# ई-बाइक टैक्सी को सरकार की हरी झंडी

## आम लोगों को मिलेगी किफायती सेवा, मुंबईकरों को मिलेगा एक और विकल्प

**मुंबई।** कुछ ही दिनों में मुंबईकर कम किराए में अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने राज्य के एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में दोपहिया ई-बाइक टैक्सी एग्रीगेटर सेवा शुरू करने की नीति को मंजूरी प्रदान की। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की।

देश के कई राज्यों में बाइक टैक्सी की शुरुआत हो चुकी है। अब महाराष्ट्र के शहरों में भी बाइक टैक्सी सेवाएं शुरू हो जाएगी। इस सेवा के शुरू होने से मुंबई में आम लोगों को लोकल, मेट्रो, बेस्ट, टैक्सी, ऑटो का विकल्प मिल जाएगा। कैबिनेट बैठक में ई-बाइक टैक्सी के लिए एग्रीगेटर नीति तय करने के लिए गठित रामनाथ झा की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिश के अनुसार नीति लागू करने का निर्णय लिया गया। इससे राज्य के नागरिकों को किफायती और सुविधाजनक परिवहन का विकल्प मिलेगा।




नीति के तहत बाइक टैक्सी देने वाले एग्रीगेटर को इलेक्ट्रिक बाइक का उपयोग करना होगा। बाइक को पीले रंग से रंगना होगा। यह विकल्प पर्यावरण के अनुकूल है और रोजगार भी प्रदान करता है। इससे महत्वपूर्ण रोजगार सृजन होगा और महिला ड्राइवरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। नीति के अनुसार सेवा प्रदान करने वाले एग्रीगेटर्स के वाहनों में जीपीएस लगाना, आपातकालीन संपर्क सुविधा, गति सत्यापन, चालक और यात्री को बीमा कवर देना, स्वच्छता मानकों को अनिवार्य किया गया है।

### 15 किलोमीटर की दूरी निर्धारित: सरनाईक

साथ ही दोपहिया वाहन चालकों का चयन करते समय उनकी पृष्ठभूमि की जांच करते हुए सुरक्षा मानकों के सभी मापदंड पूरा करना आवश्यक होगा। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कैबिनेट ने ई-बाइक टैक्सी नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। अभी तक रिक्शा, टैक्सी के लिए अकेले यात्री को तीन गुना किराया देना पड़ता था। अब ई-बाइक टैक्सी के माध्यम से आम यात्रियों की यह असुविधा दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ई-बाइक टैक्सी के लिए 15 किलोमीटर की दूरी की सीमा निर्धारित की गई है। जो भी एग्रीगेटर 50 बाइक एकत्र करेगा, उसे अनुमति दी जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए नियमावली बनाई गई है। दो यात्रियों के बीच विभाजन वाली तथा पूरी तरह ढकी हुई ई-बाइक को ही अनुमति देंगे, ताकि बरसात के मौसम में यात्रियों को भीगने से बच सके। उन्होंने कहा कि ई-बाइक टैक्सी के किराए के संबंध में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। हम योजना बना रहे हैं कि रिक्शा की जिस यात्रा में 100 रुपए लगते हैं, उसे ई-बाइक टैक्सी में 30 से 40 रुपए में कैसे पूरा किया जाए। अगले एक-दो महीने में ई-टैक्सी बाइक शुरू हो जाएंगी।

### ई-बाइक टैक्सी सेवा पर एक नजर

सिर्फ इलेक्ट्रिक बाइक का उपयोग
इलेक्ट्रिक बाइक को रंगना होगा पीले रंग से
वाहनों में जीपीएस लगाना अनिवार्य
चालक, यात्री का बीमा कवर देना होगा
चालक की पृष्ठभूमि की जांच की जाएगी
50 ई-बाइक एकत्रित करने वालों को मिलेगी अनुमति
अभी ई बाइक टैक्सी का किराया तय नहीं ।


**न्यायालय**
**अवर न्यायाधीश प्रथम (पूर्वी)**
**मुजफ्फरपुर**
**बटवारा वाद संख्या–521 सन 2023**
**श्री सत्येंद्र कुमार सिंह .......वादी**
**बनाम**
**श्री विजय कुमार सिंह वगैरह ......प्रतिवादीगण**
**नोटिस बनाम**

श्रीमति सुनैना सिंह पिता स्व. अशर्फी सिंह, पति – श्री राजेन्द्र सिंह निवासी मोहल्ला – बंगला संख्या –9 वृंदवान हाउसिंग सोसाईटी.सी.के.टी.स्कूल के नजदीक, सेक्टर–15, नीयु पनवेल (ईस्ट) मुंबई

चूं बजरिय नोटिस आपको सूचित किया जाता है की इस वाद के वादी ने इस वाद मे विवादित जमीन मे ¼ हिस्सा के लिए प्रीलीमिनरी डीक्री के अनुतोष के लिए यह वाद लाया है। आपको न्यायालय के नजारत के माध्यम एवं निबंधित डाक के माध्यम से नोटिस भेजा गया लेकिन आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

इस वाद में सुनवाई के लिए दिनांक **13.05.2025** की तारीख निश्चित है आपको निर्देश दिया जाता है की उपरोक्त तिथि को बजे दिन में न्यायालय में उपस्थित **10.30** होकर अपना पक्ष रखे नहीं तो आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाई की जाएगी

आज दिनांक **21.03.25** को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी।

**अवर न्यायाधीश प्रथम (पूर्वी)**
**मुजफ्फरपुर**


# ठाणे मनपा ने तोड़ा रिकॉर्ड

## 810 करोड़ की संपत्ति कर वसूली

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक की सबसे बड़ी संपत्ति कर वसूली करते हुए 810 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बनाया है। महापालिका का लक्ष्य 850 करोड़ रुपये का था, जिसमें से 95% कर संग्रह सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। नागरिकों के इस जबरदस्त सहयोग के लिए महापालिका आयुक्त सौरभ राव ने करदाताओं का आभार जताया है। बता दें कि इस ऐतिहासिक वसूली के पीछे नियोजित प्रयास और डिजिटल भुगतान को दी गई प्राथमिकता मुख्य कारण रहे। पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) में 702 करोड़ रुपये का संपत्ति कर संग्रह हुआ था, जिसके मुकाबले इस साल 108 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। महापालिका ने कर संग्रह को आसान बनाने के लिए कई सुविधाएं लागू कीं। करदाताओं को डिजिटल भुगतान की सुविधा दी गई, जिससे 88.48% कर ऑनलाइन माध्यमों से एकत्र किया गया। इसके अलावा, ऑन-साइट कलेक्शन कैंप, एसएमएस रिमाइंडर, मोबाइल वैन और सप्ताहांत में कर संग्रह केंद्रों को चालू रखने जैसे कदम भी कारगर साबित हुए।

# महाबलेश्वर पर्यटन महोत्सव के लोगो का अनावरण

## दो से चार मई के बीच महोत्सव का आयोजन




**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन विभाग के अंतर्गत महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल और स्थानीय जिला प्रशासन संयुक्त रूप से आगामी 2 से 4 मई के बीच तीन दिवसीय महाबलेश्वर पर्यटन महोत्सव का आयोजन करेगा। सह्याद्री गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पर्यटन महोत्सव के लोगो का अनावरण किया। पर्यटन महोत्सव का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, पर्यटन मंत्री शंभुराज देसाई, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन, राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव अतुल पाटणे, महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल के प्रबंध निदेशक मनोज सूर्यवंशी, पर्यटन निदेशक डॉ. बीएन पाटिल, महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल के महाप्रबंधक चंद्रशेखर जायसवाल, एमटीडीसी के मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी जितेंद्र सोनवणे उपस्थित थे। आगामी 2 मई के मुख्यमंत्री फडणवीस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। पर्यटन विभाग और स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को यहां के दर्शनीय स्थलों, स्थानीय कला एवं संस्कृति तथा खान-पान संस्कृति से परिचित कराना और इसके माध्यम से पर्यटन को बढ़ाना है।

# प्रशासनिक कामकाज में बढ़ेगा एआई का इस्तेमाल

## मार्वल के कार्य क्षेत्र को विस्तार देने की मंजूरी




**मुंबई।** राज्य के सरकारी और अर्धसरकारी कार्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग बढ़ाने के लिए सरकारी कंपनी महाराष्ट्र रिसर्च एंड विजिलेंस फॉर एन्हांस्ड लॉ एनफोर्समेंट लिमिटेड (मार्वल) के कार्यक्षेत्र को विस्तार देने के लिए अधिकार प्राप्त समिति गठित करने का निर्णय कैबिनेट बैठक में लिया गया।

राज्य पुलिस बल में एआई का उपयोग करने के लिए 2024 में मार्वल की स्थापना की गई थी। अब राज्य में विभिन्न सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ विभाग भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को लागू करने की योजना बना रहे हैं। मार्वल इन परियोजनाओं में सहायता करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी जानकारी गोपनीय और सुरक्षित बनी रहे। इसके लिए इस कंपनी के कार्यक्षेत्र का विस्तार किया जाएगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के सचिवों की सदस्यता वाली एक अधिकार प्राप्त समिति के गठन को मंजूरी दी गई, जो यह निर्णय लेगी कि इस कंपनी को कौन सी परियोजनाएं दी जाएं तथा उनका क्रियान्वयन किया जाए।

**कैबिनेट के अन्य निर्णय**

गडचिरोली जिले में खनन प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी

वडसा-देसाईगंज गडचिरोली रेलवे मार्ग के लिए 943 करोड़ मंजूर

बीड जिले में ब्रह्मनाथ येलम्ब में कोल्हापुर पद्धति के बांध को बैराज में परिवर्तित करने को मंजूरी

बीड जिले के टाकलगांवव हिंगणी में कोल्हापुर पद्धति के बांध को बैराज में परिवर्तित करने को मंजूरी

नंदुरबार जिले में नागन परियोजना को 161 करोड़ 12 लाख के खर्च की अनुमति

नागपुर में देवनगर सोसायटी की भूमि आवासीय क्षेत्र में शामिल।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**(1) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-09-25-26 दिनांक : 26.03.2025**

**कार्य का नाम-** एडीईएन/।।/भिलाई के अधिकार क्षेत्र में साइड नालियों यार्ड नालियों कैच वाटर नालियों का निर्माण। **निविदा मूल्यः ₹ 2,21,20,601/-, ईएमडीः ₹ 2,60,600/-.**

**(2) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-10-25-26 दिनांक : 26.03.2025**

**कार्य का नाम- 1.** एसएसई/वर्क्स/बीएक्सए के तहत दुर्ग-डीआरजेड के बीच सेस का चौड़ीकरण, रेनकट की मरम्मत और उचित साइड ढलान बनाए रखना । **2.** एसएसई/वर्क्स/बीएक्सए के तहत डीआरजेड-एएजीएच के बीच सेस का चौड़ीकरण, रेनकट की मरम्मत और उचित साइड ढलान बनाए रखना । **निविदा मूल्यः ₹ 3,63,94,657/-, ईएमडीः ₹ 3,32,000/-.**

**(3) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-11-25-26 दिनांक : 26.03.2025**

**कार्य का नाम- 1.** रायपुर मंडल के किमी 967/8-9 (डीआरजेड-गुडम) पर मानवयुक्त एलसी गेट संख्या डीडी-62 के इंटरलॉकिंग के निष्पादन के संबंध में 9.69 मीटर x 4.0 मीटर आकार के रिले रूम, आईपीएस रूम और बैटरी रूम का निर्माण।
**2.** एसएसई/वर्क्स/बालोद के तहत बीएक्सए में 100000 लीटर क्षमता के आरसीसी ओवरहेड टैंक और डीआरजेड में 50000 लीटर भूमिगत पानी की टंकी का निर्माण।
**3.** एसएसई/वर्क्स/बीएक्सए के अधिकार क्षेत्र में एमएक्सए पंप हाउस से एमएक्सए ओवर हेड टैंक तक जंग लगी सी.आई. पाइपलाइन को डी.आई. पाइपलाइन में बदलना। (गर्म मौसम की बैठक आइटम)।
**4.** एसएसई (वर्क्स)/बालोद के तहत एमएक्सए, आरएसए, जीडीजेड, बीएक्सए और डीआरजेड कॉलोनियों में स्टाफ क्वार्टरों के लिए सेप्टिक टैंक का सुधार।
**5.** एसएसई/जलापूर्ति/बीएमवाई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आरसीसी ओवरहेड टैंक में लीकेज की ओर ध्यान आकर्षित करना।
**6.** एसएसई (वर्क्स)/बालोद के अंतर्गत केओटी, डीआरजेड, बीएक्सए और आरएसए कॉलोनियों में स्टाफ क्वार्टरों में चेन लिंक फेंसिंग का प्रावधान । **निविदा मूल्यः ₹ 3,64,27,400/-, ईएमडीः ₹ 3,32,100/-. निविदा प्रस्तुत करनाः 11.00** बजे तक दिनांक **24.04.2025, निविदा खोलनाः 11.00** बजे दिनांक **24.04.2025.**

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय/एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

*वरि. मंडल अभियंता-II*
*पीआर/आर/इंजी./एएन/287 द.पू.म.रे., रायपुर*

South East Central Railway @secrail


# बच्चों को गोद लेने के मामले में महाराष्ट्र अव्वल

## महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने दी जानकारी

**मुंबई।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि अनाथ बच्चों को गोद लेने वाले मामले में देश के अन्य राज्यों की तुलना में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है.वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक 537 बच्चों को कानूनी प्रक्रिया के बाद दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। अदिति तटकरे ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि देश में कानूनी तौर पर गोद लिए गए बच्चों की कुल संख्या 4512 है,जबकि इसमें अकेले महाराष्ट्र में कुल 537 बच्चों को कानूनी तौर पर गोद लिया गया है। इस गोद लेने की प्रक्रिया के माध्यम से सही माता-पिता और परिवार प्रदान किए गए हैं। अदिति तटकरे ने निरंतर कार्य के माध्यम से महाराष्ट्र को गोद



लेने की प्रक्रिया में शीर्ष पर लाने की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए राज्य के सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थानों और दत्तक स्रोत संगठनों को बधाई दी, कहा कि मुझे बात की ख़ुशी है कि अनाथ बच्चों को सही 'माता-पिता' और 'घर' मिल गया. किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015, संशोधित अधिनियम 2021 और कारा दत्तक ग्रहण नियम 2022 के अनुरूप राज्य में दत्तक ग्रहण प्रक्रिया प्रभावी ढंग से लागू की गई है। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन संगठन (कारा), नई दिल्ली ने इस उल्लेखनीय कार्य पर ध्यान दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 60 विशेष दत्तक ग्रहण स्वीकृत संगठन हैं और इन संगठनों के माध्यम से बच्चों के सही माता-पिता और परिवारों को कानूनी रूप से मुक्त घोषित कर उन्हें गोद लेने के योग्य बनाने का काम किया जाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. अनूप कुमार यादव एवं आयुक्त नयना गुंडे के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से भाई के सामने भाई की दर्दनाक मौत, चालक फरार

**ठाणे।** भिवंडी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की उसके भाई के सामने ही टेम्पो से कुचलकर मौत हो गई। यह घटना मुंबई-नासिक महामार्ग पर हुई, जहां तेज रफ्तार टेम्पो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिमांशु अग्रवाल नामक युवक भिवंडी के गोकुलनगर इलाके में अपने परिवार के साथ रहता था। वह और उसका भाई दीपक, दोनों पड़घा इलाके में हार्डवेयर का कारोबार करते थे। 30 मार्च की सुबह करीब 7 बजे, दोनों भाई अपनी बाइक से दुकान की ओर रवाना हुए। हिमांशु बाइक चला रहा था और दीपक पीछे बैठा था। सुबह 8:30 बजे, जब वे कुंदरगांव इलाके में पहुंचे, तभी अचानक एक टेम्पो चालक ने लापरवाही से वाहन मोड़ दिया और उनकी बाइक को टक्कर मार दी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**एसएलआर में पट्टे की लीसिंग हेतु ई-नीलामी**

**अधिसूचना क्रमांकः COM/R/Parcel Corres./24 दिनांकः 01.04.2025**

रायपुर मंडल पर निम्नलिखित एसएलआर पट्टे लीसिंग पर देने के लिए उपलब्ध हैः

| क्र. | गाड़ी संख्या | से | तक | लीसिंग के लिए उपलब्ध एसएलआर | नीलामी दिनांक | नीलामी समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18241 | दुर्ग | अंबिकापुर | 1 (F-I) | 15.04.2025 | दोपहर 15:00 से 17:30 |
| 2 | 18529 | दुर्ग | विशाखापत्तनम | 1(F-I) | | |
| 3 | 13287 | दुर्ग | आरा | 1 (F-I) | | |
| 4 | 18249 | रायपुर | कोरबा | 1 (F-I) | | |
| 5 | 18251 | रायपुर | कोरबा | 1(F-I) | | |
| 6 | 20847 | दुर्ग | एम सी टी एम | 1(F-I) | | |
| 7 | 15160 | दुर्ग | छपरा | 1(F-I) | | |
| 8 | 18205 | दुर्ग | नवतनवा | 1(F-I) | | |
| 9 | 18201 | दुर्ग | नवतनवा | 1(F-I) | | |
| 10 | 12853 | दुर्ग | भोपाल | 1(F-I) | | |
| 11 | 18213 | दुर्ग | अजमेर | 1(F-I) | | |
| 12 | 18426 | दुर्ग | पुरी | 1(F-I) | | |
| 13 | 08186 | दुर्ग | हटिया | 1(F-I) | | |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

*मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक*
*पीआर/आर/सी.डीसीएम/एएन/01 द.पू.म.रेलवे/ रायपुर*

South East Central Railway @secrail


# कुत्तों के काटने से शहरवासी परेशान

**भायंदर।** मिरा-भायंदर शहर में कुत्तों के काटने की घटना बढ़ते ही जा रही हैं । शहर के पंडित भीमसेन जोशी सरकारी अस्पताल मे इन कुत्तों के शिकार लोगों की संख्या एक साल में 1789 दर्ज किया गया है। यह आंकड़ा अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक का है । इसके अलावा कई केस ऐसे भी हैं,जिन्होंने नीजी अस्पतालों में इलाज कराया है। अगर सरकारी आंकड़ों के हिसाब से देखें तो शहर में हर रोज 6 से 7 लोग इन कुत्तों के काटने का शिकार बन रहे हैं।

# कचरा शुल्क विरोध शुरू

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने कचरा उपनियमों के तहत प्रति माह 100 से 7500 रुपए तक का उपयोगकर्ता शुल्क लगाने के प्रस्ताव से एक दिन बाद मनपा के इस निर्णय का विरोध होने लगा है। भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने मनपा के निर्णय का विरोध करते हुए कहा है की कचरा प्रबंधन नियमों को लागू करने की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। मनपा के इस निर्णय का भाजपा सहित उद्धव गुट से आदित्य ठाकरे और समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने भी अपना विरोध जताया है। भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि मुंबई की जनसंख्या को देखते हुए कचरे के पृथक्करण और उसके संग्रहण में कई सीमाएं हैं। क्या यह झुग्गियों में संभव है? जो लोग इन नियमों का पालन करेंगे, उन्हें कोई प्रोत्साहन देने की कोई योजना नहीं है। ऐसी स्थिति में यह निर्णय 'बीरबल की खिचड़ी' जैसा है, जो कभी पकेगी ही नहीं। वसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर इस फैसले का विरोध किया।

# फेरीवालों का हक़ नहीं मिला

## आज ठाणे मनपा के सामने धरना

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका द्वारा फेरीवालों की मांगों की अनदेखी के चलते अब फेरीवाले आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हो गए हैं। 19 मार्च को दिवा प्रभाग समिति पर फेरीवालों ने मोर्चा निकाला था, इसके बाद 24 मार्च को आयुक्त से मुलाकात कर चर्चा की गई और 28 मार्च को ठाणे के अतिक्रमण उपायुक्त, फेरीवाला चुनाव अधिकारी, जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। बावजूद इसके मांगें नहीं मानी गईं, जिससे नाराज़ होकर अब दो अप्रैल को सुबह 11 बजे ठाणे महानगरपालिका कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। फेरीवालों की प्रमुख मांगों में नगरपथविक्रेता समिति के चुनाव में मताधिकार देना, ठाणे में मुंबई की तर्ज पर ज़ोनल कमेटी का गठन करना, 2016 और 2019 के गलत सर्वे की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करना और जब तक नया सर्वे नहीं होता, तब तक फेरीवालों पर कार्रवाई न करने जैसी मांगें शामिल हैं। दिवा, मुंब्रा, ठाणे, वागले इस्टेट सहित अन्य इलाकों के हजारों फेरीवाले इस आंदोलन में शामिल होंगे। आंदोलनकारी नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो संघर्ष को और तेज़ किया जाएगा। 2014 के फेरीवाला आजीविका कानून को लागू करने, फेरीवालों से अवैध वसूली पर रोक लगाने और जब्ती की कार्रवाई में कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की भी मांग की जा रही है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष अमोल धनराज केंद्रे, विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पथारी हाथगाड़ी एसोसिएशन के कोकण सचिव दीपक भालेराव, दोस्ताना जनसेवा ग्रुप के राजू गुप्ता और अन्य संगठनों के पदाधिकारी कर रहे हैं।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सहायक आयुक्त, 'सी' प्रभाग कार्यालय**
**76, श्रीकांत पालेकर मार्ग, चंदनवाडी, मरीन लाइन्स (पूर्व), मुंबई – 400002**

**क्रमांक : एसी/सी/एमओएच/सी/26349/ दिनांक : 28.03.2025**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति / निविदा**

'सी' प्रभाग स्थित दवाखानों व आरोग्य केंद्रों में स्वच्छता व विविध कार्यों हेतु 09 बहुउद्देशीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए छह माह की अवधि हेतु इस योजना के अंतर्गत कार्य करने के लिए स्थानीय/ अनुभवी संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों की पात्रता सूची तैयार की जा रही है.

इच्छुक स्थानीय/अनुभवी संस्थाओं के लिए न्यूनतम 1 वर्ष का बहुउद्देशीय कर्मचारियों की आपूर्ति का अनुभव अनिवार्य है. ('सी' प्रभाग में उक्त कार्य का अनुभव रखनेवाली संस्थाओं को पहले प्राथमिकता दी जाएगी. कार्य की आवश्यकता अनुसार 01 संस्था की आवश्यकता है. यदि अपेक्षित संख्या में ऐसी संस्थाएं उपलब्ध नहीं होतीं, जिन्होंने 'सी' प्रभाग में संतोषजनक कार्य किया है या कर रही हैं, तो अस्पतालों को बहुउद्देशीय कर्मचारी उपलब्ध कराने का अनुभव रखनेवाली संस्थाओं पर भी विचार किया जाएगा.)

इस कार्य से संबंधित सभी जानकारी, निविदा आवेदन तथा अभिरूचि की अभिव्यक्ति का नमूना इच्छुक स्थानीय संस्थाओं को ₹3900/- (₹3,300/- + 18% जीएसटी) का शुल्क भरने के पश्चात सहायक आयुक्त, 'सी' प्रभाग कार्यालय में 'सी' प्रभाग के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से सिविक फैसिलिटीज सेंटर में दिनांक 02.04.2025 से दिनांक 08.04.2025 तक प्रतिदिन (सार्वजनिक एवं साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर) प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है.

सी वार्ड में संस्था द्वारा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 08.04.2025 (दोपहर 01.00 बजे तक) है.

**हस्ता./-**
**सहायक आयुक्त**
**'सी' प्रभाग**

**पीआरओ/04/विज्ञा./2025-26**

**खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह साफ करें**



**॥ प्रार्थना सभा ॥**



**स्व. दुर्गेश सिंह**

**(16/04/1983-15/03/2025)**

**"नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।"**

मान्यवर,

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे छोटे पुत्र दुर्गेश सिंह का देहावसान **शनिवार, 15 मार्च, 2025** को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है।

आप महानुभाव दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करने की कृपा करें।

**कार्यक्रम**

**दिनांक :** बुधवार, 2 अप्रैल 2025
**समय :** अपराह्न 4:00 से 6:00 बजे तक
**स्थानः** उत्तर भारतीय संघ भवन, प्लॉट नं. 629, एफ - ब्लॉक, टीचर्स कॉलोनी के पास, बांद्रा पूर्व, मुंबई

**रमेश सिंह** (विधायक - शाहगंज, जौनपुर)

**डॉ कुँवर हरिबंश सिंह** (पूर्व सांसद - प्रतापगढ़)

# मोदी ने गजब का राजनीतिक संतुलन साधा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया,क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुंचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुंचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है, वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है,जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह “सक्षम” है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गई थी,जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था। हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद ‘‘मोदी ब्रांड राजनीति” के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले। हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया,लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने “समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा”। साथ ही उन्होंने संघ की “राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका” को रेखांकित करके अपनी “2047 तक विकसित भारत” की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में “महत्वपूर्ण भूमिका” निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने जहां आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का ‘वट वृक्ष’ बताया वहीं उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*अपराधी का घर ढहे, तो ये करें बवाल*
*गद्दारों के कर्म पर, करते नहीं सवाल*
*करते नहीं सवाल,जले घर,बाइक,कारें*
*योर ऑनर उन सब पर नहीं हथौड़ा मारें*
*कह सुरेश घर भरें नोट से,गुम फरियादी*
*अब समझा, क्यों प्यारे लगते हैं अपराधी*

# अमित शाह के दौरे से बजा सियासी बिगुल

पार्टी नेताओं को चुनाव में जीत का मंत्र देते हुए अमित शाह ने कहा कि जो भी कमी है, उसको ताकत में बदलना है। जिन बूथों पर हम हारते हैं या कम वोट आता है,उन बूथों को जीतना है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में यह रणनीति सफल हुई। शाह ने ऐलान किया कि छह अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का यही स्वरुप रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार में स्थिर सरकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ये भी कहा कि जंगलराज नहीं आए, इसके लिए संकल्पित होकर भाजपा काम करेगी। आरजेडी के शासनकाल के जंगलराज के मुद्दे को चुनाव में उठाया जाएगा।

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के क्रम में जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया, वहीं विपक्ष को विभिन्न मुद्दों को लेकर घेरा। उन्होंने राजद और कांग्रेस को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आड़े हाथों लिया तो परिवारवाद को लेकर भी निशाना साधा।

मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख कुमार के आधिकारिक आवास एक अणे मार्ग पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सहयोगियों के साथ इस साल के अंत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की। नीतीश कुमार लंबे समय से बिहार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की धुरी रहे हैं। अमित शाह और शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में यह संकेत साफ हो गया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का अस्तित्व नीतीश कुमार के बिना अधूरा है। इसीलिए बैठक में तय हुआ कि पूरी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन टीम एकजुट होकर अधिक से अधिक सीटें जीतने की रणनीति पर काम करेगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का लक्ष्य इस बार 225 सीटें जीतने का है। बैठक में तय हुआ कि विधानसभा चुनाव से पहले कुछ और साझा चुनावी अभियान चलाए जाएंगे। इस दौरान भाजपा, जदयू, हम और लोजपा रामविलास सहित सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दल मिलकर विपक्ष को घेरेंगे। गौरतलव है कि बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। इनमें से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 225 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। बिहार में सामान्य बहुमत से सरकार बनाने के लिए 122 विधायकों की जरूरत होती है, ऐसे में यदि बिहार में एनडीए 225 सीटें जीतने में सफल रहता है तो गठबंधन को दो तिहाई बहुमत हासिल हो जाएगा। बैठक में इस लक्ष्य को कैसे हासिल करना है, इसको लेकर भी



मंथन हुआ। इसके साथ ही तय हुआ है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन आक्रामक रणनीति के साथ मैदान में उतरेगा। सुशासन और विकास के मुद्दे पर फोकस रहेगा।

पार्टी नेताओं को चुनाव में जीत का मंत्र देते हुए अमित शाह ने कहा कि जो भी कमी है, उसको ताकत में बदलना है। जिन बूथों पर हम हारते हैं या कम वोट आता है, उन बूथों को जीतना है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में यह रणनीति सफल हुई। शाह ने ऐलान किया कि छह अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का यही स्वरूप रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार में स्थिर सरकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ये भी कहा कि जंगलराज नहीं आए, इसके लिए संकल्पित होकर बीजेपी काम करेगी। आरजेडी के शासनकाल के जंगलराज के मुद्दे को चुनाव में उठाया जाएगा।

अपने दौरे के दौरान अमित शाह ने बिहार के पटना में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की 800 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। शाह ने कहा कि विपक्षी सरकारों के शासनकाल में बिहार में सहकारिता को पूरी तरह चौपट कर दिया गया था और सैकड़ों चीनी मिलें बंद हो गईं थीं। उन्होंने कहा कि एक ज़माने में बिहार का चीनी उत्पादन देश के चीनी उत्पादन का 30 प्रतिशत से अधिक था जो विपक्षी सरकारों के कार्यकाल में घटकर 6 प्रतिशत से भी कम रह गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक विपक्षी सरकारों ने बिहार में हत्या, अपहरण, फिरौती, डकैती और लूटपाट की एक इंडस्ट्री चलाई जिसने राज्य को पूरी तरह से बरबाद कर दिया। शाह ने कहा कि बिहार में विपक्षी सरकारों के शासनकाल में जातीय नरसंहार हुए, सत्तापोषित भ्रष्टाचार हुआ और चारा घोटाले से राज्य को देश और दुनिया में बदनाम करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकार को बिहार के इतिहास में हमेशा के लिए जंगल राज के रूप में जाना जाएगा। बिहार में नीतीश सरकार के 10 साल के कार्यकाल में हर गांव तक सड़क, बिजली और नल से जल पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने घर, शौचालय, पानी, दवाएं, राशन देकर बिहार के गरीबों के कल्याण के काम किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली केन्द्र सरकार के 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 2 लाख 80 हज़ार करोड़ रुपए दिए गए थे, जबकि मोदी सरकार के 10 साल में बिहार को 9 लाख 23 हज़ार करोड़ रूपए दिए गए हैं।

शाह ने कहा कि बिहार में 4 लाख करोड़ रूपए के सड़क और पुल, 1 लाख करोड़ रूपए के रेलवे प्रोजेक्ट्स और 2 हज़ार करोड़ रूपए के एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 8 हज़ार करोड़ रुपए से बिहार में 7 बड़े पुलों का निर्माण हो रहा है, 31 हज़ार करोड़ रुपए से 5 हजार किलोमीटर लंबी रेल लाइन बन रही है और देश में पहली किसान रेल भी बिहार से ही शुरू हुई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बिहार में मखाना बोर्ड बनाया और बरौनी के खाद कारखाने सहित 766 अन्य प्रोजेक्ट भी केन्द्र सरकार की मदद से राज्य में शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का विकास का 20 साल का ट्रैक रिकॉर्ड है और अब यहां से जंगलराज समाप्त हो चुका है।

नीतीश कुमार पिछले दो दशकों से बिहार में राजग का ‘‘चेहरा’’ रहे हैं लेकिन अटकलें हैं कि जेडीयू प्रमुख के कथित खराब स्वास्थ्य को देखते हुए भाजपा इस बार अपने फैसले पर पुनर्विचार कर सकती है। पहले, नीतीश कुमार कई बार अचानक राजग का साथ छोड़ चुके हैं। हालांकि, कुमार यह दोहराते रहे हैं कि वे हमेशा के लिए राजग में वापस आ गए हैं। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह ने सभी दलों के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव को लेकर खास प्लानिंग पर विचार किया है। भाजपा के रणनीतिकार और गृह मंत्री अमित शाह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर यूं ही नहीं हमलावर है। इस बार अमित शाह को लालू यादव का वो स्वरूप याद आ रहा है जिन्होंने आरक्षण के रथ पर सवार हो कर भाजपा को आरक्षण विरोधी करार देकर उनके हाथों से जीत छीन ली थी।

**-कुमार कृष्णन**

# सपा नेताओं के बिगड़े-बिगड़े बोल

मुगल आक्रांता औरंगजेब का महिमा मंडन, सैयद सालार मसूद गाजी का गुणगान और मरुधरा के वीर सपूत राणा सांगा पर अपमानजनक टिप्पणी, समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्र नायकों के अपमान का क्रम लगातार जारी है। उत्तर प्रदेश में कथित तौर पर जाति एवं मजहब की राजनीति करने वाली सपा नेताओं के बोल लगातार बिगड़ रहे हैं। सपा नेताओं की अपमानजनक टिप्पणियों के बाद करणी सेना सहित अन्य सामाजिक संगठनों में रोष है लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के नाम पर राजनीति करने वाली सपा नेताओं को इससे कोई सरोकार नहीं है। यही नहीं,सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने नेताओं के बयानों पर आघोषित तौर पर सहमति जताते हुए उनका पक्ष लिया है। इसके बाद समूचे देश में एक बहस शुरू हो गई है, कि क्या राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए राष्ट्र नायकों का अपमान करना जायज है?

मुगल शासक औरंगज़ेब के नाम पर महाराष्ट्र से शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी द्वारा मुगल शासक औरंगज़ेब के महिमा मंडन से शुरू हुआ क्रम अब राजस्थानों के वीर सपूतों के अपमान तक आ पहुंचा है। राष्ट्र नायकों के अपमान का यह काम इस बार भी समाजवादी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने किया है। संसद में बहस के दौरान सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राजस्थान के वीर योद्धा राणा सांगा को “गद्दार” कहकर सनसनी फैला दी है। राणा सांगा के नाम से चर्चित महाराणा संग्राम सिंह उदयपुर में सिसोदिया राजपूत राजवंश के राजा थे। राणा सांगा ने मेवाड़ में 1509 से 1528 तक शासन किया था।

राणा रायमल की मृत्यु के बाद 1509 में राणा सांगा मेवाड़ के महाराणा बनाए गए थे। इन्होंने अपनी शक्ति के बल पर मेवाड़ साम्राज्य का विस्तार किया। राणा सांगा ने विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ सभी राजपूतों को एक किया था। इन्होंने दिल्ली, गुजरात और मालवा, मुगल बादशाहों के आक्रमणों से अपने राज्य की रक्षा भी की थी तथा उस समय के वह



सबसे शक्तिशाली राजा थे। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई अपमानजनक टिप्पणी से पूरे के देश राजपूत समाज में खास रोष है। राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली करणी सेना ने इस अपमान के लिए पूरे देश में आंदोलन का ऐलान किया है। करणी सेना की उत्तर प्रदेश इकाई ने आगरा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया है। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अमु ने राणा सांगा के अपमान करने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन से अपने बयान पर माफी मांगने की बात कही है।

अम्मु ने कहा है कि राजपूत समाज में इस घटना के बाद रोष है तथा इसके लिए सपा सांसद रामजीलाल सुमन एवं उनके पक्ष लेने वाले सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। उधर, सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा है कि उनका बयान एक ऐतिहासिक तथ्य पर आधारित है तथा वह अपने बयान पर माफी नहीं मांगेंगे। इसके बाद यह मामला और गरमा गया है तथा राजपूत समाज और सपा आमने-सामने हो गए हैं। वहीं, राज्यसभा में इस मामले पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रामजीलाल सुमन के विरुद्ध हुए प्रदर्शन में दलित “एंगल” जोड़ दिया है। खड़गे का कहना है कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन के दलित होने के कारण ही राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली करणी सेना उनके विरुद्ध प्रदर्शन कर रही है।

समाजवादी पार्टी द्वारा मुगल शासको और आक्रांताओं का पक्ष लेने का यह कोई पहला मामला नहीं है। औरंगजेब के महिमा मंडन के बाद संभल में सैयद सालार मसूद गाजी के मेले पर रोक के बाद भी सपा योगी सरकार के विरुद्ध बयान बाजी कर रही है। यह मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा ही मानी जाएगी की मुगल शासको और आक्रांताओं के महिमा मंडन के बाद अब समाजवादी पार्टी के नेता महाराणा सांगा जैसे राष्ट्र नायकों का अपमान करने पर उतर आई है। इस संबंध में भाजपा का कहना है कि औरंगजेब से लेकर सैयद सालार गाजी के पक्ष में बयान बाजी करने के बाद अब समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्र नायकों के अपमान का यह कृत्य चुनावी राजनीति के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण ही है। उत्तर प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक समाजवादी पार्टी के नेताओं के बोल इन दिनों बिगड़े हुए हैं, तो सपा सुप्रीमो इन नेताओं का पक्ष लेकर मुस्लिम तुष्टिकरण की हवा को और बढ़ा रहे हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का कहना है कि रामजीलाल सुमन ने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर बयान दिया है। भाजपा द्वारा जब इतिहास के पन्नों को पालटा जा रहा है, तो राणा सांगा के संबंध में दिया गया बयान भी एक ऐसा ही ऐतिहासिक तथ्य है। उधर, बहराइच में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश अपने राष्ट्र नायकों का अपमान अब बर्दाश्त नहीं करेगा। देश के लिए औरंगजेब और सैयद सालार मसूद गाजी नायक नहीं हो सकते हैं। भारत के राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप,राणा सांगा और राजा सुहेलदेव हैं। उधर, पूरे घटनाक्रम पर भाजपा का यह भी कहना है कि उत्तर प्रदेश में हुए उप चुनाव में करारी हार के बाद अब सपा वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए मुस्लिम वोट बैंक का ध्रुवीकरण करना चाहती है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के नेता मुगल शासको एवं आक्रांताओं का महिमा मंडन कर रहे हैं। वहीं, देश के नायकों को भी अपमानित करने लगे हैं

**-प्रदीप कुमार वर्मा**

# तमिलनाडु में हिंदी विरोध का सच

हिंदी विरोध की सोच तमिलनाडु में 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुई। तब भी यह विचार, राष्ट्रीय युगबोध से अलग था। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरूआत हुई,जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा। तमिलनाडु के बजट से रूपए के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिलभाषा वाले प्रतीक के इस्तेमाल पर हंगामा स्वाभाविक है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे,तमिल राजनीति की सोच राष्ट्रीय सहमति से अलग रही है। लिट्टे के खिलाफ जहां देशव्यापी गुस्सा रहा, वहीं डीएमके की राजनीति उसके प्रति राग से भरी रही। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रुपए के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच,अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है। सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करने की भी कोशिश भी रहती है। तमिलनाडु सरकार के उद्वेलित करने वाले हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए बेहतर खाद रहे हैं, इसलिए एक बार फिर स्टालिन को इनसे उम्मीद नजर आ रही है। संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधानसभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका जताई गई थी। इसी वजह से मजबूत केंद्र की अवधारणा की मांग स्वीकार की गई। इसके बावजूद आए दिन कुछ न कुछ राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रूख और राह अख्तियार करने की कोशिश करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में वह पश्चिम बंगाल भी जुड़ गया है, जहां से राष्ट्रवाद की विचारधारा को बल मिला था। तमिलनाडु तो खैर अरसे से ही कई मुद्दों पर अलग रूख अख्तियार करता रहा है। ऐसा करते वक्त तमिल राजनीति इस तथ्य की अनदेखी करती रही है कि संविधान और राष्ट्र की प्राचीन अवधारणा के लिहाज से तमिल धरती पूरी तरह भारतीय है। हिंदी विरोध की सोच तमिलनाडु में 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुई। तब भी यह विचार, राष्ट्रीय युगबोध से अलग था। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरूआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा।

**- उमेश चतुर्वेदी**

आज का कार्टून




साभार

# सख्ती और विकास कार्यों से नक्सल प्रभाव घटा है

बीते 21 मार्च को छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों जब तीस नक्सली मारे गये, तभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाये का ऐलान कर रहे थे। केंद्र सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद के सफाये का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं,लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं,उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार,बीते तीन महीनों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 135 नक्सली मारे जा चुके हैं,जबकि बीते साल मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गये थे। इतने नक्सलियों के मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने का संकेत बिल्कुल साफ है कि अब इनकी कमर टूटती जा रही है। साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का असर था। झारखंड, बिहार,छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुल 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। वैसे तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है,पर इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आयी। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं। मोदी सरकार ने इसे कानून-व्यवस्था का मामला तो माना, इसे सामाजिक नजरिये से भी देखना शुरू किया. कहा जाता रहा है कि



जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरुआत हुई।

बीते आठ साल में 10,718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9,356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया. केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाये जाने शुरू हुए. पेयजल सुविधा बढ़ाने और सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीज देने की कोशिश तेज हुई. गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2014 से अब तक इन मदों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं. डाक विभाग ने नक्सल प्रभावित 90 जिलों में, हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ साल में ही 4,903 नये डाकघर खोले हैं. अप्रैल, 2015 से अब तक 30 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में 1,258 नयी बैंक शाखाएं और 1,348 एटीएम लगाये गए हैं. संचार सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4,080 करोड़ की लागत से 2,343 मोबाइल टावर, तो दूसरे चरण में 2,210 करोड़ से 2,542 मोबाइल टावर लगाये जा रहे हैं. वहां 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है, जिनमें से 121 काम शुरू कर चुके हैं. नक्सलवाद वैसे क्षेत्रों में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी. पर 2014 के बाद हालात बदले.

उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी भी बढ़ायी गयी. इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की, वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआइए ने पांच करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की. नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआइए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया, जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है. ऐसे ही, विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षा बलों पर जोर दिया गया और सूचनाएं साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया. नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों की विशेष ऑपरेशन टीमें गठित की गयीं. सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया. इसके तहत लोकेशन मोबाइल फोन और दूसरी तकनीक सुरक्षा बलों को मुहैया करायी गयी।

# बिहार में सस्ती हुई बिजली, स्मार्ट मीटर वालों की बल्ले-बल्ले

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार सरकार ने लाखों उपभोक्ताओं को राहत देते हुए बिजली दरों में कटौती की घोषणा की है। राज्य में आज से नई बिजली दरें लागू हो गई है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों उपभोक्ताओं को लाभ होगा। 1 अप्रैल 2025 से लागू होने वाली इन दरों के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट की छूट मिलेगी, जबकि ग्रामीण इलाकों में बिजली 54 पैसे प्रति यूनिट सस्ती होगी। महीने में 50 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को यह लाभ मिलेगा। इस श्रेणी के सवा करोड़ उपभोक्ताओं को इसका लाभ होगा।

**स्मार्ट मीटर वालों के लिए खास छूट**

राज्य सरकार ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वालों को अतिरिक्त लाभ देने का फैसला किया है। स्मार्ट मीटर लगवाने के 6 महीने तक उपभोक्ता निर्धारित लोड से अधिक बिजली खपत करने पर भी कोई जुर्माना नहीं देंगे। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में इन उपभोक्ताओं को कुल 79 पैसे प्रति यूनिट तक की बचत होगी।



**कोल्ड स्टोरेज के लिए विशेष दरें**

कोल्ड स्टोरेज के लिए एक नई श्रेणी बनाई गई है। 74 किलोवाट तक के अनुबंध मांग वाले कोल्ड स्टोरेज को एलटी-आईएएस श्रेणी में रखा गया है,जबकि 50 केवीए से 1500 केवीए तक की क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज को अलग श्रेणी दी गई है। औद्योगिक इकाइयों के लिए बिजली दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। साथ ही, डिजिटल भुगतान करने वाले औद्योगिक उपभोक्ताओं को 1% या अधिकतम 50,000 रुपये तक की छूट दी जाएगी।

# बिहार खुले में शौच मुक्त राज्य

**सरकारी प्रयास से 10 साल में 1.46 करोड़ शौचालय तैयार**

महानगर नेटवर्क

मुंगेर

ग्रामीण इलाकों में शौचालय निर्माण और स्वच्छता के क्षेत्र में बिहार ने बड़ी सफलता हासिल की है। राज्यभर में साल 2014 से अब तक करीब 10 सालों में 1 करोड़ 46 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत किया गया है। आंकड़े बताते हैं बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग का यह अभियान पूरे राज्य में सफल रहा है। इस अभियान में सभी श्रेणी के परिवारों को 12 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया। इसके साथ ही लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अब तक 9 हजार 824 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया है। वहीं, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण (वर्ष 2021-22 से 2025 26) के तहत 24.70 लाख शौचालयों का निर्माण किया गया है।





**8 लाख और शौचालय का होगा निर्माण**

बिहार को पूर्ण स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से केंद्र प्रायोजित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं राज्य वित्त संपोषित लोहिया स्वच्छता योजना को राज्य सरकार द्वारा समेकित करते हुए लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का संचालन किया जा रहा है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के तहत अब वितीय वर्ष 2025-26 में करीब 8 लाख नये परिवार या किसी कारणवश छूटे हुए परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय की सुलभता प्रदान करने का राज्य सरकार ने लक्ष्य रखा है।

# वक्फ बिल के विरोध में जेडीयू

- नीतीश अभी तक कुछ नहीं बोले
- MLC गुलाम गौस का दावा

महानगर नेटवर्क

पटना

वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के लोकसभा में पेश होने से पहले बिहार में सियासी पारा गर्मा गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में इस मुद्दे पर घमासान छिड़ा हुआ है। नीतीश की पार्टी के एमएलसी गुलाम गौस ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि जेडीयू वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम नीतीश ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं दिया है। ऐसे में आने वाले समय में स्थिति साफ हो जाएगी।

जेडीयू एमएलसी गुलाम गौस ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस बिल को वापस लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पहले किसानों से जुड़े कानून वापस लिए थे। उन्हें लेकर बहुत लंबा आंदोलन चला, कितने लोग मारे गए,वह नौबत दोबारा नहीं आनी चाहिए। गौस ने दावा किया कि वक्फ संशोधन बिल त्रुटिपूर्ण है। उन्होंने कहा,आप मुझे पटना के महावीर मंदिर या तिरुपति बालाजी मंदिर के ट्रस्ट का सदस्य नहीं बना सकते हैं। यह देश विविधताओं में एकता का देश है। इसलिए, अनावश्यक उन्माद फैलाने की जरूरत नहीं है। गुलाम गौस ने कहा कि जेडीयू वक्फ संशोधन बिल के विरोध में है। किसी एक शख्स के बोलने से पक्ष में नहीं हो सकती है। वह उनका निजी बयान था। नीतीश कुमार ने अभी तक इस पर अपना पक्ष नहीं रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे देखते जाइए, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।



# पति ने बनवाया पत्नी का मंदिर



- शारदा देवी की लगवाई मूर्ति
- खर्च कर दिए रिटायरमेंट के 60 लाख

महानगर नेटवर्क

मोतिहारी

मोतिहारी में रहने वाले पूर्व पंचायत सचिव ने सच करके दिखाया है। उन्होंने अपनी पत्नी की मौत के बाद उसकी याद में एक भव्य मंदिर बनाया है। मोतिहारी के मधुबाई गांव के रहने वाले रिटायर्ड पंचायत सचिव बालकिशुन राम ने अपनी पत्नी शारदा देवी की याद में एक भव्य मंदिर का निर्माण करवाया है। उन्होंने न सिर्फ मंदिर बनवाया है बल्कि पति और पत्नी के बीच जो सात जन्मों का बंधन होता है उसे भी यादगार बना दिया है। आज के जमाने में बात करें तो तलाक की घटनाएं बेहद सामान्य हो गई हैं। वहीं, लोग इतने ज्यादा उग्र हो गए हैं कि वह छोटी-छोटी बातों पर हत्या करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं,लेकिन मोतिहारी के बालकिशुन की कहानी पति-पत्नी के गहरे संबंध को दर्शाती है।

**पत्नी की याद में बनवाया मंदिर**

बालकिशुन राम की पत्नी शारदा का निधन 6 साल पहले हो गया था। इसके बाद से ही बालकिशुन गमजदा और अकेलापन महसूस करने लगे थे। इसी अकेलेपन को दूर करने के लिए वह अपनी पत्नी की यादों को अनोखी तरीके से संजोने में जुट गए। रिटायरमेंट के दौरान उन्हें करीब 60 लाख मिले थे,जिससे उन्होंने पत्नी की याद में एक मंदिर बनवाया है। मंदिर इतना भव्य और बड़ा है कि उसे बनाने में 3 सालों का समय लगा है।

**पर्यटन मंत्री ने किया उद्घाटन**

इस मंदिर में बालकिशुन ने किसी देवी की नहीं बल्कि अपनी पत्नी की मूर्ति स्थापित की है, जिसका उद्घाटन बिहार राज्य के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह काम आज के समय में कोई साधारण काम नहीं है बल्कि सबसे उत्तम काम है। क्योंकि पति-पत्नी का संबंध उन्हीं को समझ में आता है।

# पति के सामने मौत के आगोश में समा रही थी पत्नी

**बचाने की कोशिश में दोनों की गई जान**

महानगर नेटवर्क

औरंगाबाद

औरंगाबाद अंबा थाना क्षेत्र के नरहर अंबा गांव में बिजली करेंट की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौत हो गयी। मृतकों में उक्त गांव निवासी गुप्तेश्वर पाठक के पुत्र अर्जुन पाठक व अर्जुन पाठक की पत्नी सुनीता देवी शामिल हैं। घटना मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे की है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि दोनों पति-पत्नी अपने घर में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान सुनीता कपड़ा सुखाने के लिए आंगन में डालने गयी थी। इसी दौरान करेंट की चपेट में आ गयी। पत्नी को करेंट से झुलसते देखा तो पति अर्जुन उसे बचाने के लिए गया और वह भी करेंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद दोनों घर में ही मूर्छित अवस्था में पड़े हुए थे। जब उनके पुत्र ने दोनों को मूर्छित अवस्था में देखा तो पड़ोसियों को इसकी सूचना दी।



**परिजनों की चीत्कार से दहला अस्पताल**

सूचना पर जब पड़ोसी पहुंचे तो दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डोक्टरों मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन शव से लिपटकर चीत्कार उठे। परिजनों की चीत्कार से सदर अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। घटना के बाद स्थानीय पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# छपरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**छपरा।** छपरा मंडल कारा से बीती रात एक कैदी फरार हो गया था। फरार कैदी नितेश कुमार को अब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 12 घंटे के अंदर उसकी गिरफ्तारी पुलिस ने की है। इस मामले में तीन सिपाहियों को दोषी मानते हुए उन्हें जेल प्रशासन की ओर से सस्पेंड भी कर दिया गया है. मंगलवार (01 अप्रैल, 2025) को छपरा के एसएसपी डॉक्टर कुमार आशीष और जिलाधिकारी अमन समीर ने मंडल कारा का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा के बाहरी परिसर एवं अंदर के हिस्सों की पूर्ण सुरक्षा कायम रखने के लिए भवन प्रमंडल सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

# मंदिर से 100 साल पुरानी शिवलिंग उठा ले गये चोर

**दूसरी मूर्तियां मिली क्षतिग्रस्त**

**पटना।** नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के कथौली गांव में स्थित प्राचीन शिवालय में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। इस मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक मान्यता है। चोरों ने मंदिर से करीब 100 साल पुरानी शिवलिंग और नंदी महाराज की मूर्ति को चुरा लिया है। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मंदिर में रखी मूर्तियां अत्यंत प्राचीन और कीमती थीं। ग्रामीणों के अनुसार,चोरों ने मंदिर के अन्य मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त करने की कोशिश है।



शिवलिंग की बरामदगी के लिए गुहार मई फरीदा पंचायत के मुखिया धर्मेन्द्र कुमार ने इस घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि यह केवल एक चोरी की घटना नहीं है, बल्कि लोगों की आस्था पर चोट करने का प्रयास है।

# बॉयफ्रेंड से शादी के लिए 5 बच्चों की मां ने रची शर्मनाक साजिश



महानगर नेटवर्क

पटना

बॉयफ्रेंड से दूसरी शादी करने में असफल एक महिला ने शर्मनाक साजिश रची। अपने सात साल के बेटे को बहन के घर छिपा दिया और दो युवकों पर बेटे के अपहरण की एफआईआर दर्ज करा दी। पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला कुछ और निकला। पुलिस ने बच्चे को महिला के बहन के घर से रविवार को बरामद कर लिया। मनियारी थाना पर एसडीपीओ पश्चिमी-2 एसी ज्ञानी ने पूरे मामले का खुलासा किया। मामला बिहार के मुजफ्फरपुर के मनियारी थाना इलाके का है। महिला पांच बच्चों की मां है। एसडीपीओ ने बताया कि 19 जनवरी को महिला ने अपने सात वर्षीय पुत्र का अपहरण होने की लिखित शिकायत मनियारी थाने में की थी। महिला ने आरोप लगाया कि 10 जनवरी को उसके पुत्र का दो युवकों ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि महिला का अपना मायका में ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला को पता चला कि उसके प्रेमी ने किसी और से शादी कर ली और खर्च देना बंद कर दिया।

# तनिष्क के जिस शोरूम में हुई थी करोड़ों की लूट

**उसी में लगी आग, अंदर मौजूद था स्टाफ**

महानगर नेटवर्क

आरा

आरा के जिस तनिष्क शोरूम में मार्च के महीने में 25 करोड़ की लूट हुई थी। उसी में आज (मंगलवार) को आग लग गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह आग ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद जनरेटर में लगी थी। जिस वक्त आग लगी शोरूम में 40 कर्मचारी और ग्राहक भी मौजूद थे। आग लगने की जानकारी सामने आते ही सबसे पहले कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई।

**शोरूम के बेसमेंट में चल रहा था वेल्डिंग का काम': प्रत्यक्षदर्शी**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- 'शोरूम के बेसमेंट में वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी बीच चिंगारी निकलने से बेसमेंट में खड़ी कार में आग लग गई। धीरे-धीरे आग बेकाबू हो गई और पूरे बेसमेंट को चपेट में ले लिया है। आग लगने के कारण धुआं पूरे शोरूम के अंदर फैल गया।

**मौके पर पहुंचा फायर ब्रिगेड**

आरा तनिष्क शोरूम में आग लगने की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई है।



**शोरूम की छत से दूसरे के घरों की छत पर कूदे लोग**

आग लगने की घटना के बारे में जानकारी देते हुए सेल्समैन राहुल ने बताया- 'सभी स्टाफ अपने-अपने फ्लोर पर कस्टमर्स से डील कर रहे थे। इसी बीच धुआं-धुआं हो गया और हालात खराब हो गए। जैसे-तैसे शोरूम से निकलकर बाहर आएं। वहीं, गहनों की खरीददारी कर रहे उमेश कुमार सिंह ने कहा- मैं अपने परिवार के साथ गहने की खरीदारी के लिए यहां आया था। हमने अपनी दो बाइक (होंडा शाइन और अपाचे) बाहर सड़क पर पार्क की। हम लोग खरीददारी कर ही रहे थे की दुकान में धुआं फैल गया। हम लोग छत पर भागे। वहां से दूसरे मकान पर कूदकर किसी तरह जान बचाई।

**व्यापार**

# अक्षय तृतीया पर सोना तोड़ेगा रिकॉर्ड

**एक लाख का आंकड़ा करेगा पार!**

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

ट्रम्प रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद कई तरह के और टैक्स लगाने की धमकी दे चुके हैं, जिसके बाद पूरी दुनिया के निवेशकों में दबाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में निवेशक गोल्ड की ओर भाग रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने के भाव 3,177 डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए, चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। Comex पर सोना 3,157.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,150.30 डॉलर प्रति औंस था। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 3500 डॉलर के पहुंचने का अनुमान है। अगर ऐसा होता है तो भारत में सोने की कीमतें एक लाख रुपए पर पहुंच सकती हैं। कुछ जानकारों का कहना है कि देश की राजधानी दिल्ली में गोल्ड की कीमतें अक्षय तृतीया पर एक लाख रुपए पर आ सकती हैं। 30 अप्रैल को देश में अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया से पहले और त्यौहार के दिन गोल्ड की डिमांड काफी ज्यादा होती है। वहीं दूसरी ओर ट्रम्प टैरिफ थ्रेट का असर सब मिलाकर गोल्ड की कीमतों में इजाफा कर सकते हैं। वैसे मौजूदा साल में दिल्ली में गोल्ड की कीमतों में करीब 17 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिल चुका है। पिछले साल के आखिरी कारोबारी दिन गोल्ड के दाम 78,950 रुपए प्रति 10 ग्राम थे, जोकि 92,150 रुपए पर आ गए हैं।



**न्यूयॉर्क में रिकॉर्ड लैवल पर गोल्ड की कीमत**

अमरीका स्थित न्यूयॉर्क की कॉमिक्स मार्केट में गोल्ड की कीमतें रिकॉर्ड लेवल पर कारोबार कर रही हैं। आंकड़ों के अनुसार गोल्ड फ्यूचर तेजी के साथ 3,162.91 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। खास बात तो यह है कि बीते एक साल में गोल्ड फ्यूचर के दाम 40 फीसदी से ज्यादा बढ़ चुके हैं।

# शेयर बाजार में भूचाल, सेंसेक्स 1390 अंक लुढ़का



महानगर नेटवर्क

मुंबई

मंगलवार 1 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजारों ने नए वित्तीय वर्ष की गिरावट के साथ शुरुआत की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावित टैरिफ ऐलानों के चलते बाजार में भय का माहौल बना हुआ है। सेंसेक्स 1390.41 अंक (1.80%) गिरकर 76,024.51 पर और निफ्टी 353.65 अंक (1.50%) गिरकर 23,165.70 पर बंद हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट वैल्यू 3 लाख करोड़ रुपए घटकर 409.81 लाख करोड़ रुपए हो गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने वाले हैं, जिससे वैश्विक शेयर बाजार में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ट्रंप इस दिन को 'मुक्ति दिवस' करार दे रहे हैं। इससे प्रभावित होने वाले देशों, सेक्टर्स और कंपनियों का अंदाजा अभी बाकी है।

**क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें**

ब्रेंट क्रूड के दाम 1.51 प्रतिशत बढ़कर 74.74 डॉलर प्रति बैरल हो गए हैं, जिससे भारत के आयात बिल को लेकर चिंता बढ़ी है। कच्चे तेल की कीमतों का बढ़ना घरेलू बाजारों के लिए नकारात्मक संकेत है।

# 2030 तक वस्त्र-परिधान निर्यात का लक्ष्य 100 अरब डॉलर

महानगर नेटवर्क

मुंबई

भारत का वस्त्र-परिधान निर्यात 2030 तक बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। इसमें मेन मेड फाइबर वस्त्र (MMF) और तकनीकी वस्त्रों का निर्यात 21 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। दी मेन मेड एंड टेक्निकल टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल - मेटेक्सिल (पूर्व में एसआरटीईपीसी) के वार्षिक निर्यात पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि विश्व में प्राकृतिक रेशे के वस्त्रों की बजाय मानव निर्मित रेशा (MMF) के वस्त्रों का ट्रेंड बढ़ रहा है, क्योंकि यह सस्ता है। अब MMF वस्त्रों के ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग के उपयोग के लिए शोध और विकास कार्य होना चाहिए। अब सततता और सर्कुलैरिटी की मांग बढ़ती जा रही है। इसलिए वैश्विक ब्रांड्स और रिटेलर्स ने सतत और पुनःचक्रणीय वस्त्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए उद्योग पर्यावरण मित्र और पुनःचक्रणीय MMF वस्त्रों की ओर बढ़ रहा है। तकनीकी वस्त्रों में नॉन-वोवन फैब्रिक्स का निर्माण बढ़ रहा है। यह थर्मल या रासायनिक प्रक्रिया है जिनके विशिष्ट लाभ हैं। इसलिए एशिया पैसिफिक और यूरोप में इनकी महत्ता बहुत अधिक है। मेटेक्सिल के चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि भारतीय MMF वस्त्र उद्योग को जो मुख्य समस्या हो रही है, वह प्रोसेसिंग और फिनिशिंग में तकनीकी कौशल की कमी है। इसलिए MMF क्षेत्र के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर्स के साथ सहयोग करना आवश्यक है, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रौद्योगिकी को अपग्रेड करने और ऑटोमेशन बढ़ाने की आवश्यकता है।



# मुंबई में हुई शुरू भारत की पहली पोकेमॉन गो सिटी सफ़ारी

महानगर नेटवर्क

मुंबई

पोकेमॉन गो की भारत में पहली सिटी सफारी शानदार सफलता के साथ संपन्न हुई,क्योंकि हजारों प्रशिक्षक मुंबई के प्रतिष्ठित स्थानों पर एकत्र हुए और खोजबीन और विशेष पोकेमॉन एनकाउंटर के रोमांच में डूब गए। मरीन ड्राइव, कार्टर रोड, गेटवे ऑफ़ इंडिया और नवी मुंबई जैसे ऐतिहासिक स्थलों से लेकर फ़ीनिक्स पैलेडियम तक, प्रतिभागियों ने शहर के जीवंत माहौल के साथ खेल का अनुभव किया। खेल की विशेषताओं, जैसे साड़ी पहने पिकाचु और कुर्ता पहने पिकाचु, ने इस एडवेंचर में एक अनूठा सांस्कृतिक स्पर्श जोड़ा। पोकेमॉन गो के इमर्जिंग मार्केट्स के प्रमुख रेफल सिरेंग ने कहा, "हमने लोगों को एक साथ लाने के लिए वास्तविकता की शक्ति पर विश्वास किया है। यहां मुंबई में पोकेमॉन गो कम्युनिटी की ऊर्जा और जुनून को देखना दरअसल हमारी पहल के साथ लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देना था। यह इस बात का प्रमाण है कि कैसे गेम वास्तविक दुनिया के कनेक्शन और अविस्मरणीय यादें बना सकते हैं।

# 4 अप्रैल को लॉन्च होगा 'पोको C71'



**मुंबई।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक ब्रांड्स में से एक पोको जल्द ही पोको C71 लॉन्च कर बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में नई हलचल मचाने की लिए तैयार है। इसे 'अल्टीमेट ब्लॉकबस्टर' कहा जा रहा है, जो पॉकेट-फ्रेंडली होने के साथ दमदार एंटरटेनमेंट भी देगा। 'पोको C71' भारत में 4 अप्रैल को लॉन्च होगा। इसमें अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा, सबसे स्मूद और सबसे सुरक्षित 6.88 इंच एचडी+120Hz डिस्प्ले दिया गया है,जो ट्रिपल यूवी सर्टिफिकेशन के साथ आपकी आंखों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। फोन की प्रीमियम स्प्लिट ग्रिड डिजाइन इसे स्लीक और स्टाइलिश बनाती है, जबकि इसका पावरफुल परफॉर्मेंस इसे एंटरटेनमेंट और मल्टीटास्किंग के लिए बेहतरीन विकल्प बनाता है।

# सैनी ने किया माइनिंग डम्प ट्रक SKT130S पेश

**नई दिल्ली।** निर्माण, खनन, लॉजिस्टिक्स और ऊर्जा उपकरणों की अग्रणी निर्माता सैनी ने आज पुणे स्थित अपने संयंत्र में भारत का पहला हाइब्रिड ऑफ-हाइवे 100 टन माइनिंग डम्प ट्रक SKT130S लॉन्च किया। यह दमदार मशीन देश में खनन क्षेत्र में तकनीकी आत्मनिर्भरता को नया आयाम देती है और अगली पीढ़ी की माइनिंग मशीनरी के निर्माण में भारत की अग्रणी भूमिका को रेखांकित करती है।

SKT130S का बेजोड़ पावर, कार्यक्षमता और चालक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसमें 925 kW का हाई-परफॉर्मेंस इंजन है, जो 3200 Nm का जबर्दस्त टॉर्क उत्पन्न करता है, जिससे यह कठिनतम खनन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है। इसकी 100 टन की पेलोड क्षमता और 61 क्यूबिक मीटर की बॉडी कैपेसिटी इसे खनन उद्योग के लिए बेहद उपयोगी बनाती है। लॉन्च के मौके पर सैनी इंडिया और साउथ एशिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दीपक गर्ग ने कहा, "SKT130S की पेशकश भारत के माइनिंग सेक्टर में नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। यह भारत का पहला 100 टन डीजल-इलेक्ट्रिक हाइब्रिड माइनिंग ट्रक है, जो यह दिखाता है कि सैनी भारत की विकसित होती औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उच्च-प्रदर्शन और सुरक्षित समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है।



# ऑडी इंडिया ने पहली तिमाही के बिक्री में 17% की वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता कंपनी, ऑडी ने आज 2025 की पहली तिमाही के अपने बिक्री आंकड़ों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने 1,223 गाड़ियों की बिक्री कर सकारात्मक प्रदर्शन किया गया है। 2024 की पहली तिमाही की तुलना में इसमें 17% की वृद्धि हुई है, जो लग्जरी कार बाजार में ब्रांड की बढ़ती मांग को दिखाता है। वर्ष 2025 की पहली तिमाही के प्रभावशाली परिणाम ऑडी इंडिया के विभिन्न प्रोडक्ट्स और सप्लाई चेन की बेहतर स्थिरता का लाभ उठाने के सफल प्रयासों को उजागर करते हैं। इस वृद्धि में प्रमुख योगदानकर्ताओं में ऑडी Q7 और ऑडी Q8 जैसे मॉडलों की निरंतर लोकप्रियता शामिल है। यह अच्छा प्रदर्शन पिछले साल की तरह ही जारी है, जब ऑडी इंडिया ने भारत की सड़कों पर 100,000 गाड़ियाँ बेचने की बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। ऑडी इंडिया के प्रमुख श्री बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, "हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 2025 की शुरुआत हमारे लिए बहुत अच्छी रही है। हमारी बिक्री में जो वृद्धि हुई है, वह दिखाती है कि हमारे ग्राहकों को ऑडी ब्रांड पर कितना भरोसा है और हमारे उत्पादों में कितनी ताकत है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ●फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
●कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)


# प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पर सीएम योगी का बड़ा बयान

## मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं

महानगर संवाददाता

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। ये चर्चाएं प्रधानमंत्री



मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। इस पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री महाराष्ट्र से होगा जिस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

### राजनीति और धर्म का मिलन गलत नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति में धर्म का मिलन गलत नहीं है। ये हमारी गलती है कि हम धर्म को कुछ स्थानों के लिए सीमित कर देते हैं और राजनीति को कुछ लोगों के लिए छोड़ देते हैं। इससे समस्याएं उत्पन्न होती हैं। राजनीति का उद्देश्य स्वार्थों की पूर्ति करना नहीं है बल्कि समाज की भलाई करना है। इसी तरह धर्म का उद्देश्य भी परमार्थ होता है। जब धर्म का प्रयोग स्वार्थ की पूर्ति के लिए होता है तो मुश्किल आती है लेकिन परमार्थ का उद्देश्य होने पर धर्म प्रगति के मार्ग खोलता है।

ने कहा कि मोदी जी ही देश का नेतृत्व करेंगे।

# भाजपा सरकार के नाम बदलने के फैसलों पर भड़कीं मायावती

## कहा- विफलताओं पर पर्दा डालने की कोशिश

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (BSP) की मुखिया मायावती ने नाम बदलने की राजनीति को लेकर भाजपा सरकारों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा की तरह ही उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों की भाजपा सरकारों द्वारा जिलों, शहरों और संस्थानों के नाम बदलने की प्रवृत्ति कानून के शासन का हिस्सा नहीं, बल्कि अपनी विफलताओं को छिपाने की संकीर्ण राजनीति है। बसपा सुप्रीमो ने नसीहत देते हुए कहा कि सरकार को इस मामले में यूपी में चार बार सरकार बना चुकी बसपा से सीख लेनी चाहिए जिसने गुड गवर्नेंस को ध्यान में रखा कर जिले तहसील और यूनिवर्सिटी नये नामों से बनाये। मायावती ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, "यूपी की रही सपा सरकार की तरह ही महाराष्ट्र, उत्तराखंड व यूपी में भाजपा सरकार द्वारा जिला, शहरों व संस्थानों समेत अन्य के नामों को बदलने की प्रवृति कानून के राज का गवर्नेंस नहीं बल्कि द्वेष व भेदभाव के आधार पर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की संकीर्ण राजनीति है।" मायावती ने आगे लिखा, "1995 के अविभाजित उत्तर प्रदेश से लेकर 2012 तक बीएसपी की चार बार रही सरकारों में गुड गवर्नेंस को ध्यान में रखकर अनेकों नई कल्याणकारी योजनाएं व जिले, तहसील, अस्पताल, यूनिवर्सिटी आदि नए नामों से बनाए गए, किसी का नाम न हीं बदला गया।



# शाह से मिले सपा के बागी अभय सिंह समेत तीन विधायक

## योगी कैबिनेट विस्तार की चर्चा तेज

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी से बगावत करके भाजपा प्रत्याशी का समर्थन करने वाले सात में से तीन विधायकों ने मंगलवार को दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। बाहुबली विधायक अभय सिंह के साथ राकेश सिंह और विनोद चतुर्वेदी की अमित शाह से मुलाकात के दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहे। इस मुलाकात के बाद एक बार फिर यूपी की योगी कैबिनेट के विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि सपा से बगावत करने के बाद से ही यह विधायक भविष्य की राजनीति को लेकर चिंतित हैं। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इन विधायकों ने भाजपा का समर्थन किया था। हालांकि विधायकों के भगवा ब्रिगेड में आने के बाद भी



भाजपा को लोकसभा चुनाव में फायदा नहीं हुआ था। ऐसे में इनके भविष्य को लेकर तभी से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच भाजपा में संगठन चुनाव हो रहे हैं और योगी कैबिनेट के विस्तार की चर्चाओं के बीच यह मुलाकात बेहद अहम मानी जा रही है। सपा के बागी विधायक इससे पहले भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लगातार मुलाकात करते रहे हैं। कहा जा रहा है कि आज की मुलाकात में भविष्य में इनकी क्या भूमिका होगी, इस पर चर्चा हुई है। अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा की क्या रणनीति होगी और इन विधायकों को किस तरह से इस्तेमाल होगा, इस पर भी बातचीत हुई है। मुलाकात की जानकारी खुद विधायक अभय सिंह की तरफ से भी सार्वजनिक हुई है। अभय सिंह ने एक्स पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारतीय राजनीति के चाणक्य, देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री आदरणीय श्री अमित शाह जी से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

---

योगी के विधायक का वीडियो वायरल

# केवल मठ वाले ही नहीं, सूर्यवंशी क्षत्रिय हूं, मैं भी श्राप दे सकता हूं


महानगर संवाददाता

बस्ती

यूपी के बस्ती के हरैया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक अजय सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने भ्रम फैलानों वालों को श्राप देते दिखे। दरअसल बस्ती में 25 मार्च को एक युवक की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर पिटाई से मौत का आरोप लगाया था। वहीं यह भी बात कही जा रही थी कि विधायक पुलिस का स्पोर्ट कर रहे हैं जिसकी वजह से तहरीर नहीं लिखी जा रही है। इसे ही लेकर भाजपा एमएलए ने अब अपनी सफाई दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सीएम योगी के विधायक कहते नजर आ रहे हैं, "भ्रम फैलाने की बात हो रही है, खाई भरने की बात हो रही है। आपसे निवेदन है कि अफवाहों से बचें नवरात्र है, ये मत समझिए कि मठ और मंदिरों में पूजा करने वाले ही श्राप दे सकते हैं। मैं सूर्यवंशी क्षत्रिय हूं, नौ दिन का व्रत हूं। मैं माता दुर्गा की सौगंध खाकर कहता हूं कि मैं भी श्राप दे सकता हूं। राजनीति अलग विषय है। इतनी बड़ी घटना हुई, एक ब्राह्मण की हत्या हुई और कह दो कि विधायक कार्रवाई नहीं होने दे रहे हैं, इस तरह की राजनीति में विनाश हो जाएगा।"

**युवक की पिटाई से मौत का आरोप**

दरअसल 25 मार्च को दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव के रहने वाले आदर्श उपाध्याय की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पिटाई से मौत का आरोप लगाया था। इसे



### भाजपा विधायक ने दी सफाई

आदर्श उपाध्याय के घर पहुंचे विधायक ने कहा कि सिपाही के ट्रांसफर के लिए उन्होंने घटना के चार दिन पहले ही पुलिस अधीक्षक से सिफारिश कर दिया था। कारण वह एक अन्य मामले में गड़बड़ी कर रहा था। दूसरा सिपाही जिसे मेरी बिरादरी का बताया जा रहा है वो दूसरी बिरादरी का है। उसका क्षत्रिय बिरादरी से कोई संबंध नहीं है। विपक्षी इस बात का गलत तरीके से प्रचार कर रहे हैं। एक ब्राह्मण की मौत पर राजनीति कर रहे हैं। इस राजनीति से मेरा कोई संबंध नहीं है। मामले में कार्रवाई के लिए मैं पूरे दिन पुलिस और प्रशासन के खिलाफ लगा रहा तथा प्रशासन से सहायता दिलाने के लिए मेरे पहल पर 10 लख की राशि स्वीकृत हुई है।

लेकर सपा और कांग्रेस नेता पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। इस मामले में एसओ को लाइन हाजिर करते हुए एक दरोगा और एक सिपाही को सस्पेंड कर दिया गया। हालांकि इस बीच भाजपा विधायक अजय सिंह पर पुलिस वालों का साथ देने की बात कही जाने लगी।

# पूर्वी यूपी में मौसम की आंख मिचौली जारी

## 2 दिन बाद बढ़ेगी रात की गर्मी

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी की आहट हो गई है। इस बीच पूर्वी यूपी में मौसम की आंख मिचौली चल रही है। दिन में सूरज तेवर दिखा रहा है। आंखें लाल कर लोगों के पसीने छुड़ा रहा है। दिन का तापमान सामान्य से अधिक है। वहीं दूसरी तरफ चंद्रमा की शीतलता पूर्वांचलवासियों को राहत दे रही है। रात में पारा सामान्य से नीचे चला गया है। दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक का अंतर हो गया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 2 दिन बाद रात की गर्मी बढ़ने के आसार हैं। पूर्वी यूपी में मौसम का



अजब रंग दिख रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता कम हो रही है। पहाड़ों से आ रही हवा का प्रभाव कम होने लगा है। सूरज के तेवर तल्ख हो रहे हैं। सोमवार को सूरज के तेवर सुबह से ही तल्ख रहे। दिन चढ़ने के साथ पारा ऊपर उछला। दिन में सूरज की किरणें आग उगलती रहीं। बीते 24 घंटे में दिन के तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस का उछाल हुआ। गोरखपुर में सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सूरज ढलने के बाद तापमान तेजी से नीचे लुढ़क रहा है। इस कारण रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। बीते 24 घंटे में गोरखपुर में रात के तापमान में 0.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई।

# रामजी लाल सुमन का सिर कलम पर 51 लाख इनाम

## राणा सांगा विवाद में कूदी क्षत्रिय सेना

लखनऊ। राणा सांगा को लेकर टिप्पणी का मामला गरमाता ही जा रहा है। राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ करणी सेना ने पहले से मोर्चा खोला हुआ है। उनके आगरा स्थित घर पर हमला भी किया गया। इसे लेकर पूरी समाजवादी पार्टी रामजी लाल सुमन के पक्ष में खड़ी भी हो गई है। इस बीच मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय सेना भी रामजी लाल सुमन के खिलाफ मैदान में उतर



गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर गौरव सिंह राणा ने वीडियो जारी कर सपा और रामजी लाल सुमन पर हमला बोलते हुए सपा सांसद का सिर कलम करने पर 51 लाख रुपए इनाम की घोषणा की है। सपा सांसद के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया गया है।

# आगरा में छात्रा के साथ छेड़छाड़

## विरोध करने पर बुआ को जूतों से पीटा

आगरा। यूपी के आगरा के बरहन के आंवलखेड़ा चौकी क्षेत्र में दलित छात्रा से छेड़छाड़ हुई। भाई ने आरोपित के घर शिकायत की तो उससे मारपीट की गई। चौकी पुलिस से शिकायत करने पर समझौते का दबाव बनाया गया। यही नहीं आरोपित पक्ष ने छात्रा की बुआ को जूते से भी पीटा। मामले के तूल पकड़ने पर पुलिस ने अब केस दर्ज किया है। नौवीं की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला तीन दिन पहले आंवलखेड़ा चौकी पर पहुंचा था। छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया कि विशाल धाकरे नाम का युवक दो माह से परेशान कर रहा है। रास्ता रोक लेता है। दुपट्टा खींचता है। 27 मार्च को शिकायत पर छात्रा के भाई के साथ मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष ने



आंवलखेड़ा चौकी पहुंचा तो पुलिस ने मामला दबाने का प्रयास किया। समझौते का दबाव बनाया। आरोप है कि चौकी पर शिकायत करने पर आरोपित पक्ष ने शनिवार शाम छात्रा की बुआ को जूते से पीटा। आरोप है कि पीड़ित पक्ष को पुलिस के सामने धमकाया।

# संतकबीरनगर के लव ट्रायंगल में ट्विस्ट

## सास ने पहले पति को लौटा दी बेटे की नई नवेली दुल्हन

महानगर संवाददाता

संतकबीरनगर

यूपी के संतकबीरनगर में पति, पत्नी और वो वाली लव ट्रायंगल की कहानी में नया ट्विस्ट आ गया है। यहां पति ने गांव के लड़के से पत्नी के लव अफेयर का पता चलने पर खुद दोनों की शादी करा दी थी। साथ ही यह भी कहा था कि अपने दो बच्चों को वह अकेले ही पाल लेगा। महिला अपने पति की सहमति से जिस प्रेमी के साथ 7 फेरे लेकर नई नवेली दुल्हन के रूप में अपनी नई ससुराल गई थी वहां से सास ने उसे वापस उसके पहले पति और दोनों बच्चों के पास भेज दिया है। सास का कहना है कि उनसे महिला के पहले पति और उसके दो बच्चों का दर्द नहीं देखा जा रहा है। हफ्ते भर बाद वापस सबकी सहमति से महिला अपने पति और बच्चों के पास वापस लौट आई है। अब सब राजी खुशी हैं।

बता दें कि पिछले दिनों संतकबीरनगर की ये कहानी



सोशल मीडिया में खूब चर्चा में थी। यहां एक शादीशुदा महिला (जो दो बच्चों की मां भी है) को गांव के ही एक युवक से प्यार हो गया। गांव में दोनों के बीच संबंधों की चर्चा आम हो गई तो पति को भी इसके बारे में मालूम चल गया। पति ने पहले तो अपना परिवार बचाने की कोशिश की। उसने अपनी पत्नी को काफी समझाया लेकिन जब बात नहीं तो उसने पत्नी और उसके प्रेमी की शादी कराने का फैसला ले लिया। उसने गांववालों को भी अपने फैसले से अवगत करा दिया। पति ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी से कहा कि तुम्हारी शादी करा देते हैं। तुम उसके साथ चली जाओ। बच्चों को मैं पाल लूंगा। इसके बाद पति ने दोनों की शादी का इंतजाम किया। मंदिर में उनका जयमाल और शादी कराई। खुद इस शादी का गवाह भी बना। पति के इस कदम की सोशल मीडिया में खूब चर्चा हो रही थी। कहा जा रहा था कि जब मेरठ, औरैया और कई अन्य जिलों में अवैध संबंधों के चलते क्रूर हत्याएं हो रही हों तो वहां संतकबीरनगर की यह घटना अपने आप में एक मिसाल है। लेकिन अब इस कहानी में उससे भी बड़ा ट्विस्ट आ गया है। महिला जब अपने दो बच्चों और पहले पति को छोड़कर प्रेमी से शादी कर घर पहुंची तो यह बात उसकी नई सास को अच्छी नहीं लगी।

# एक ही बैरक में आने को तड़प रहे साहिल और मुस्कान

## जेल अधिकारियों ने ठुकरा दी डिमांड

महानगर संवाददाता

मेरठ

चर्चित सौरभ हत्याकांड में आरोपी पत्नी मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल जेल में बंद है। दोनों मुलाहिजा बैरक से सामान्य बैरक में शिफ्ट कर दिया गया है। साहिल को 18ए और मुस्कान को 12वीं बैरक में रखा गया है। साहिल और मुस्कान दोनों एक ही बैरक में आने के लिए तड़प रहे हैं। बताया जा रहा है कि साहिल और मुस्कान ने अधिकारियों से एक ही बैरक में



रहने की मांग की थी, लेकिन अधिकारियों ने जेल मैन्युअल का हवाला देकर इस डिमांड को नहीं स्वीकार किया। अधिकारियों ने कहा कि कानून के तहत ऐसा संभव नहीं है। ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर निवासी सौरभ राजपूत की लाश 18 मार्च को ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर स्थित आवास से बरामद की गई थी। उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी उर्फ सोभी ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। शव को काटकर ड्रम में डालकर ऊपर से सीमेंट के घोल से सील कर दिया था। उसके बाद दोनों हिमाचल घूमने चले गए। वहां से लौटने के बाद खुलासा हुआ तो सनसनी फैल गई।

# अयोध्या में एक बार फिर धंसा रामपथ, हादसे की आशंका



महानगर संवाददाता

अयोध्या

अयोध्या का रामपथ एक बार फिर धंस गया। ऐसे में हादसे की आशंका बनी हुई है। कोतवाली नगर के साहबगंज में गुलाबबाड़ी मोड़ के पास मंगलवार को रामपथ धंस गया। स्थानीय लोगों ने पत्थर रखकर किसी तरह से इसे कवर किया है। ऐसे में कहा जा रहा है कि किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है इसके पहले भी कई बार रामपथ कई स्थानों पर धंस चुका है। पहले बारिश के मौसम में ऐसा होता था। इस बार भीषण गर्मी के दौरान यह घटना हुई है। रामपथ के धंसने को लेकर लोक निर्माण विभाग और जल निगम के कई अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से पूर्व में सस्पेंड भी किए जा चुके हैं। बता दें कि इसके पहले 22 जून और 25 जून 2024 को तेज बारिश की वजह से रामनगरी के प्रवेश द्वार के बीच करोड़ों की लागत से नवनिर्मित रामपथ धंस गया था। इसे घोर लापरवाही मानते हुए शासन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तीन और जल निगम के तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया था।

# हमें अनुशासन समझ में आ गया, वो भी सीखें जो सड़क पर

## योगी को इमरान मसूद का जवाब

महानगर संवाददाता

लखनऊ

सड़क पर नमाज बैन पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का सीएम योगी को जवाब दिया है। इमरान मसूद ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सड़क पर नमाज पढ़ने की टिप्पणी पर कहा कि हमें अनुशासन समझ में आ गया है। मैंने खुद लोगों से सड़कों पर नमाज न पढ़ने को कहा है। जब सरकार ने मना कर दिया उस नमाज हो भी नहीं सकती है। प्रापर्टी सरकार की है। लेकिन उन्हें दूसरों को भी अनुशासन सिखाना चाहिए जो



जुलूस निकालकर घंटों-घंटों जाम रखते हैं। दरअसल, योगी ने एक इंटरव्यू में कहा कि योगी ने कहा कि सड़कें चलने के लिए होती हैं और जो लोग हायतौबा मचा रहे हैं उन्हें महाकुंभ में आए हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 66 करोड़ लोग आए। कहीं लूटपाट नहीं हुई, कहीं आगजनी नहीं हुई, कहीं छेड़छाड़ नहीं हुई, कहीं तोड़फोड़ नहीं हुई, कहीं अपहरण नहीं हुआ, यही अनुशासन है, यही धार्मिक अनुशासन है। वे श्रद्धा से आए, महास्नान में शामिल हुए और फिर अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए। त्योहार और उत्सव या ऐसे कोई भी आयोजन अनुशासनहीनता के माध्यम नहीं बनने चाहिए। अगर सुविधा चाहिए तो उस अनुशासन का पालन करना भी सीखिए। सीएम योगी के इस बयान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद भड़क गए।

# जामा मस्जिद कमेटी सदर जफर अली के बेटे व रिश्तेदारों से अशांति का खतरा

महानगर संवाददाता

संभल

जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली के बेटे हैदर अली, भाई मोहम्मद ताहिर एडवोकेट, कमर हुसैन, भतीजे नाजिश और दानिश से अशांति का अंदेशा है। इसके चलते कोतवाली पुलिस ने सभी को एक-एक लाख रुपये के मुचलकों से पाबंद करते हुए नोटिस दिया है। कहा कि है कि यदि माहौल बिगड़ता है तो इन्हें जिम्मेदार माना जाएगा। वहीं, दूसरी ओर अशांति के अंदेशे में शहर के 1800 लोग पहले से पाबंद किए जा चुके हैं। इसमें सांसद जियाउर्रहमान बर्क व उनके पिता ममलूकुर्रहमान बर्क शामिल हैं। जफर अली 24 नवंबर को हुए बवाल कराने की साजिश समेत कई गंभीर आरोप में जेल भेजे जा चुके हैं। उनके बड़े



भाई मोहम्मद ताहिर ने भी पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों पर सवाल उठाए थे। जिससे अशांति का अंदेशा पैदा हुआ। एसआईटी के दरोगा आशीष तोमर की ओर से यह कार्रवाई की गई है। बताया कि अशांति के अंदेशे में जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली के परिवार के सदस्यों को एक-एक लाख रुपये के मुचलके से पाबंद किया गया है। साथ ही नोटिस भी तामील करा दिया गया है।

### अधिवक्ताओं ने कार्रवाई की निंदा की

संभल जिला बार एसोसिएशन की मंगलवार को सभा बार में बैठक हुई। इसमें जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट के बड़े भाई मोहम्मद ताहिर हुसैन भी शामिल हुए। उन्होंने अधिवक्ताओं को पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में बताया। जिस पर सभी अधिवक्ताओं ने रोष जताया। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस तरह से उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**कल हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता**

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम एडवोकेट ने बताया कि जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट जो पेशे से वरिष्ठ अधिवक्ता हैं उनके खिलाफ कार्रवाई पूरी तरह गलत की गई है। उनके परिवार के खिलाफ भी कार्रवाई गलत की जा रही है।

# बीवी की हत्या के बाद तीन दिन तक लाश के साथ रहा पति

महानगर संवाददाता

आगरा

यूपी के आगरा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने पत्नी की गला और हाथों की नस काटकर हत्या कर दी। यहां तक कि लाश को घर में तीन दिन तक छिपाए रखा। जब मोबाइल बंद बताने लगा तो मृतका की बहन मौके पर पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ। उधर, जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ये घटना नाई की मंडी थाना क्षेत्र के सुंदर पाड़ा का है। जहां मध्य प्रदेश के भोपाल की रहने वाली पार्वती के मां-बाप की मौत के बाद वह आगरा के लोहामंडी राजनगर अपनी बड़ी बहन गीता के साथ रहने लगी। इस दौरान यहां रहने वाले शक्ति से उसे प्यार हो गया।

# उत्तराखंड का नाम उत्तर प्रदेश-2 कर दीजिए

## नाम बदलने पर अखिलेश यादव का धामी सरकार पर तंज

महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तराखंड में 15 जगहों के नाम बदलने की घोषणा पर राजनीति शुरू हो गई है। इस फैसले प धामी सरकार पर विपक्ष लगातार हमलावर है। इस बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तराखंड में 15 जगहों के नाम बदलने की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 'उत्तराखंड का नाम भी उत्तर प्रदेश-2 कर दीजिए। इससे पहले कांग्रेस नेता हरीश रावत ने भी इस फैसले पर धामी सरकार को घेरा है। नाम बदलना बीजेपी का एजेंडा बन गया है। क्योंकि बीजेपी के पास असली काम दिखाने के लिए कुछ है नहीं। दरअसल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसला करते हुए हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल और उधमसिंह नगर जिलों में स्थित 15 विभिन्न स्थानों के नाम बदलने की



घोषणा की। धामी ने कहा कि इन स्थानों के नामों में परिवर्तन जनभावना और भारतीय संस्कृति एवं विरासत के अनुरूप किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार, हरिद्वार जिले में औरंगजेबपुर का नाम बदलकर शिवाजी नगर, गाजीवाली का नाम बदलकर आर्यनगर, चांदपुर का नाम ज्योतिबाफुले नगर, मोहम्मदनगर जट का नाम मोहनपुर जट, खानपुर कुर्सली का नाम आंबेडकर नगर, इदरीशपुर का नाम बदलकर नंदपुर, खानपुर का नाम बदलकर श्रीकृष्णपुर और अकबरपुर फाजलपुर का नाम बदलकर विजयनगर कर दिया जाएगा।

# कहीं भी जाकर मर जाओ, नहीं तो हम मार देंगे

मैनपुरी। यूपी में पत्नी के हाथों पतियों की हत्या और पत्नी की धमकी से आहत होकर सुसाइड का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब ऐसी ही घटना मैनपुरी से सामने आई है एक और पति ने पत्नी की धमकी से आहत होकर सुसाइड कर लिया है। मैनपुरी के रहने वाले युवक ने डेढ़ साल पहले ही परिवार की सहमति से लव मैरिज किया था। युवक के परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही युवती का कहीं और अफेयर हो गया था। इसे लेकर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा था। इसी बीच पत्नी ने युवक को कहीं भी जाकर मर जाने की बात कहते हुए हत्या की धमकी दे दी। इसी से आहत होकर युवक ने सोमवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# 200 करोड़ के खनन घोटाले का पर्दाफाश

- बेनामी फ्लैट्स, जमीन की जब्ती
- इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का ऐक्शन

महानगर नेटवर्क
भुवनेश्वर

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने ओडिशा में अवैध खनन से अर्जित 200 करोड़ रुपए की काली कमाई से खरीदी गई संपत्तियों को जब्त कर लिया है। आईटी विभाग ने भुवनेश्वर में 10 हाई-वैल्यू अपार्टमेंट और कटक जिले के अथागढ़ में 11.2 एकड़ जमीन की अस्थायी रूप से अटैचमेंट की है। ये संपत्तियां दिल्ली में रहने वाले ओडिशा के कारोबारी तपस रंजन पांडा के बेनामी खातों के जरिए खरीदी गई थीं। आईटी विभाग की जांच में सामने आया कि तपस रंजन पांडा ने जाजपुर जिले के धर्मशाला तहसील में डंकारी पहाड़ी पर अवैध रूप से पत्थरों का खनन किया। राज्य सरकार ने 2014 के बाद से इस जगह पर किसी को भी खान की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन इसके बावजूद पांडा ने वहां से निकाले गए पत्थरों को 200



करोड़ रुपए में कई खरीदारों को बेचा। आईटी अधिकारियों के मुताबिक पांडा ने अपनी अवैध कमाई को छिपाने के लिए दो बेनामी कंपनियों के नाम पर जमीन और फ्लैट खरीदे।

इन कंपनियों का नियंत्रण पांडा के रिश्तेदारों और कर्मचारियों के हाथों में था, लेकिन असली मालिक वही था। इस पैसे से पांडा ने भुवनेश्वर, गुरुग्राम और गाजियाबाद में कई फ्लैट्स और कटक और भद्रक में जमीन खरीदी।

**काले धन को बना रहा था सफेद**

अधिकारियों के मुताबिक पांडा ने फर्जी इनकम टैक्स और जीएसटी रिटर्न दाखिल करके अपने अवैध कारोबार को वैध दिखाने की कोशिश की। उसने फर्जी बिलिंग के जरिए अपनी बेनामी संपत्तियों को सफेद धन में बदलने की साजिश रची।

**आईटी विभाग का शिकंजा**

बेनामी ट्रांजैक्शंस (प्रोहिबिशन) अमेंडमेंट एक्ट, 2016 के तहत इनकम टैक्स विभाग ने इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से 90 दिनों के लिए जब्त कर लिया है। अगर जांच में इन्हें पूरी तरह बेनामी संपत्ति साबित कर दिया जाता है, तो ये सरकारी संपत्ति में बदल दी जाएंगी।

# दिल्ली दंगे में कपिल मिश्रा पर कोर्ट ने दिया FIR का आदेश

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और रेखा गुप्ता सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ दंगे से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे में संलिप्तता का आरोप लगाकर कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर और जांच की मांग को लेकर एक याचिका दायर की गई थी, जिस पर यह आदेश आया है। राउज एवेन्यू कोर्ट में एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने पाया कि यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास की शिकायत के आधार पर पाया कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध हुआ है, जिसकी और अधिक जांच की आवश्यकता है। जज ने फैसला सुनाते हुए कहा कि चूंकि शिकायतकर्ता ने एक संज्ञेय अपराध को सामने रखा है, इसकी आगे जांच होनी चाहिए। हम कपिल मिश्रा के खिलाफ और जांच का निर्देश देते हैं



क्योंकि पहली नजर में हमारा मानना है कि संज्ञेय अपराध हुआ है। कपिल मिश्रा को इलाके में देखा गया था।' मोहम्मद इलियास ने अगस्त 2024 में कपिल मिश्रा और 5 अन्य के खिलाफ एफआईआर की मांग करते हुए आवेदन दायर किया था। इलियास ने कपिल मिश्रा के अलावा मुस्तफाबाद के भाजपा के तीन नेताओं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक जगदीश प्रधान और सतपाल सांसद के खिलाफ शिकायत की थी। इलियास की तरफ से पेश हुए वकील महमूद प्राचा ने आरोप लगाया कि 23 फरवरी 2020 को उसने (इलियास) ने मिश्रा और उनके सहयोगियों को कर्दमपुरी में सड़क जाम करते हुए और रेहड़ी-पटरियों को नष्ट करते देखा।

# प्रयागराज में बुलडोजर पर यूपी सरकार को 'सुप्रीम फटकार'

**मुआवजा देने का निर्देश**

महानगर नेटवर्क
प्रयागराज

सुप्रीम कोर्ट ने घरों को अवैध रूप से गिराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और प्रयागराज विकास निकाय को फटकार लगाई। प्रयागराज में बुलडोजर से घरों को गिराने पर अदालत ने कहा कि यह हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है। आश्रय का अधिकार और कानून की उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। देश में कानून का शासन है और नागरिकों के आवासीय ढांचों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता। साथ ही, एससी ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को छह हफ्ते के भीतर मकान मालिकों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई दमनकारी तरीके से की गई। साथ ही जोर देकर



कहा कि देश में कानून का शासन है। वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था, जिनके घर ध्वस्त कर दिए गए। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा था कि राज्य सरकार ने यह सोचकर कि जमीन गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद की है, गलत तरीके से घरों को ध्वस्त किया। अतीक अहमद 2023 में मारा गया था। इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घरों को गिराए जाने की कार्रवाई को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था।

**पीड़ितों को समय नहीं देने पर जताई नाराजगी**

सुप्रीम कोर्ट ने बीते 24 मार्च को भी उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा था कि इस कार्रवाई से उनकी अंतरात्मा को धक्का लगा है। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस भुइयां की पीठ ने नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर ही मकानों को बुलडोजर से गिराने और पीड़ितों को अपील करने का समय नहीं देने पर भी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि यह हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है कि किस तरह से आवासीय परिसरों को मनमाने तरीके से ध्वस्त किया गया। जिस तरह से पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, यह चौंकाने वाला है। अदालतें ऐसी प्रक्रिया को बर्दाश्त नहीं कर सकतीं।

# मणिपुर संकट को लेकर पिता का नाम घसीटने पर भड़के सीएम के बेटे

**बीरेन सिंह को खूब सुनाया**



महानगर नेटवर्क
शिलांग

मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने पूर्व मणिपुर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम की ओर से उनके दिवंगत पिता पीए संगमा के बारे में किए गए बयानों पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी। संगमा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि मणिपुर संकट पर राजनीतिक बहस में सीनियर नेता के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है। दरअसल बीरेन सिंह ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट किया था। इसका जवाब देते हुए कॉनराड संगमा ने लिखा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीरेन सिंह ने स्वर्गीय पीए संगमा जी का नाम घसीटा। संगमा जी ने हमेशा पूर्वोत्तर के लोगों के लिए संघर्ष किया। वे पूर्वोत्तर के मुद्दों और अधिकारों के मजबूत पैरोकार रहे। इस समय सभी का प्रयास मणिपुर में शांति और सद्भाव बहाल करने की दिशा में होना चाहिए न कि राजनीतिक दिखावे का।

कॉनराड संगमा ने एकता की अपील करते हुए कहा कि सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है और यही पीए संगमा जी की इच्छा थी। बीरेन सिंह ने अपने पोस्ट में आरोप लगाया था कि पीए संगमा ने पूर्वोत्तर को जातीय आधार पर छोटे राज्यों में बांटने का खतरनाक विचार रखा था। उन्होंने दावा किया कि अब मणिपुर के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर राज्य को अस्थिर करने की कोशिश हो रही है। मणिपुर में चल रहे संकट को वह बाहरी ताकतों से जोड़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि यह हिंसा अपने आप नहीं, बल्कि उन लोगों की ओर से भड़काई गई है, जो सुरक्षित माहौल में हुए विकास से असुरक्षित महसूस करते हैं।

**लगातार बढ़ता जा रहा राजनीतिक तनाव**


एन. बीरेन सिंह ने इनर लाइन परमिट (ILP) और फ्री मूवमेंट रिजीम (FMR) के सख्त नियमों जैसे उपायों का भी जिक्र किया, जो मणिपुर की सीमाओं की सुरक्षा के लिए उठाए गए थे। दरअसल यह टकराव मणिपुर में नेशनल पीपल्स पार्टी (NPP) और भाजपा के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव को दिखाता है। 17 नवंबर, 2024 को कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली NPP ने मणिपुर में भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया था, जिसका कारण बीरेन सिंह सरकार की ओर से लंबे समय से चल रहे जातीय संघर्ष में सामान्य स्थिति बहाल करने में विफलता बताई गई। हालांकि इससे भाजपा सरकार नहीं डगमगाई क्योंकि उसे 37 विधायकों के साथ ही नागा पीपल्स फ्रंट (NPF) और 3 निर्दलीय विधायकों का समर्थन है। बता दें कि मणिपुर में 23 महीनों से अधिक समय से जातीय हिंसा चल रहा है। इस बीच 9 फरवरी 2025 को बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

# पूजा स्थल अधिनियम पर SC ने खारिज की याचिका

**बस बहुत हो चुका, बार-बार मत दाखिल करो**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 'पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991' को चुनौती देने वाली एक नई याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह एक ही मुद्दे पर बार-बार याचिकाओं को स्वीकार नहीं करेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि यह वही याचिका है। बार-बार याचिकाएं और आवेदन दाखिल करना बंद करें। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता नितिन उपाध्याय को यह स्वतंत्रता दी कि यदि उनके पास नए कानूनी आधार हैं, तो वे पहले से लंबित मामलों में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। बता दें कि यह अधिनियम 15 अगस्त



1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों के चरित्र को संरक्षित करने का प्रावधान करता है।

याचिकाकर्ता नितिन उपाध्याय ने अपनी याचिका में 'पूजा स्थल अधिनियम, 1991' की धारा 4 (2) को असंवैधानिक बताते हुए इसे चुनौती दी थी। यह धारा यह प्रावधान करती है कि 15 अगस्त 1947 को जिस पूजा स्थल का जो धार्मिक स्वरूप था, उसे बदला नहीं जा सकता। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि यह प्रावधान न्यायिक उपायों को प्रतिबंधित करता है और संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है। उन्होंने मांग की कि अदालतों को धार्मिक स्थलों की मूल स्थिति निर्धारित करने की अनुमति दी जानी चाहिए और ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर धार्मिक स्थलों की स्थिति में बदलाव की अनुमति दी जानी चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि उनकी याचिका पहले दाखिल की गई याचिकाओं से "थोड़ी अलग" है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट इस तर्क से सहमत नहीं हुआ। अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि नए आधार हैं, तो इसे लंबित मामलों में आवेदन के रूप में दाखिल किया जाए।

# राजस्थान में केमिकल फैक्ट्री में नाइट्रोजन गैस लीक, 3 की मौत

**2 की हालात गंभीर, अफरा-तफरी मची**



महानगर नेटवर्क
अजमेर

अजमेर के ब्यावर में एसिड टैंकर खाली करते समय हुई नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित 3 व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें 2 की हालत गंभीर है। गैस असर से इलाके के जानवर भी परेशान हो गए। इस घटना के बाद जिला प्रशासन ने फैक्ट्री के नजदीक के कई घरों को खाली करवाया दिया है। बताया जा रहा है कि अजमेर शहर के ब्यावर के बलाड रोड सादों का बाडिया में तेजाब फैक्ट्री में सोमवार देर शाम को नाइट्रिक एसिड से भरे टैंकर को खाली करते समय गैस लीक हो गई। इसके बाद क्षेत्र के लोगों की आंखों में जलन, उल्टियां एवं सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

क्षेत्र में अफरा-तफरी का मच गई। इस घटनाक्रम से लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। सांस लेने में तकलीफ होने पर करीब 60 से अधिक पीड़ितों को राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां करीब 14 व्यक्तियों को ऑक्सीजन लगाई गई। अन्य पीड़ितों का भी उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है इस दर्दनाक हादसे में अभी तक तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। कंपनी मालिक सुनील सिंघल (47 वर्ष) भी इस दुर्घटना के शिकार हो गए। सुनील सिंघल पूरी रात गैस को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। पर अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अजमेर जेएलएन हॉस्पिटल रेफर किया गया था। इलाज के दौरान सोमवार रात को ही उनकी मृत्यु हो गई। इसके अतिरिक्त मंगलवार सुबह नरेंद्र सोलंकी (40 वर्ष) और दयाराम (52 वर्ष) की भी मृत्यु हो गई। जेएलएन में 2 मरीज अब भी गंभीर हालत में एडमिट हैं।

उधर प्रशासन ने तेजाब फैक्ट्री सीज कर लोगों का जीवन संकट में डालने को लेकर मामला दर्ज किया है, वहीं रिसाव पर काबू पा लिया गया। टैंकर चालक बाबूलाल ने बताया कि गुजरात से नाइट्रिक एसिड का टैंकर लाकर खाली कर रहे थे। इस दौरान अचानक टैंकर से गैस रिसाव शुरू हो गया। रिसाव रोकने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। कुछ ही देर में गैस आस-पास की कॉलोनियों तक पहुंच गई। लोगों की आंखों में जलन एवं सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

# अजमेर दरगाह में तलवार लेकर घुसा अर्द्धनग्न युवक

**अजमेर।** अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में मंगलवार सुबह एक युवक तलवार लेकर घुस गया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। युवक अर्द्धनग्न अवस्था में था और तलवार लहराने लगा, जिससे वहां मौजूद जायरीन घबरा गए। हालांकि एक साहसी जायरीन ने आगे बढ़कर उसे दबोच लिया और उसकी तलवार छीन ली, जिससे उसके हाथ में चोटें भी आईं। मामला मंगलवार सुबह करीब 11 बजे का है। जब यह घटना घटी, तब करीब एक घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। बाद में दरगाह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर जेएलएन अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए भेज दिया।

# म्यांमार में भूकंप पीड़ितों के लिए देवदूत बना भारत

**मदद के लिए रवाना कर दिए कई युद्धपोत**

महानगर नेटवर्क
म्यांमार

म्यांमार में भूकंप के बाद सबसे पहले भारत ने ही मदद के हाथ आगे बढ़ाए थे। भारत ने मंगलवार को भी 400 टन राहत सामग्री एक युद्धपोत के जरिए म्यांमार भेजी है। इसके अलावा भारत ने राहत-बचाव और तलाशी अभियान के लिए टीम भी भेजी है। भारत सरकार 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के जरिए म्यांमार में भूकंप पीड़ितों की मदद कर रहा है। शुक्रवार को म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें करीब 2 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। भारत



मांडले एयरपोर्ट पर एक अस्पताल भी चला रहा है, जहां घायलों को लाकर इलाज किया जा रहा है। वहीं 80 सदस्यों वाली एनडीआरएफ की टीम गिरी हुई इमारतों के मलबे से लोगों को निकालने में जुटी है। मंगलवार को विशाखापट्टनम पोर्ट से आईएनएस घड़ियाल को 442 मीट्रिक टन राहत सामग्री के साथ रवाना किया गया है। वहीं एसी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के जरिए भी 16 टन राहत सामग्री म्यांमार भेजी गई है। इसके अलावा 30 टन राहत सामग्री पहले ही म्यांमार पहुंचाई जा चुकी है। इसमें खाने का सामान, टेंट और दवाइयां थीं। आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री 50 टन सामग्री लेकर म्यांमार पहुंच चुका है।


**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

म्हाडा MHADA

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

निविदा सूचना क्र. ई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/यूई/08/2024-25

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) डिवीजन, मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 536, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 द्वारा मुंबई उपनगर जिला में समुचित श्रेणी में एमएसआईबी/पीडब्ल्यूडी के साथ पंजीकृत बेरोजगार अभियंताओं से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में 03 कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज बिक्री की आरंभिक तिथि 02.04.2025, सुबह 10.05 बजे से है तथा निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 09.04.2025, सायं. 6.15 बजे तक है। शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि है, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा। सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

Follow us: @mhadaofficial

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम. एस. आई. बी. बोर्ड, मुंबई

सीपीआरओ/ए/232

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था


# राणा सांगा विवाद: 'सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण'

**धनखड़ ने रामजी लाल सुमन की सुरक्षा पर जताई चिंता**

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी मामले में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, जहां उनकी टिप्पणी के चलते उन्हें कई तरह की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राम गोपाल यादव से अपील की कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने साथी सांसद रामजी लाल



सुमन पर की गई धमकियों के मामले को शांत कराएं।

बता दें कि सपा सांसद सुमन ने सदन में राणा सांगा को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और एनडीए के सदस्य नाराज हो गए थे। इसके बाद सभापति ने उनकी टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया था। इन टिप्पणियों को लेकर सुमन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले पर शून्यकाल के दौरान धनखड़ ने सपा सांसदों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को खारिज कर दिया, जिसमें सुमन को मिली धमकियों और हमले के प्रयास पर चर्चा करने की मांग की गई थी। सभापति ने यह भी कहा कि प्रत्येक सांसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इस पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही धनखड़ ने यादव से यह भी अनुरोध किया कि वे इस मामले को शांत करें और ऐसी टिप्पणियों को फिर से न दोहराएं। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने इस मुद्दे को राज्यसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि सुमन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने सुमन की जान के बदले 25 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है।

यादव ने कहा कि यह विषय गंभीर है और सांसदों की सुरक्षा का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। इसको लेकर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इस पर अपनी चिंता जताई और पूछा कि जब यादव जैसे वरिष्ठ सांसद सुरक्षा पर बात कर रहे हैं, तो सरकार को इससे परेशानी क्यों हो रही है।

# झारखंड में दो मालगाड़ियां टकराईं, दो लोको पायलट की मौत



महानगर नेटवर्क
साहिबगंज

झारखंड में मंगलवार को बड़े रेल हादसे की खबर सामने आई है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, झारखंड के साहिबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर हो गई है। एक खाली मालगाड़ी को कोयले से लदी मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोको पायलट की मौत की खबर सामने आई है। दरअसल ये पूरी घटना साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र पर स्थित फरक्का-ललमटिया एमजीआर रेलवे लाइन पर हुई है। जानकारी के मुताबिक फरक्का की ओर से आ रही खाली मालगाड़ी बरहेट एमटी पर खड़ी थी जब कि ललमटिया की ओर से जा रही कोयला लदे भूपास मालगाड़ी ने इसे जोरदार टक्कर मार दिया। यह घटना अहले सुबह 3: 30 बजे की बताई जा रही है। झारखंड के साहिबगंज में हुए इस भीषण रेल हादसे में दो लोको पायलट सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है।

# यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग ने किया भारत में पहला क्रॉस-जेनेरेशनल प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व





**नई दिल्ली \ मुंबई।** यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग ने भारत में अपने अभूतपूर्व क्रॉस-जेनेरेशनल प्रतिनिधिमंडल का समापन किया है, जिसमें 19 से 75 वर्ष की आयु के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया है, जो पारंपरिक शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल मॉडल को चुनौती देने वाले अंतर्राष्ट्रीय जुड़ाव के लिए एक अभिनव दृष्टिकोण है। प्रो वाइस-चांसलर (अंतर्राष्ट्रीय) डॉ. कैरोलीन बेलोन के नेतृत्व में सप्ताह भर की रणनीतिक यात्रा मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु में हुई, जिसमें भारत में विश्वविद्यालय की उपस्थिति को मजबूत करने और सहयोगी अवसरों का पता लगाने के लिए 15 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी निकायों और उद्योग भागीदारों के साथ बातचीत की गई। इस प्रतिनिधि मंडल की खासियत इसकी जान बूझकर विविध आयु संरचना थी, जो अंतरराष्ट्रीय साझेदारी निर्माण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण बनाने के लिए दशकों के शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव के साथ नए छात्र दृष्टिकोणों को जोड़ती है।

**औरतों के हक पर पाबंदियां, हिंदुओं में खौफ**

# यूनुस की नाक के नीचे तालीबानी रास्ते पर बांग्लादेश

महानगर नेटवर्क
ढाका

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की हुकूमत के खात्मे के बाद यूनुस सरकार में मजहबी कट्टरपंथी एक्टिव हो गए हैं। इस्लामी कट्टरपंथी संगठन बांग्लादेश में नए-नए तालीबानी फरमान जारी करने शुरू कर दिए हैं। एक तरफ जहां नौजवान लड़कियों के फुटबॉल खेलने पर पाबंदी लगा दी गई है, वहीं दूसरी तरफ एक शख्स ने जिसने एक औरत को हिजाब न पहनने पर परेशान किया था, उसे फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

बांग्लादेश के कई हिस्सों में अब मजहबी जुनून का असर दिखने लगा है। ढाका में हजारों लोगों की भीड़



ने एक रैली निकाली, जिसमें मांग की गई कि अगर कोई इस्लाम की बेइज्जती करता है, तो उसे फांसी दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं की, तो वे खुद ही सजा देंगे। कुछ ही दिनों बाद एक प्रतिबंधित संगठन ने जुलूस निकालकर बांग्लादेश को इस्लामी खिलाफत में तब्दील करने की मांग रखी। ये सब अमेरिका के मशहूर अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में सामने आया है। साल 2009 में बांग्लादेश में बैन हो चुकी संस्था हिज्ब उत-तहरीर ने मार्च के महीने में पहली बार खुलकर रैली निकाली। इस संगठन के हजारों समर्थक बैतुल मुकर्रम नेशनल मस्जिद के बाहर जमा हुए और खिलाफत मार्च किया।

**यूनुस ने अपना रखा है नरम रवैया**

इस वक्त बांग्लादेश की अस्थायी सरकार की बागडोर मोहम्मद यूनुस के हाथ में है। यूनुस की सरकार पर यह आरोप लग रहे हैं कि वह इन कट्टरपंथी ताकतों पर कड़ा रुख नहीं अपना रही। आलोचकों का कहना है कि यूनुस सिर्फ लोकतांत्रिक सुधारों में उलझे हुए हैं और कट्टरपंथ के बढ़ते प्रभाव पर उनका ध्यान नहीं है।


**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**

जलनि:सारण विभाग

- मुदतवाढीचे शुध्दीपत्रक -

निविदा सूचना क्र. ४६/२०२४-२५

१) Tender ID-2025_KDMC_1163718_1
२) Tender ID-2025_KDMC_1164017_1

| वृत्तपत्रात प्रसिध्द झालेला मजकूर | प्रसिध्द झालेल्या मजकूराऐवजी वाचण्यात येणारा मजकूर |
|---|---|
| कारे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २४/०३/२०२५ ते ०१/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि.०१/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि.०२/०४/२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल. | कारे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २४/०३/२०२५ ते ०३/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि.०३/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि.०४/०४/२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल. |

जा.क्र. कडोंमपा/जसंवि/मुका/०२
दि. ०१/०४/२०२५

सही/-
शहर अभियंता,
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका
कल्याण.



# चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा

**चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-उपासना करने का विधान होता है। नवरात्रि पर हर एक दिन देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-उपासना करने का विधान होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां कुष्मांडा की पूजा और उपासना करने से भक्तों की सभी तरह के रोग, कष्ट और शोक समाप्त हो जाते हैं। नवरात्रि में मां के इस रूप की पूजा करने से पर भक्तों की आयु, यश, कीर्ति, बल और आरोग्यता में वृद्धि होती है। भगवती पुराण में देवी कुष्मांडा को अष्टभुजा से युक्त बताया है।**

### मां कुष्मांडा का स्वरूप

मां कुष्मांडा का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और दिव्य है। उनके आठ भुजाएं हैं, जिनमें कमंडल, धनुष, बाण, कमल का फूल, अमृत कलश, चक्र, गदा और जप माला धारण किए हुए हैं। मां सिंह की सवारी करती हैं। उनका यह स्वरूप शक्ति, समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है।

### पूजा का महत्व

विशेष रूप से माना जाता है कि मां की कृपा से भक्तों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। देवी कुष्मांडा रोगों का नाश करने वाली और आयु में वृद्धि करने वाली मानी जाती हैं। मां कुष्मांडा की पूजा करने से भक्तों के सभी रोग, दुख और कष्ट समाप्त हो जाते हैं। इनकी पूजा से आयु, यश, बल और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इनके पूजन से असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है और मनुष्य की आरोग्यता बनी रहती है। मां कुष्मांडा की आराधना से जीवन में सभी प्रकार की समृद्धि और सुख-शांति का प्रवेश होता है। नवरात्रि उपासना में चौथे दिन इन्ही के विग्रह का पूजन-आराधना किया जाता है।

### मां कुष्मांडा की पूजा विधि

स्वच्छ वस्त्र धारण करें और अपने पूजन स्थल को शुद्ध करें। मां कुष्मांडा की प्रतिमा या चित्र को पूजा स्थल पर स्थापित करें। मां का ध्यान कर उन्हें आमंत्रित करें। यह ध्यान करते समय मां के दिव्य स्वरूप की कल्पना करें। इसके बाद जल और पंचामृत से स्नान कराएं। फिर मां को सुंदर वस्त्र, फूल, माला और आभूषण अर्पित करें। विशेष रूप से, कुम्हड़ा (कद्दू) का भोग मां को अर्पित करना शुभ माना जाता है। मां को भोग में मिष्ठान्न, फल, नारियल और विशेष भोग अर्पित करें। मां कुष्मांडा को सफेद चीजों का भोग लगाना शुभ होता है। अंत में मां की आरती उतारें और उन्हें दीपक, धूप और गंध अर्पित करें।

# त्वचा को खूबसूरत बनाने के उपाय

गर्मी के दिनों में पसीना आना आम बात है, ऐसे में शरीर से बदबू आने लगती है। जो कई बार शर्मिंदगी का कारण बन जाती है। परफ्यूम लगाने के बाद भी आपको लगातार पसीना और बदबू आ रही है, तो अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे, जिन्हें पानी में डालकर नहाने से पसीने की बदबू से छुटकारा मिलेगा।

### गुलाब जल का इस्तेमाल

नहाते टाइम आप पानी में गुलाब जल डाल सकते हैं। इससे आपके शरीर से बदबू दूर होगी और त्वचा खूबसूरत दिखेगी। इसके अलावा आप नींबू का रस भी पानी में डाल सकते हैं। ऐसा करने से शरीर पर मौजूद बैक्टीरिया मरते हैं और बदबू दूर होती है। अगर आप अपने पास से बदबू दूर करना चाहते हैं और खूबसूरत दिखना चाहते हैं, तो आप नहाने के पानी में चंदन पाउडर भी मिला सकते हैं।

### पुदीने की पत्तियां

पुदीने की पत्तियां त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करती है और शरीर को गर्मी के मौसम में ठंडक पहुंचती है। यह बदबू पैदा होने वाले बैक्टीरिया को भी मारने में काफी मदद करती है। इसके अलावा आप नहाने के पानी में लैवेंडर तेल डाल सकते हैं, यह त्वचा को सुगंधित बनता है। इन सब चीजों का इस्तेमाल करने से पहले एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। अगर ये आपकी स्किन पर सूट नहीं होते हैं, तो आप इनका इस्तेमाल करना बंद कर दें।

### इन बातों का रखें ध्यान

इन चीजों को पानी में मिलाकर नहाने से आप पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं, लोकिन ध्यान रहे इन चीजों का सीमित मात्रा में इस्तेमाल करें। जरूरत से ज्यादा उपयोग करने से कुछ लोगों को समस्या हो सकती है। इसके अलावा नहाने के बाद आप चाहे तो शरीर पर मॉइश्चराइजर या लोशन लगा सकते हैं। ध्यान रहे कुछ लोगों को इन चीजों से एलर्जी हो सकती है। अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।





# गर्मी में चाय-कॉफी या कोल्ड ड्रिंक हद से ज्यादा न पिएं

शीतल पेय, कॉफी, चाय और शराब जैसे पेय पदार्थ पीने से निर्जलीकरण हो सकता है। एडवाइजरी में कहा गया है कि हाई प्रोटीन वाला खाना न खाएं। साथ ही स्ट्रीट फूड खाने से भी बचें। घर में खाना बनाते समय दरवाजे और खिड़कियां खुली रखें। सरकार की सलाह में कहा गया है कि शीतल पेय, कॉफी, चाय और शराब जैसे पेय पदार्थ पीने से निर्जलीकरण (पानी की कमी) हो सकता है। एडवाइजरी में कहा गया है कि हाई प्रोटीन वाला खाना न खाएं। साथ ही स्ट्रीट फूड खाने से भी बचें। घर में खाना बनाते समय दरवाजे और खिड़कियां खुली रखें।

पर्याप्त पानी पियें। भले ही आपको प्यास न लगे, फिर भी जितनी बार हो सके पानी पियें। हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय चश्मा, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहर जाने से बचें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक पीने से बचें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर और चेहरे को हल्के सूती कपड़े से ढकें। यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।



# बच्चों को समय पर सोना बहुत जरूरी

अगर आपका बच्चा रात में देर तक जागता है और दिन में सोता है, तो यह आपके लिए और आपके बच्चे के लिए थकान भरा हो सकता है। यहां कुछ आसान उपाय दिए गए हैं जो बच्चे को जल्दी सोने में मदद करेंगे..

**रोजाना समय पर सुलाएं:** हर दिन एक ही समय पर बच्चे को सुलाने की कोशिश करें। इससे उनका शरीर उस समय के हिसाब से आदत डाल लेगा और वे आसानी से सो जाएंगे।

**खेल-कूद का समय बढ़ाएं:** दिन में बच्चे को खूब खेलने दें। खेलने से उनकी ऊर्जा खर्च होती है और वे थक कर रात में अच्छी तरह से सो पाते हैं।

**शांत संगीत सुनाएं:** सोने से पहले बच्चे को शांत संगीत सुनाना फायदेमंद हो सकता है। यह उन्हें शांत करता है और सोने में मदद करता है।

**गैजेट्स से दूर रखें:** सोने से पहले बच्चे को टीवी, मोबाइल फोन और अन्य स्क्रीन से दूर रखें। इनकी रोशनी और गतिविधियां नींद को खराब कर सकती हैं।

**सोने से पहले करें ये काम :** बच्चे को नियमित रूप से सोने से पहले नहलाना, हल्की मसाज देना शामिल करें। यह उन्हें सोने के लिए तैयार करता है और उन्हें अच्छी नींद आने में मदद करता है।



# दाल-चावल के 5 फायदे

अगर आप भी चावल-दाल के शौकीन है तो ये खबर आपके लिए है। ज्यादातर भारतीयों का पसंदीदा और सबसे आराम से बन जाने वाला दाल-चावल वजन कम करने के लिए सबसे अच्छा फूड है। इसके अलावा दाल-चावल खाने से कई और फायदे मिलते हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि दाल-चालव खाने से वजन तेजी से बढ़ता है लेकिन ऐसा नहीं है। दाल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, प्रोटीन और चावल का फाइबर मिलकर वेट लॉस में मददगार होते हैं। यहां जानिए दाल-चावल खाने के 5 फायदे...

**1.मांसपेशियां-टिशू रिपेयर का काम**
दाल खाने से शाकाहारी लोगों को अच्छी-खासी मात्रा में प्रोटीन मिल जाता है,लेकिन हाई प्रोटीन के लिए तुअर, मूंग या चना दाल ही खाना चाहिए। शरीर में अच्छी मात्रा में प्रोटीन मिलने से मांसपेशियों का निर्माण और टिशू रिपेयर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही स्टीम राइस से गुड कार्ब्स शरीर को मिलते हैं।

**2. पोषक तत्वों का खजाना**
डाइटिशियन के मुताबिक, एक कप सफेद चावल में रोजाना की जरूरत का 37 प्रतिशत मैंगनीज और 17 परसेंट सेलेनियम होता है। वहीं, 4 बड़े चम्मच अगर दाल ले ली जाए तो उसमें 12 फीसदी मैंगनीज, 8 प्रतिशत आयरन और 20 परसेंट फोलेट शरीर को मिल जाता है। दाल-चावल बी कॉम्प्लेक्स विटामिन के लिए भी अच्छा फूड है।

**3. पाचन बनाए जबरदस्त**
दाल-चावल दोनों में फाइबर खूब पाया जाता है। इसे खाने से कब्ज जैसी समस्याएं दूर होती हैं। अगर दाल का तड़का हींग और जीरा से लगाया जाए, तो मेटाबॉलिज्म तेज होगा और पाचन काफी मजबूत होगा।

**4. संपूर्ण भोजन**
दाल में कई तरह के जरूरी अमीनो एसिड पाए जाते हैं,जो सिर्फ खाने से ही मिल सकता है। यही कारण है कि दाल-चावल को संपूर्ण भोजन माना जाता है, क्योंकि इससे ज्यादा अमीनो एसिड मिलता है, जो सेहत के लिए आवश्यक होते हैं।

**5. क्रेविंग कंट्रोल करे**
दाल-चावल खाने से पेट काफी समय तक भरा-भरा रहता है। इसकी वजह से एक्स्ट्रा कैलोरी से शरीर बच जाता है। इसके साथ ही फाइबर और प्रोटीन की वजह से शरीर का वजन भी कंट्रोल रहता है। इससे वजन बढ़ नहीं पाता है और मोटापे जैसी समस्याएं भी नहीं होती हैं।

# गर्मी में सब्जी फ्रेश रखने के उपाय

गर्मियों में अक्सर सब्जियां जल्दी खराब हो जाती हैं। इससे न सिर्फ सब्जियों का स्वाद बिगड़ता है, बल्कि उनके पोषक तत्व भी कम हो जाते हैं। लेकिन, थोड़ी सी सावधानी और कुछ आसान टिप्स को अपनाकर आप गर्मियों में भी अपनी सब्जियों को फ्रेश और ताजा रख सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप सब्जियों को सही तरह से स्टोर कर सकते हैं और क्या करें कि उनकी ताजगी लंबे समय तक बनी रहे। चलिए जानते हैं कुछ आसान टिप्स..

### सब्जियों को सूखा रखें

सब्जियों को धोने के बाद हमेशा अच्छे से सुखा लें, क्योंकि अगर वे गीली रहेंगी, तो जल्दी खराब हो सकती हैं। इसलिए, उन्हें पूरी तरह से सुखाने के बाद ही फ्रिज में रखें। यह सब्जियों को लंबे समय तक ताजा रखने में मदद करता है।

### फ्रिज का सही इस्तेमाल

अपने फ्रिज का तापमान हमेशा 1 से 4 डिग्री सेल्सियस के बीच रखना चाहिए। यह तापमान सब्जियों के लिए बिल्कुल सही होता है और उन्हें ज्यादा दिन तक ताजा रखने में मदद करता है। इस तापमान पर रखने से सब्जियां ना सिर्फ ताजा रहती हैं,बल्कि उनका स्वाद और पोषक तत्व भी बचे रहते हैं। इसलिए, फ्रिज के तापमान को सही सेट करना बहुत जरूरी है, ताकि आपकी सब्जियां हमेशा फ्रेश और स्वादिष्ट बनी रहें।

### सब्जियों को खोलकर रखें

सब्जियों को एक-दूसरे के ऊपर मत रखें। उन्हें थोड़ी दूरी पर रखो ताकि हवा अच्छे से उन तक पहुंचे। इससे सब्जियां ज्यादा दिन तक फ्रेश रहेंगी। जब सब्जियां अच्छे से हवा में रहती हैं,तो वे लंबे समय तक अच्छी रहती हैं और उनके स्वाद और पोषक तत्व भी बचे रहते हैं।

### अलग-अलग स्टोर करने का तरीका

कुछ सब्जियां जैसे टमाटर और खीरा, फ्रिज में नहीं रखनी चाहिए। इन्हें बेहतर है कि कमरे के तापमान पर रखें। अगर ये सब्जियां बहुत ठंड में रखी जाएं तो ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इसलिए, इन्हें नॉर्मल तापमान पर रखने से ये ज्यादा समय तक ताजा रहेंगी।

### पेपर टॉवेल का प्रयोग

सब्जियों को पेपर टॉवेल में लपेटें। यह उनसे अतिरिक्त नमी को सोख लेगा और उन्हें लंबे समय तक फ्रेश रखेगा। ये सभी टिप्स आपकी सब्जियों को गर्मियों में भी ताजा रखने में मदद करेंगे। इन्हें अपनाकर आप अपने खाने को हेल्दी और स्वादिष्ट बना सकते हैं।



# मिट्टी के घड़े का पानी हेल्थ के लिए अच्छा

अगर आप घड़े और सुराही का पानी पीते हैं, तो यह जानना जरूरी है कि उनकी सफाई किस तरह से करनी चाहिए। घड़े और सुराही का पानी न सिर्फ ठंडा रहता है बल्कि यह पानी पीने में भी स्वादिष्ट लगता है हालांकि, अगर इनकी सही से सफाई न की जाए तो इससे पानी में कीटाणु ब ढ़ सकते हैं जो आपको बीमार भी कर सकते हैं...

### रोजाना सफाई करें:

हर रोज सुराही या घड़े को खाली करें और गर्म पानी से अच्छी तरह से धोएं। इससे अंदर जमा गंदगी और कीटाणु निकल जाएंगे।

### ब्रश का उपयोग करें:

एक लंबे हैंडल वाला ब्रश लें जो घड़े या सुराही के अंदर तक पहुंच सके। इससे अंदर की सतहों को अच्छी तरह से साफ किया जा सकता है।

### विनेगर का उपयोग करें:

महीने में एक बार विनेगर और पानी का मिश्रण बनाकर उससे घड़े या सुराही को धोएं। विनेगर कीटाणुनाशक होता है और यह गंध को भी दूर करता है।

### बेकिंग सोडा का उपयोग :

एक कटोरी में एक चमच बेकिंग सोडा, एक बड़ा चमच सफेद सिरका और थोड़ा सा नमक मिलाकर एक घोल बना लें। इसे घड़े में डालें और ब्रश से रगड़ें।



# बच्चों में संस्कार की शुरुआत का पहला कदम पाठशाला

श्री जैन धार्मिक शिक्षा संघ के उपाध्यक्ष श्री संजयभाई जीवनलाल शाह ने कहा कि बच्चों में संस्कार की शुरुआत का पहला कदम पाठशाला ही है। जैन शासन का प्राण ही पाठशाला है। पाठशाला से निकलने वाले लड़के-लड़कियां भविष्य के जैन शासन के साधु-साध्वी, सुश्राविका, सुश्रावक, जैन ट्रस्टी, जैन स्वयंसेवक, जैन रक्षक बनेंगे। श्री धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा वर्ष 2025 में कक्षा 1 से 36 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित धार्मिक परीक्षा के परिणाम घोषित हुआ। श्री चंद्रप्रभ देरासर, प्रार्थना समाज भारत के 200 से अधिक केन्द्रों पर एक ही समय में एक कक्षा से लेकर 36वीं कक्षा तक की परीक्षा दी पंन्यास भगवंत श्री हीर रत्न विजयजी महाराज साहब के निश्रा में इस 15000 विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया श्री धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा गुरुदेव को का1मली अर्पण की पंन्यास भगवंत श्री हीर रत्न विजयजी महाराज साहब ने कहा कि यदि जैन शिक्षा को पांच वर्ष से 14 वर्ष की आयु तक विदेशी भाषा संस्कृत भाषा अंग्रेजी भाषा सहित धार्मिक शिक्षा की नई तकनीक के माध्यम से प्रदान किया जाए तो उनका विकास अवश्य होगा। धार्मिक शिक्षा की इस नई तकनीक से भारत ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों में रहने वाले जैन बच्चों को भी लाभ मिलेगा। आज के समय में बच्चों को धार्मिक ज्ञान देना संस्था की पहली प्राथमिकता है। बच्चों में धार्मिक संस्कार होंगे तो उनका विकास अवश्य होगा, इसके लिए संस्था अथक प्रयास कर रही है, ट्रस्टी श्री अशोक नरसिंह चरला ने कहा मुंबई के 450 से अधिक स्कूलों में 1300 से अधिक शिक्षक अपना योगदान दे रहे हैं। आज मुंबई के स्कूलों में 35,000 से अधिक बच्चे धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर श्री जैन धार्मिक शिक्षा संघ की ओर से संस्थापक अध्यक्ष श्री जवाहरभाई मोतीलाल शाह ने कहा कि पाठशाला बच्चों के जीवन को संवारने का सर्वोत्तम उपाय है। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष श्री जवाहरभाई मोतीलाल शाह, अध्यक्ष श्री सुरेशभाई देवचंद संघवी, उपाध्यक्ष श्री संजयभाई जीवनलाल शाह, ट्रस्टी श्री अशोक नरसिंह चरला, मंत्री श्री किरीटभाई फोफानी, महिला विभाग की उपाध्यक्ष श्रीमती अल्पाबेन संजयभाई शाह और श्री कुंथुनाथ पाठशाला के बच्चे उपस्थित थे। जिनागम और जिनबिंब। जिनागम यानी श्रुतज्ञान, जो पाठशाला से ही मिल सकता है। पाठशाला बच्चों के जीवन को आकार देने का सबसे अच्छा तरीका है। वहां उनको सम्यक ज्ञान, गणघर रचित सूत्रों, और शास्त्रों का ज्ञान दिया जाता है। जो बच्चे पाठशाला जाते हैं उनका भविष्य उज्ज्वल हो जाता है साथ में उनके मां-बाप का भी भविष्य सुरक्षित रहता है।



# खिड़कियों में लगे कांच सफाई के टिप्स

अगर आपके घर की खिड़कियों में लगे कांच या कोई और कांच गंदे और धूल से भरे दिख रहे हैं, तो परेशान न हों। कांच को साफ करना कभी-कभी मुश्किल लग सकता है, खासकर जब वे पुराने और धुंधले नजर आने लगें, लेकिन हम आपको बताएंगे बहुत ही सिंपल और काम के टिप्स, जो आपके कांच को झटपट चमका देंगे, वो भी बस 2 मिनट में। इन आसान उपायों से आपके कांच न केवल साफ हो जाएंगे बल्कि आपका घर भी ज्यादा साफ-सुथरा और खूबसूरत दिखेगा।



### सिरका और पानी का मिश्रण

कांच की सफाई के लिए, एक स्प्रे बोतल में सिरका और पानी को समान मात्रा में मिला लें। इस साधारण सफाई समाधान को गंदे कांच पर छिड़कें। उसके बाद, एक साफ माइक्रोफाइबर कपड़े की मदद से हल्के हाथों से पोंछ दें। यह आसान तरीका कांच को बिना किसी खरोंच के साफ कर देती है, जिससे वह फिर से चमकने लगता है।

### न्यूज़पेपर का प्रयोग

कांच को चमकाने के लिए सिरका और पानी का मिश्रण बनाकर उससे कांच साफ करें। इसके बाद, एक पुराने अखबार का टुकड़ा लेकर कांच पर अच्छे से रगड़ें। ये तरीका कांच को बहुत चमकदार बना देता है।। बस, इतना करने से ही आपके कांच फिर से नए जैसे चमकने लगेंगे।

### बेकिंग सोडा का उपयोग

कठिन दागों को हटाने के लिए, बेकिंग सोडा और थोड़े पानी से एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को दाग वाले स्थान पर लगाएं और उसे कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। यह पेस्ट दाग को सोख लेगा। कुछ समय बाद, एक साफ कपड़े से इसे अच्छी तरह साफ कर दें। यह तरीका दागों को आसानी से हटा देगा और आपके कांच को फिर से नई जैसी चमक देगा।

# दूध को फटने से बचाने के ट्रिक्स



गर्मियों में दूध फटना एक आम समस्या है,जो कई घरों में देखी जाती है। यह न केवल दूध की बर्बादी का कारण बनता है,बल्कि कई बार खाने-पीने की अन्य तैयारियों में भी बाधा डालता है, लेकिन कुछ आसान उपायों को अपनाकर आप इस समस्या का समाधान कर सकते हैं।

**1.ठंडा करने का तरीका:** दूध को उबालने के बाद तुरंत ठंडे स्थान पर रखें। आप दूध के बर्तन को पानी से भरे बड़े बर्तन में रख सकते हैं ताकि दूध जल्दी ठंडा हो जाए।

**2.खाने का सोडा:** दूध में थोड़ा सा खाने का सोडा मिलाने से भी दूध फटने की संभावना कम हो जाती है। इसे बहुत कम मात्रा में इस्तेमाल करें।

**3.फ्रिज में रखें:** गर्मी के दिनों में दूध को जल्दी फ्रिज में रख दें और बाहर निकालने के बाद तुरंत उपयोग करें। यह दूध को ज्यादा देर तक ताजा रखेगा।

# आमने सामने होंगे गुजरात - बेंगलुरु

**बेंगलुरु।** IPL 2025 के 14वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। ये मुकाबला RCB के होमग्राउंड एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में RCB ने इस सीजन शानदार शुरुआत की है। बेंगलुरु ने अब तक दो मैच खेले हैं और दोनों ही में उन्हें जीत मिली है।आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर आईपीएल के 18वें सीजन की शानदार शुरुआत की है। गुजरात टाइटंस की बात करें तो उनके लिए यह सीजन वैसा नहीं रहा है जैसी उम्मीद की जा रही थी। गुजरात टाइटंस ने सीजन का पहला मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेला था, वहां उन्हें 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अपने दूसरे मुकाबले में शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ने मुंबई इंडियंस को 36 रनों से मात दी थी।



## विनिंग स्ट्रीक को बरकरार रखने के लिए दोनों टीमों में हेड टू हेड

ऐसे में अब दोनों टीमों की कोशिश यही रहेगी कि वो इस मुकाबले को जीतकर अपने विनिंग स्ट्रीक को बरकरार रखे इन दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात वहां RCB का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आ रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस की टीमें आईपीएल के इतिहास में पांच बार आमने-सामने हुई हैं। जिसमें से RCB ने 3 मैच जीते हैं, जबकि दो मुकाबलों में GT ने बाजी मारी है। पिछले सीजन दोनों टीमें दो बार आमने-सामने हुई थी, जहां दोनों मौकों पर RCB को जीत नसीब हुई थी। IPL 2024 में RCB और गुजरात के बीच पहला मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया था, जिसे बेंगलुरु ने 9 विकेट से जीता था। वहीं एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए दूसरे मैच में RCB ने GT को 4 विकेट से मात दी थी। अब देखना ये दिलचस्प होगा कि वो इस मुकाबले में कौन बाजी मारता है।

**RCB ने 3 मैच जीते हैं, जबकि दो मुकाबलों में GT ने बाजी मारी**

### दोनों टीमों का स्क्वॉड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

विराट कोहली, रजत पाटीदार, यश दयाल, लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, जोश हेजलवुड, रसिख डार सलाम, सुयश शर्मा, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल , देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड।

**गुजरात टाइटंस**

शुभमन गिल, राशिद खान, साईं सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, जोस बटलर, मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, वॉशिंगटन सुंदर, शेरफेन रदरफोर्ड, गेराल्ड कोएत्जे, आर साई किशोर, महिपाल लोमरोर, गुरनूर सिंह बरार, मोहम्मद अरशद खान, इशांत शर्मा, कुमार कुशाग्र, मानव सुथार, अनुज रावत, मानव सिंधु, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजूरलिया।

# हार के बाद फूटा कप्तान अजिंक्य रहाणे का गुस्सा

## खिलाड़ियों पर फोड़ा ठीकरा

**आईपीएल में यह मुंबई की केकेआर पर 24वीं जीत**

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आठ विकेट से हराकर जीत का खाता खोल लिया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह उनकी लगातार दो मैचों में हार के बाद पहली जीत है। वहीं, केकेआर को तीन मैचों दूसरी बार शिकस्त मिली है। शनिवार को मुकाबले की समाप्ति के बाद केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस मैच में मिली हार पर बात की। उन्होंने इसके लिए बल्लेबाजी क्रम को दोषी ठहराया। कप्तान रहाणे ने कहा- सामूहिक रूप से बल्लेबाज नाकाम रहे। यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था और इस पर 180-190 रन बनने चाहिए थे। कई बार जब आप उछाल का सामना कर रहे होते हैं तो उसका उपयोग करना होता है। हमें तेजी से सीखना होगा। गेंदबाजों ने काफी कोशिश की लेकिन हम रन ही नहीं बना सके थे।



हमारे विकेट गिरते रहे। पावरप्ले में चार विकेट गंवाने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है। अश्विनी कुमार की घातक गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 116 रन के स्कोर पर रोका। यह इस सत्र का पहला सबसे न्यूनतम स्कोर है। केकेआर आईपीएल में 10वीं बार 120 से कम के स्कोर पर ऑलआउट हुई। कोलकाता के बल्लेबाजों ने लचर प्रदर्शन किया। पावरप्ले में ही टीम 41 के स्कोर पर चार विकेट खो दिए थे। उनके लिए अंगकृष रघुवंशी ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 11, रिंकू सिंह ने 17, मनीष पांडे ने 19 और रमनदीप सिंह ने 22 रन बनाए। वहीं, पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। मुंबई के लिए दीपक चार ने दो विकेट झटके जबकि ट्रेंट बोल्ट, हार्दिक पांड्या, विग्नेश पुथुर और मिचेल सेंटनर को एक-एक सफलता मिली। आईपीएल में यह मुंबई की केकेआर पर 24वीं जीत है। वहीं, वानखेड़े स्टेडियम पर एमाई ने 10वीं बार कोलकाता को मात दी है। 43 गेंदों के शेष रहते मुंबई ने जीत हासिल कर अंक तालिका में बड़ा उलटफेर कर दिया है।

**आज का मैच**

TATA IPL

बेंगलुरु VS गुजरात

शाम 7.30 बजे

# वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम में बड़े बदलाव, ब्रैथवेट ने टेस्ट कप्तानी छोड़ी



**एंटीगुआ।** क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड ने एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में जहां शाई होप को टी-20 प्रारूप की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को टीम के कप्तान को लेकर बदलाव की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए ब्रैथवेट के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं की है। एकदिवसीय कप्तान शाई होप को टी-20 टीम की जिम्मेदारी दी गई है। वह रोवमैन पॉवेल की जगह लेंगे। ब्रैथवेट को 2021 में टेस्ट कप्तान बनाया गया था। उनके नेतृत्व में वेस्टइंडीज ने 2024 में 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। गाबा में एक यादगार जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में ब्रैथवेट ने वेस्टइंडीज को पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत दिलाकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023/25 अभियान का समापन किया। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि पिछले 18 महीनों में एकदिवसीय मैचों में शाई होप की सफलता को देखते हुए उन्हें टी-20 का कप्तान बनाना वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए एक अच्छे बदलाव का संकेत हैं।

# अर्शदीप को उम्मीद : अय्यर की कप्तानी में IPL खिताब जीतने में सफल होगी पंजाब किंग्स

**लखनऊ।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलोचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। पिछले कुछ वर्षों में अपनी गेंदबाजी की विकास के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'मेरा प्रदर्शन अच्छा हो या खराब मेरे लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं हर मैच में अपने खेल में एक से डेढ़ प्रतिशत तक का सुधार करूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया में सबसे बड़ी गुंजाइश सुधार की है।' श्रेयस अय्यर इस सत्र में पंजाब किंग्स की कमान संभाल रहे है और अर्शदीप को उम्मीद है कि टीम इस सत्र में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने में सफल होगी।



## मैंने पहले भी अय्यर की कप्तानी में खेला है

श्रेयस के साथ अपने रिश्ते और नए कप्तान के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने कहा, 'मैंने दलीप ट्रॉफी में पहले भी अय्यर की कप्तानी में खेला है। मैंने इसका वास्तव में इसका लुत्फ उठाया है। उन्होंने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया और उन्हें अपने मुताबिक खेलने की छूट दी है।' उन्होंने कहा, 'उनका दृष्टिकोण ऐसा ही रहता है। वह खिलाड़ी को सख्त निर्देश देने की जगह अपने कौशल पर भरोसा करने और टीम के लिए खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।' अर्शदीप ने कहा, 'वह निस्वार्थ दृष्टिकोण के साथ खिलाड़ियों को पूरा समर्थन देते हैं। मैं वास्तव में इस मानसिकता की प्रशंसा करता हूं और खिलाड़ियों के तौर पर लगातार दो IPL खिताब जीतने में हम उनकी पूरी मदद करेंगे।' अर्शदीप ने अब तक आईपीएल में 66 मैचों में 78 विकेट लिए हैं और भारत के लिए 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 99 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब हालात कठिन होते हैं तो वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, 'जब टीम दबाव में होती है तब मैं रन लेकर या विकेट चटकाकर अपने खेल के स्तर को ऊंचा करने की कोशिश करता हूं। जब महत्वपूर्ण क्षणों में मुझे गेंद दी जाती हैं तो यह जानकर अच्छा लगता है कि वे मुझ पर भरोसा करते हैं। मैं अतिरिक्त जिम्मेदारी का लुत्फ उठाता हूं।'

# अश्विनी की गेंद समझ से परे

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के अपने पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने टीम के साथी अश्विनी कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी गेंद 'लोग जितना समझते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज गति से आती है।' पंजाब के वामहस्त तेज गेंदबाज ने सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के खिलाफ तीन ओवर में 24 रन पर चार विकेट लेकर स्वप्निल पदार्पण किया। उनकी शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने KKR को 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट करने के बाद 8 विकेट से आसान जीत दर्ज की। सत्र की पहली जीत के साथ ही मुंबई की टीम तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। रिकेल्टन ने वानखेड़े स्टेडियम में मैच के बाद मीडिया से कहा, 'उसकी गेंदबाजी लोग जितना समझते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं। यह उनकी एक बड़ी खूबी है। वह नई गेंद को स्विंग करने में सक्षम है।' दक्षिण अफ्रीका के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'आप जितना सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं और उसकी गेंद थोड़ी नीचे भी रहती है। वह निश्चित रूप से इस टीम में बेहतरीन खिलाड़ी हैं और यहां की पिच उसके अनुकूल है।' रिकेलटन ने कहा, 'मैं उसे नई गेंद से गेंदबाजी करते देखना चाहता हूं ताकि वह अपने अन्य कौशल दिखा सके।

## रमनदीप सिंह ने भी अश्विनी को 'प्रतिभाशाली क्रिकेटर' करार दिया

वह मुंबई इंडियंस के लिए एक अच्छी खोज हैं और मैं वास्तव में यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि वह कैसा प्रदर्शन करता है।' केकेआर के रमनदीप सिंह ने भी अश्विनी को 'प्रतिभाशाली क्रिकेटर' करार दिया। पंजाब के रमनदीप और अश्विनी एक ही अकादमी में प्रशिक्षण लेते हैं। उन्होंने कहा, 'अश्विनी बहुत प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं, वह पंजाब से हैं। आईपीएल की पहचान नए क्रिकेटरों को प्रतिभा दिखाने का मौका देने का है और आप उनकी प्रतिभा देख सकते हैं।' रिकेलटन ने कहा कि उनके लिए मुंबई इंडियंस के लिए पहला अर्धशतक बनाना बहुत बड़ी राहत थी। इस खब्बू विकेटकीपर बल्लेबाज ने 41 गेंदों पर पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए जिससे मुंबई ने 43 गेंद शेष रहते ही आसान जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत बड़ी राहत थी। पहले दो मैच मुश्किल पिचों पर थे। मुंबई में यहां स्पेंसर (जॉनसन) ने मुझे थोड़ा परेशान किया। उस चुनौती से निपट कर स्कोर करना वाकई बहुत खुशी की बात है। सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि टीम को इस जीत से दो अंक मिले।' रिकेलटन ने इससे पहले एसए20 प्रतियोगिता में इसी फ्रेंचाइजी की टीम एमआई केप टाउन का प्रतिनिधित्व किया है।



# विराट कोहली ने अगले विश्व कप के लिए उपलब्धता पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** भारत के चैम्पियंस ट्रॉफी जीत के बाद से ही जो एक सवाल खड़ा हो रहा था वह यह कि क्या अब रोहित शर्मा और विराट कोहली एक साथ मैदान में दिखाई देंगे। इस पर अब भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि वह जल्द ही संन्यास लेने की योजना नहीं बना रहे हैं, और अब उन्होंने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को आश्वस्त किया है कि वह संन्यास लेने से पहले एक और ICC खिताब जीतना चाहते हैं। मुंबई में एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान जब मेजबान ने पूछा कि अगले बड़े कदम के बारे में कोई संकेत है? कोहली ने कहा, 'अगला बड़ा कदम। मुझे नहीं पता, लेकिन शायद अगला विश्व कप जीतने की कोशिश करूं।' 36 वर्षीय खिलाड़ी के इस जवाब का स्वागत भीड़ ने तालियों से किया। विराट कोहली 2023 वनडे विश्व कप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, लेकिन ये प्रयास बेकार गए क्योंकि टीम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार गई।



## न्यूजीलैंड को लगा झटका

# मार्क चैपमैन पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे से बाहर



**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्क चैपमैन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह टिम सीफर्ट् को टीम में शामिल किया गया है। चैपमैन ने नेपियर में सीरीज के पहले मैच में शानदार शतक बनाकर अपनी टीम को 73 रनो से जीत दिलाई थी। लेकिन क्षेत्ररक्षरण के दौरान चैपमैन ने मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत की और बाद किये स्कैन में प्रभावित क्षेत्र में ग्रेड वन टियर का पता चला। चैपमैन अपने स्वास्थलाभ की शुरुआत करने के लिए ऑकलैंड लौटेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि माकर् शनिवार को माउंट माउंगानुई में सीरीज के तीसरे मैच के लिए समय पर वापस लौट आएंगे। स्टीड ने कहा, 'नेपियर में पहले एकदिवसीय में एक बहुत ही खास पारी खेलने के बाद यह माकर् के लिए निश्चित रूप से निराशाजनक खबर है। उनकी हैमस्ट्रिंग की चोट मामूली है, इसलिए हमें उम्मीद है कि मार्क अपना पुनर्वास पूरा कर पाएंगे और माउंट में गर्मियों के अंतिम मैच के लिए उपलब्ध होंगे।' उन्होंने कहा, 'इस टीम में कई नए चेहरे होने के कारण अनुभव वाले टिम को मौका मिलना शानदार है। एक बेहतरीन टी-20 सीरीज के बाद वह अच्छी फॉर्म में हैं और कल होने वाले अहम मैच से पहले वह शीर्ष क्रम में एक और मजबूत बल्लेबाजी विकल्प प्रदान करते हैं।'

# 'रोहित का सपना वनडे विश्व कप जीतना, वह इंग्लैंड जाकर भी खेले'

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के लिए आगामी टेस्ट दौरा खेलना मुश्किल लग रहा है। माना जा रहा है कि वह इंग्लैंड दौरे पर खुद ही नहीं जाएंगे। इंग्लैंड दौरे पर भारत ने 20 जून से 4 अगस्त तक 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने है। इसी बीच रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड का कहना है कि रोहित को पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्हें इंग्लैंड जाकर कप्तानी करनी चाहिए। उन्होंने पिछले दौरे पर वहां शतक बनाया था। वहां की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी।

दिनेश लाड ने इसी दौरान रोहित के सफर और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की। कोच ने कहा कि रोहित 12 साल की उम्र में उनके पास एक गेंदबाज के रूप में आए थे, लेकिन उन्हें बल्लेबाज बनाना और अब भारत को टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जिताते देखना बेहद सुखद अनुभव रहा है।



## अंतिम सपना वनडे विश्व कप उठाना : कोच

कोच ने रोहित के सबसे बड़े सपने का जिक्र करते हुए कहा कि उनका अंतिम सपना वनडे विश्व कप उठाना है, जो 2023 में हम चूक गए। मेरा मानना है कि उन्हें अगले वनडे विश्व कप तक खेलना चाहिए और इसे जीतकर अपना और देश का सपना पूरा करना चाहिए। रोहित की तकनीक और अनुभव की तारीफ करते हुए कोच ने कहा कि रोहित एक अलग तरह का खिलाड़ी है। वह तकनीकी रूप से मजबूत है और उसके पास अनुभव का खजाना है। पिछली इंग्लैंड यात्रा में उन्होंने शतक जड़ा था। मेरी राय में, उसे इंग्लैंड जाना चाहिए, अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए और टीम का नेतृत्व अच्छे से करना चाहिए। बता दें कि 2024 में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की मेजबानी की थी। भारत ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से जीती थी। इंग्लैंड ने सीरीज का सिर्फ पहला मैच जीता था और वह भी 28 रन के मामूली अंतर से। युवा यशस्वी जायसवाल ने उस सीरीज के दौरान 712 रन बनाए थे। रोहित ने भी सीरीज में एक शतक सहित 400 रन बनाए थे। बीते दिनों रिकी पोंटिंग ने भी रोहित के करियर पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि जब आप अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंचने लगते हैं, तो हर कोई आपके रिटायर होने का इंतजार कर रहा होता है। और मुझे नहीं पता कि क्यों, जब आप अभी भी उतना ही अच्छा खेल सकते हैं जितना उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में) खेला है, तो मुझे लगता है कि वह बस उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। और कह रहे थे कि मैं अभी भी काफी अच्छा खेल रहा हूं।



## फीडे महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप

# जू वेनजुन को टक्कर देंगी तान झोंगयी

**शंघाई।** शतरंज की दुनिया में महिलाओं के सबसे प्रतिष्ठित खिताब महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन इस बार चीन के दो प्रमुख शहरों – शंघाई और चोंगकिंग – में किया जाएगा। मौजूदा विश्व चैम्पियन जू वेनजुन और चीन की ही चैलेंजर तान झोंगयी के बीच यह बहुप्रतीक्षित मुक़ाबला 1 से 23 अप्रैल 2025 के बीच खेला जाएगा। यह चैंपियनशिप 12 मुकाबलों की एक क्लासिकल सीरीज के रूप में होगी। जो खिलाड़ी पहले 6.5 अंक प्राप्त करेगा, उसे विजेता घोषित किया जाएगा। यदि स्कोर 6-6 पर बराबर रहता है, तो रैपिड और आवश्यकता पड़ने पर ब्लिट्ज टाईब्रेक के माध्यम से विजेता तय किया जाएगा। प्रत्येक खिलाड़ी को 40 चालों के लिए 90 मिनट, फिर बाकी गेम के लिए 30 मिनट मिलेंगे। साथ ही पहली चाल से ही हर चाल पर 30 सेकंड की वृद्धि भी होगी। जू वेनजुन मौजूदा महिला विश्व शतरंज चैंपियन हैं। उन्होंने 2018 में पहली बार तान झोंगयी को हराकर विश्व खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने 2018 में नॉकआउट टूर्नामेंट, 2020 में गोर्याचकिना, और 2023 में लेई टिंगजी के खिलाफ अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया।

# अजमतुल्लाह उमरजई है अय्यर के मुरीद

**नई दिल्ली :** अफगानिस्तान के युवा क्रिकेटर अजमतुल्लाह उमरजई ने भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की जमकर तारीफ की है। उमरजई ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि इस सीजन में श्रेयस के साथ उनकी बातचीत काफी अच्छी रही है। उन्होंने कहा कि श्रेयस एक शांत और कूल इंसान हैं। उनके साथ वक्त बिताना मुझे पसंद है। उमरजई ने पिछले सीजन में शुभमन गिल के साथ खेल पर चर्चा करने की बात कही, लेकिन इस बार श्रेयस से टी20 फॉर्मेट में तेज गेंदबाजों को खेलने की सलाह ली। उन्होंने बताया कि मैंने श्रेयस से पूछा कि टी20 में तेज गेंदबाजों को कैसे खेला जाए। उन्होंने कहा कि हमें उनकी रफ्तार का इस्तेमाल करना चाहिए। यहां गेंद तेजी से ट्रैवल करती है, आपको रन मिल जाएंगे। जबरदस्ती शॉट खेलने की कोशिश न करें। उमरजई ने श्रेयस के अनुभव की भी सराहना की और कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत क्रिकेट खेला है। उन्हें तेज गेंदबाजी को खेलने की अच्छी समझ है। चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के खिलाफ़ उमरजई का खेल शानदार रहा था। उन्होंने 31 गेंदों में 41 रन बनाए और गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट भी लिए।



## लाइन और लेंथ को भी बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा

जिससे उनकी टीम को शानदार जीत मिली। खुद को बैटिंग ऑलराउंडर मानने वाले उमरजई के लिए जोस बटलर जैसे बल्लेबाज को आउट करना बड़ी बात थी। उमरजई ने इस पर कहा कि यह वनडे में अब तक का मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वनडे में आपको जमने के लिए अधिक समय मिलता है और आप लंबे समय तक खेल सकते हैं और मैदान पर अतिरिक्त समय ले सकते हैं। पिछले सीजन में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलने वाले उमरजई ने कहा कि इस बार आईपीएल में मुझे अपनी स्ट्राइक रेट में सुधार करना होगा और अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए लंबी पारियों पर काम करना होगा। इसी तरह वह 140 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से लगातार गेंदबाजी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अब तेज हो गया है। अगर आपके पास 1-2 कौशल हैं, तो दूसरे आपको समझ लेंगे। इसलिए, आपको हर बार सीखना और सुधार करना होगा। मैं अपनी लाइन और लेंथ को भी बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा। मैं 140 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने के लिए अपनी गति पर काम करूंगा। मैं अपनी टीम के साथ एक उचित तेज गेंदबाज के रूप में खेलना चाहता हूं।



# त्रिविक्रम की फिल्म में काल्पनिक किरदार में नजर आएंगे अल्लू अर्जुन



'पुष्पा राज' फेम अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी कई आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में खबर आई थी कि अल्लू 'जवान' के निर्देशक एटली के साथ फिल्म करने वाले हैं, वहीं अब यह चर्चा जोरो पर है कि अल्लू निर्देशक त्रिविक्रम के साथ भी एक पौराणिक फिल्म कर सकते हैं।

**कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग:** 123 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, 'पुष्पा 2 : द रूल' की सफलता के बाद अल्लू अर्जुन निर्देशक त्रिविक्रम के साथ अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर काम कर रहे हैं। नागा वामसी ने पुष्टि की है कि इस आगामी प्रोजेक्ट की शूटिंग अक्तूबर 2025 में शुरू होगी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि यह फिल्म भारतीय पौराणिक कथाओं के एक काल्पनिक किरदार पर आधारित होगी, जिसे अल्लू निभाएंगे।

**फिल्म में कैसा होगा अल्लू का किरदार :** वहीं फिल्म में यह अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि इसमें अल्लू भगवान कुमारस्वामी का किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक निर्माताओं की ओर से इस फिल्म के बारे में कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बहरहाल, फिल्म की पूरी कास्ट के बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इतना तय है कि इस फिल्म को नागा वामसी और फॉर्च्यून फोर सिनेमा साथ मिलकर बनाएंगे।

**अल्लू अर्जुन का करियर :** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा द रूल' 4 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई थी। यह अल्लू के करियर की ब्लॉकबस्टर फिल्म रही। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई कर कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े।

# वाणी कपूर से फ्लर्ट करते दिखे फवाद खान, जानें कब रिलीज होगी फिल्म?

वाणी कपूर और फवाद खान अभिनीत फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। बारिश के मौसम में दोनों का रोमांटिक अंदाज आया सामने। टीजर देख फैंस में फिल्म को लेकर बढ़ी बेसब्री। आइए जानते हैं इसके टीजर रिलीज के बारे में।

**फवाद ने वाणी के लिए गाया गाना**

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942 : अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं।

**अबीर गुलाल के बार में**

आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो लंदन में एक प्रेम कहानी को दर्शाती है। यह दर्शकों के लिए सिनेमाघरों में इसी साल 9 मई को रिलीज की जाएगी।

**एक नजर फवाद खान के बार में**

फवाद अफजल खान एक पाकिस्तानी अभिनेता हैं, जो 'ऐ दिल है मुश्किल' फिल्म में नजर आ चुके हैं। साल 2016 में दोनों देशों के बीच कुछ विवादों के कारण यह हिंदी सिनेमा से दूर रहे, लेकिन अब



अभिनेता नौ साल बाद फिर से वापसी कर रहे हैं। अभिनेता फवाद इससे पहले कई फिल्मों और सीरीज में नजर आ चुके हैं।

# अवनीत कौर ने पैंट के बटन खोलकर दिए बोल्ड पोज

**एक्ट्रेस अवनीत कौर ने टीवी से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा है. इसके साथ ही उनका बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहता है. अवनीत कौर अक्सर अपने बोल्ड फोटोज शेयर कर अपने तमाम चाहने वाले फैंस को आकर्षित करती हैं. अब उन्होंने एक बार फिर ग्लैमरस फोटोशूट करवाया है और इसकी झलक दिखाई है. अवनीत कौर की नई तस्वीरों को देखकर फैंस आहें भरने पर मजबूर हैं. उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोग कमेंट कर रहे हैं.**

अवनीत कौर का सोशल मीडिया पर बोल्डनेस का अलग ही लेवल देखने को मिलता है. 23 साल की एक्ट्रेस अक्सर अपने अंदाज से लोगों को दीवाना बनाती है. अवनीत कौर की इंस्टाग्राम पर करोड़ों में फैन फॉलोइंग है. वह जैसे ही तस्वीरें शेयर करती हैं कि उनके तमाम चाहने वाले फैंस देखने के लिए उतावले हो जाते हैं. अवनीत कौर ने एक बार फिर ग्लैमरस फोटोशूट करवाया है और ध्यान खींचा है. उन्होंने अपने टॉप को ऊपर खिसकाया तो पैंट के बटन खोल दिए. अवनीत कौर का हद से ज्यादा बोल्ड अंदाज देखकर उनके फैंस आहें भर रहे हैं. इसके साथ ही अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस को लेकर कमेंट भी कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा है, 'मैडम आप तो गर्मी बढ़ा रही हैं.' एक फैन ने लिखा है, 'हद से ज्यादा खूबसूरत.' एक फैन ने लिखा है, 'हाय गर्मी.' अवनीत कौर की बोल्डनेस को उनके फैंस तो पसंद करते हैं और उनकी तारीफ करते हैं. वहीं, सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल करते हैं. अवनीत ने काफी कम उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी.



# हॉस्पिटल से बाहर निकले धर्मेंद्र, पपराजी ने पूछा- ठीक हैं?




दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र जब हॉस्पिटल से बाहर निकले तब उनकी दाहिनी आंख पर पट्टी बंधी दिखी। ऐसे में हॉस्पिटल के बाहर खड़े पपराजी ने एक्टर से पूछा कि वह कैसे हैं। धर्मेंद्र ने पपराजी के सवाल का जवाब देते हुए अपना हेल्थ अपडेट शेयर किया। एक्टर ने बताया कि वह ठीक हैं। धर्मेंद्र ने पपराजी से कहा, "अभी भी बहुत दम है, बहुत जान रखता हूं... मेरी आंखों में ग्राफ्ट हुआ है। अभी चलता हूं, ठीक है? मैं दर्शकों से प्यार करता हूं। मेरे दोस्तों, मेरे प्रशंसकों से प्यार करता हूं। मैं बहुत स्ट्रॉन्ग हूं।"धर्मेंद्र का वीडियो देख उनके फैंस परेशान हो गए हैं। एक ने वीडियो पर कमेंट कर लिखा, "आपको क्या हुआ, धरमजी? अपना ख्याल रखिए प्लीज।" दूसरे ने लिखा, "भगवान आपका भला करे। आप जल्दी ठीक हो जाएंगे।" तीसरे ने लिखा "आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"धर्मेंद्र ने कहा कि उनकी आंखों में ग्राफ्ट हुआ है। आई ग्राफ्ट को कॉर्नियल ट्रांसप्लांटेशन या केराटोप्लास्टी के नाम से भी जाना जाता है। ये एक तरह की आई सर्जरी है जिसकी मदद से खराब कॉर्निया को दूसरे कॉर्निया से बदला जाता है ताकि व्यक्ति अपनी आंखों से चीजें अच्छे से देख सके।

# 'द सीक्रेट ऑफ देवकाली' का ट्रेलर रिलीज



महेश मांजरेकर, संजय मिश्रा, ज़रीना वहाब, प्रशांत नारायणन, नीरज चौहान और भूमिका गुरुंग मल्होत्रा स्टारर फिल्म द सीक्रेट ऑफ देवकाली का ट्रेलर आउट हो गया है. रहस्यमयी विजुअल्स, डरावनी आवाजे और उम्दा स्पेशल इफ़ेक्ट से साथ यह ट्रेलर काफी रहस्यमयी लग रहा है। फ़िल्म सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को प्रदर्शन के लिए तैयार है, ऐसे मे इसके दिलचस्प ट्रेलर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता और बढ़ा दी है. ट्रेलर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है 'अब आसमान काला होगा, खून की बारिश होगी, न कोई उसूल होंगे, न कोई नियम, वो साम्राज्य को अपने तरीके से चलाएगा.' फिल्म में किरदारों के लुक बेहद रा हैं और एकदम अलग क्शन देखने को मिलने वाला है क्या रोमांचक ट्रेलर है, यह फ़िल्म के प्रति उत्साह बढ़ाता हैं । अभिनेता निर्देशक नीरज चौहान का कहना है कि फ़िल्म द सीक्रेट ऑफ देवकाली के ट्रेलर को ऑडिएंस द्वारा जो रिएक्शन मिल रहे हैं वो हमारे लिए हौसला बढ़ाने वाले हैं. प्रकृति से खिलवाड़ और छेड़छाड़ का अंजाम हमेशा बुरा होता है, फिल्म इसी संदेश को मजबूती के साथ पेश करती है. देवकाली गांव में मान्यता रही है कि जब भी कोई मासूम जीव को टॉर्चर करता है, माता स्वयं एक सुपर पॉवर के रूप मे प्रकट होती है और दुष्टों का नाश करती है। जब अत्याचार सीमा लांघ जाता है तो माधव के रूप में देवी जन्म लेती है और फिर शुरू होता है दुष्टों को खत्म करने का सिलसिला।

# 'गुरु' का कायाकल्प बनेगा शो की सबसे बड़ी झलक



कहानी कहने की असली कला किरदारों के बदलाव में ही छिपी होती है, और चमक : द कॉन्क्लूजन इस बात को पूरी तरह साबित करता है। जल्द ही स्ट्रीम होने जा रही इस म्यूजिकल थ्रिलर सीरीज़ में सबसे अधिक ध्यान खींच रहा है मोहित मलिक का किरदार – 'गुरु', जिसका पहला सीज़न से दूसरे सीज़न तक का सफर न सिर्फ किरदार का विकास दिखाता है, बल्कि अभिनय का एक बेहतरीन उदाहरण भी पेश करता है।

अपने किरदार को लेकर मोहित मलिक कहते हैं, "सीज़न वन में गुरु एक संवेदनशील और खुद को स्वीकार किए जाने की तलाश में था, इसलिए मेरा लुक भी हल्का-फुल्का और घुंघराले बालों वाला था। लेकिन सीज़न टू में वही किरदार ज्यादा परिपक्व, मजबूत और अपने इरादों को लेकर स्पष्ट नजर आता है। उसका लुक भी तेज़ और आत्मविश्वासी दिखता है। अब वह 'तीजा सुर' को आगे बढ़ाना चाहता है और एक बेटा होने के नाते अपने पिता के व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की चाह रखता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है और वह अपने परिवार का रक्षक बनता है, उसका लुक और रवैया और भी गंभीर और सख्त होता जाता है। वह अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। यह सिर्फ उसके लुक का नहीं, बल्कि पूरे किरदार का कायाकल्प है।"

# 'जाट' का पहला गाना 'टच किया' का प्रोमो आउट

## उर्वशी के जबर्दस्त अंदाज पर फैंस की प्रतिक्रिया



**सनी देओल अभिनित फिल्म 'जाट' का पहला गाना 'टच किया' का प्रोमो रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे। वहीं अब फिल्म में उर्वशी रौतेला का किलर लुक सामने आया है, जिसने फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।**

**जाट के पहले गाने की झलक**

'जाट' का पहला गाना 'टच किया' के प्रोमो में उर्वशी रौतेला का दमदार डांस और एक्सप्रेशन नजर आ रहा है। इस गाने को एक घंटे के अंदर यूट्यूब पर अभी तक 78 हजार से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने से पहले उर्वशी रौतेला का 'डाबड़ी डिबड़ी' गाना काफी लोकप्रिय हुआ था।

**फैंस की प्रतिक्रिया**

'जाट' का पहला गाना 'टच किया' के प्रोमो रिलीज के बाद इस फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। उर्वशी के इस लुक और फिल्म के बारे में फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'एक और धमाका...यार ये फल्म है या 10 धमाके वाला राकेट...हर रोज एक नया धमाका...', एक और यूजर ने लिखा, 'मजा आ गया बॉस', सनी देओल के एक फैन ने लिखा, 'सुपर तबाही, जबर्दस्त सॉन्ग', एक और यूजर ने लिखा, 'हॉट है यह गाना', एक और यूजर ने लिखा, 'बॉलीवुड प्लस भोजपुरी का कॉम्बिनेशन है यह गाना।'

**फिल्म 'जाट'**

निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी की फिल्म 'जाट' को मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित किया जा रहा है। फिल्म में सनी देओल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा, प्रशांत बजाज, सैयामी खेर, रेजिना कैसेंड्रा और विनीत कुमार सिंह अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में रणदीप खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत थमन एस ने तैयार किया है। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।



# शिवगामी के लिए राम्या नहीं ये बॉलीवुड एक्ट्रेस थीं एसएस राजामौली की पहली पसंद

**बाहुबली फिल्म जो दर्शकों की पहली पसंद रही है, जो बेहतरीन फिल्मों में गिनी जाती है. इस फिल्म की कहानी, ग्राफिक्स के साथ-साथ फिल्म के किरदारों को लोगों ने खूब पसंद किया है. हालांकि, इस फिल्म के लिए राजमाता का रोल किसी और को अप्रोच किया गया था. जिनका नाम बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेसेज में शिमुार है. आइए जानते हैं, कौन हैं वो एक्ट्रेस और क्या है पूरा मामला?**

एस. एस. राजामौली की फिल्म बाहुबली ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी और इसके हर किरदार को लोगों ने खूब पसंद किया था. खासतौर पर राजमाता शिवगामी देवी का किरदार, जिसे राम्या कृष्णन ने निभाया था. दर्शकों के दिलों में बस गया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस रोल के लिए राजामौली की पहली पसंद राम्या नहीं, बल्कि बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा श्रीदेवी थीं?

राजामौली ने सबसे पहले यह किरदार श्रीदेवी को ऑफर किया था, लेकिन उन्होंने इसे करने से मना कर दिया था.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीदेवी की फीस और कुछ अन्य डिमांड्स फिल्म के बजट से ज्यादा थीं. कहा जाता है कि उन्होंने न सिर्फ मोटी रकम मांगी थी, बल्कि शूटिंग के दौरान लग्जरी सुविधाएं भी चाहती थीं. डायरेक्टर के लिए यह संभव नहीं था, इसलिए उन्होंने राम्या कृष्णन को अप्रोच किया. जब यह रोल राम्या कृष्णन को ऑफर किया गया, तो उन्होंने इसे तुरंत एक्सेप्ट कर लिया. फिल्म रिलीज होते ही उनके दमदार अभिनय ने दर्शकों को इंप्रेस किया और यह किरदार उनकी पहचान बन गया. बाहुबली में उनका रौबदार अंदाज और दमदार डायलॉग डिलीवरी आज भी लोगों को याद है. अगर श्रीदेवी यह रोल करतीं, तो शायद फिल्म का लुक थोड़ा अलग होता, लेकिन राम्या ने इसे जिस तरह निभाया, उसे देखकर कहना मुश्किल है कि कोई और एक्ट्रेस इसे इतने बेहतरीन तरीके से कर पाती.



# 3 दिन में ही सिमट गया सिकंदर का साम्राज्य

## थिएटर्स में कैंसिल हुए सलमान की फिल्म के शो?

सलमान खान की 'सिकंदर' साल 2025 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक थी। हालांकि, ईद के मौके पर रिलीज होने के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई। 26 करोड़ की ओपनिंग लेने वाली इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। फिल्म के मिले-जुले रिव्यूज़ पढ़ने के बाद दर्शकों की उत्सुकता में कमी देखी जा रही है। जहां कुछ जगहों पर 'सिकंदर' की डिमांड बढ़ रही है, वहीं कुछ थिएटर्स में इसकी डिमांड घटती जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ जगहों पर फिल्म के कई शोज कैंसिल भी किए जा रहे हैं।

**कैंसिल हो रहे 'सिकंदर' के शोज?**

मुंबई के कई थिएटर्स में 'सिकंदर' के शोज कैंसिल नहीं हुए हैं। खासकर जी7 मल्टीप्लेक्स गेयटी गैलेक्सी में फिल्म के शोज बढ़ाए गए हैं। हालांकि, सूरत, अहमदाबाद, भोपाल और इंदौर जैसे शहरों में कुछ शो रिप्लेस कर दिए गए हैं।



**'सिकंदर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने दूसरे दिन तक 29 करोड़ की कमाई कर ली है (यह आंकड़ा अभी फाइनल नहीं है)। पहले दिन फिल्म ने वर्ल्डवाइड 46 करोड़ का कलेक्शन किया। दूसरे दिन फिल्म का कुल कलेक्शन 105.89 करोड़ तक पहुंच गया। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने यह आंकड़े अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए हैं।